बालाघाट म.प्र. से प्रकाशित एवं बालाघाट, सिवनी (म.प्र.) एवं गोंदिया भंडारा (महा.) मे एक साथ प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 01 जून 2026 | दिन - सोमवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 124 | मूल्य - 5 रुपये












## बांग्लादेश को 3-0 से हराकर भारत ग्रुप बी में शीर्ष पर, सेमीफाइनल में भूटान से मुकाबला..

**मडगांव, (भाषा)।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने रविवार को यहां सैफ महिला चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए बांग्लादेश को 3-0 से पराजित कर ग्रुप-बी में शीर्ष स्थान हासिल करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। 'ब्लू टाइग्रेस' के नाम से मशहूर भारतीय टीम की पिछले सात वर्षों में बांग्लादेश पर यह पहली जीत है। भारत को टूर्नामेंट के 2022 और 2024 सत्र में बांग्लादेश के खिलाफहार का सामना करना पड़ा था। भारत के लिए प्यारी खाखा ने 36वें मिनट में पहला गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद दूसरे हाफ में लिंडा कॉम सेर्तो ने 78वें मिनट और मालविका पी ने इंजरी टाइम (90+1 मिनट) में गोल दागकर भारत की प्रभावशाली जीत सुनिश्चित की। मालदीव पर पहले मुकाबले में 11-0 की बड़ी जीत दर्ज करने के बाद भारत ने दो मैचों में पूरे छह अंक हासिल किए और ग्रुप-बी में शीर्ष स्थान पर रहा। भारत अब तीन जून को होने वाले सेमीफाइनल में भूटान से भिड़ेगा। इसी दिन दूसरे सेमीफाइनल में बांग्लादेश का सामना नेपाल से होगा।

## महाराष्ट्र विधान परिषद चुनाव के लिये
## भाजपा ने नामांकन के अंतिम दौर में उम्मीदवारों की घोषणा की..

**मुंबई, (भाषा)।** *भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने महाराष्ट्र विधान परिषद की स्थानीय प्राधिकरण निर्वाचन क्षेत्रों की 16 सीटों में से 10 के लिए और नागपुर विधान परिषद चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने नागपुर स्थानीय प्राधिकरण क्षेत्र के उपचुनाव* के लिए डॉ. राजीव पोतदार को उम्मीदवार बनाया है। आगामी 18 जून को होने वाले चुनाव में भाजपा 11 सीटों पर, जबकि सहयोगी शिवसेना चार और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) दो सीटों पर चुनाव लड़ेगी। भाजपा ने वर्धा-चंद्रपुर-गढ़चिरौली से अरुण लखानी, भंडारा-गोंदिया से अविनाश ब्राह्मणकर, अमरावती से प्रवीण पोटे पाटिल, सांगली-सातारा से धैर्यशील कदम, सोलापुर से राजेंद्र राऊत और अहमदनगर (अहिल्यानगर) से हाल ही में भाजपा में शामिल हुए प्राजक्त तनपुरे को उम्मीदवार बनाया है। लखानी के बेटे की शादी राकांपा (शप) की सांसद और पार्टी नेता शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले की पुत्री रेवती से होने वाली है।

छत्रपति संभाजीनगर-जालना से सुहास शिरसाट, नांदेड़ से अमर राजूरकर, धाराशिव-लातूर-बीड से बसवराज पाटिल और जलगांव से नंदकिशोर महाजन को भी भाजपा का टिकट दिया गया है। नागपुर सीट मौजूदा सदस्य चंद्रशेखर बावनकुले के विधानसभा सदस्य चुने जाने के बाद रिक्त हुई थी।

## मशहूर गायिका सुमन कल्याणपुर का निधन



**मुंबई, (भाषा)।** हिंदी फिल्मों में 'ना ना करते प्यार तुम्ही से कर बैठे' और 'तुमने पुकारा हम चले आए' जैसे मशहूर गीतों को अपनी आवाज देने वालीं गायिका सुमन कल्याणपुर का रविवार शाम यहां उनके आवास पर निधन हो गया। वह 89 वर्ष की थीं।

मराठी में सुमन कल्याणपुर की जीवनी 'सुमन सुगंध' लिखने वाली मंगला खाडिलकर ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''सुमन जी ने उम्र संबंधी दिक्कतों के कारण लोखंडवाला स्थित अपने आवास पर रात करीब आठ बजे अंतिम सांस ली। वह शांति से दुनिया छोड़कर चली गईं। पिछले कुछ दिन से वह अपने गाने सुन रही थीं।''कल्याणपुर ने 1960 और 70 के दशक में अपनी सुरीली आवाज से लोकप्रियता बटोरी। उन्होंने हिंदी के अलावा मराठी, असमिया, कन्नड, बांग्ला, ओडिया और अन्य भाषाओं में भी गीत गाए। कई लोग उनकी आवाज की तुलना उस समय की दिग्गज गायिका लता मंगेशकर से करते थे, हालांकि सुमन कल्याणपुर खुद इस तरह की तुलना को हमेशा खारिज करती रहीं।

उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' को 2022 में दिए एक साक्षात्कार में लता मंगेशकर को अच्छी दोस्त बताया था। अविभाजित भारत के ढाका (अब बांग्लादेश में) जन्मीं सुमन कल्याणपुर बाद में मुंबई में आकर बस गईं। उन्हें संगीत में उनके योगदान के लिए पद्म भूषण सम्मान से नवाजा गया था।




## लोक अदालत और विधिक सेवा प्राधिकरणों को तलाक देने का अधिकार नहीं: उच्च न्यायालय

**लखनऊ, (भाषा)।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने एक अहम निर्णय में कहा कि तलाक के मामलों पर फैसला देना लोक अदालतों और जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता। पीठ ने कहा कि शादी को खत्म करने का अधिकार पूरी तरह से कुटुम्ब अदालत के पास है और लोक अदालतें सिर्फसम्बन्धित पक्षों के बीच समझौता कराने तक ही सीमित हैं, वे कोई न्यायिक फैसला नहीं दे सकतीं। न्यायमूर्ति शेखर बी. सर्राफऔर न्यायमूर्ति ए.के. चौधरी की खंडपीठ ने 30 अप्रैल को एक महिला द्वारा दायर याचिका पर यह फैसला सुनाया। महिला ने याचिका में साल 2018 में उन्नाव स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पारित एक आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उसके पति ने प्राधिकरण द्वारा दर्ज किए गए समझौते को तलाक का आदेश मानते हुए उसे दूसरी शादी करने के लिए आधार बनाया था। अदालत ने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 और राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (लोक अदालत) विनियम, 2009 के तहत तलाक से जुड़े वैवाहिक मुकदमों को फैसले के लिए लोक अदालतों में नहीं भेजा जा सकता। अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि लोक अदालत की भूमिका सिर्फपक्षों के बीच आपसी समझौता कराने तक ही सीमित है और वह ऐसे वादों पर न्यायिक फैसला नहीं दे सकती।

पीठ ने उन्नाव के जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा की गई कार्यवाही पर चिंता जताते हुए कहा कि जब कानून खुद ही लोक अदालतों को तलाक देने से रोकता है, तो ऐसे आदेश पारित करना अपने अधिकार क्षेत्र का उल्लंघन माना जाएगा। अदालत ने यह भी कहा कि समझौते में शामिल शर्त दरअसल कानूनी रूप से मान्य नहीं है और उसे रद्द माना जाएगा। शर्त के तहत दोनों पक्ष दूसरी शादी करने के लिए स्वतंत्र हैं, ऐसा जिक्र किया गया था। पीठ ने स्पष्ट किया कि इस मामले में किसी भी सक्षम अदालत द्वारा तलाक का कोई भी वैध आदेश कभी पारित नहीं किया गया लिहाजा पति द्वारा तलाक के सबूत के तौर पर उस समझौते पर भरोसा करना कानून की नजर में मान्य नहीं हो सकता। अदालत ने याचिका का निस्तारित करते हुए याचिकाकर्ता को कानून के अनुसार उचित कानूनी उपाय अपनाने की छूट दी। पीठ ने यह भी निर्देश दिया कि इस फैसले की एक प्रति पूरे राज्य की सभी लोक अदालतों और जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों को भविष्य के मार्गदर्शन और अनुपालन के लिए भेजी जाए।




## म्यांमार में धमाका, 45 से ज्यादा की मौत, 100 से ज्यादा घर तबाह

**नई दिल्ली (भाषा)।** म्यांमार में रविवार को एक भीषण धमाका हुआ, जिसमें 45 से ज्यादा लोग मारे गए। घटना नामखाम टाउनशिप के काउंगटुप गांव में हुई। यह जगह उत्तर-पूर्वी म्यांमार के शान राज्य में है, जो चीन सीमा से लगभग 3 किलोमीटर दक्षिण में है। दोपहर में हुआ धमाके में 45 से 55 लोगों की मौत हो गई। कई रिपोर्ट्स में 46 शव बरामद करने की बात कही गई, जिनमें बच्चे भी शामिल हैं। लगभग 70-74 लोग घायल हुए हैं, जिनमें कई की हालत गंभीर है। इस धमाके में 100 से अधिक घर क्षतिग्रस्त हुए हैं। आसपास भारी तबाही हुई है। जानकारी के अनुसार एक इमारत में माइनिंग के लिए इस्तेमाल होने वाले विस्फोटक रखे हुए थे। इनका भंडारण ता'आंग नेशनल लिबरेशन आर्मी के आर्थिक विभाग द्वारा किया जा रहा था। टीएनएलए एक जातीय सशस्त्र समूह है, जो इस क्षेत्र पर नियंत्रण रखता है। धमाके की वजह की जांच चल रही है। टीएनएलए ने बयान जारी कर कहा कि ये विस्फोटक खनन और पत्थर खदान के काम के लिए थे, न कि हथियारों के लिए। यह घटना म्यांमार के अस्थिर इलाके में हुई है, जहां सैन्य और विभिन्न जातीय सशस्त्र समूहों के बीच संघर्ष जारी है। बचाव कार्य चल रहा है और मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। बचावकर्मियों और इंडिपेंडेंट मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, रविवार को उत्तर-पूर्वी म्यांमार में एक बिल्डिंग में हुए धमाके में 45 से ज्यादा लोग मारे गए। धमाके की जगह पर पहुंचे एक बचावकर्मी ने बताया कि रविवार शाम तक छह बच्चों समेत 46 लाशें बरामद कर ली गई थीं और उन्हें क्रिमेशन के लिए ले जाया गया। बचावकर्मी ने कहा कि 74 घायल लोगों को टाउनशिप हॉस्पिटल ले जाया गया है और बचाव का काम जारी है।







दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
हसीब मोहम्मद सिवनी
मो. 7898530101

विज्ञापन आमंत्रित है.. संपर्क - 9329033433

# ग्राम पंचायत व राशन वितरण केंद्र धनौरा में उत्साहपूर्वक सुना गया 'मन की बात' कार्यक्रम



**जगप्रेरणा धनौरा।**

*आज ग्राम पंचायत धनौरा एवं स्थानीय राशन वितरण केंद्र (सोसायटी) में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अत्यंत लोकप्रिय और प्रेरणादायक कार्यक्रम* 'मन की बात' का सफल एवं भव्य आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर ग्रामीण क्षेत्रों में राष्ट्रहित के विषयों के प्रति भारी जागरूकता और उत्साह देखने को मिला।

## किसानों के साथ सुनी गई 'मन की बात', हुआ आत्मीय सम्मान..

कार्यक्रम के तहत धनौरा सोसायटी (राशन वितरण केंद्र) में विशेष रूप से किसान बंधुओं की उपस्थिति रही। यहाँ उपस्थित किसानों के साथ देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों को सुना गया। प्रधानमंत्री जी के उद्बोधन के पश्चात, देश की रीढ़ और अन्नदाता किसान बंधुओं का शॉल-श्रीफल व पुष्पहारों से आत्मीय सम्मान किया गया। उपस्थित जनों ने प्रधानमंत्री के 'सशक्त ग्राम -सशक्त भारत' के संकल्प को दोहराया।

## 100 से अधिक नागरिकों ने दर्ज कराई गरिमामयी उपस्थिति..

ग्राम पंचायत धनौरा में आयोजित इस लोकप्रिय कार्यक्रम में समाज के हर वर्ग ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आयोजन में लगभग 100 से अधिक नागरिकों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराकर कार्यक्रम को सफल, प्रेरणादायक एवं यादगार बनाया। कार्यक्रम में वरिष्ठजनों, मातृशक्ति, युवाओं एवं सम्मानित नागरिकों की सहभागिता ने आयोजन की गरिमा को और अधिक बढ़ा दिया।

## समर्पण से सफल हुआ आयोजन..

इस पूरे भव्य आयोजन को सफल बनाने में कार्यक्रम के प्रभारी गणेश दुबे एवं ग्राम पंचायत धनौरा के उप सरपंच अतुल जैन का कुशल मार्गदर्शन, समर्पण एवं अथक प्रयास सराहनीय रहा। कार्यक्रम के सफल समापन पर प्रभारी गणेश दुबे, उप सरपंच अतुल जैन, समस्त ग्रामवासियों एवं आयोजन समिति (ग्राम पंचायत धनौरा, जनपद पंचायत धनौरा, जिला सिवनी) ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, भाजपा कार्यकर्ताओं एवं ग्रामवासियों का हृदय से आभार व साधुवाद व्यक्त किया है। समिति ने आशा व्यक्त की है कि भविष्य में भी ग्राम एवं राष्ट्रहित के ऐसे कार्यक्रमों में क्षेत्रवासियों का स्नेह और सहयोग इसी प्रकार प्राप्त होता रहेगा।

# भीषण गर्मी के बीच प्री-मानसून की दस्तक: आंधी, बारिश और ओलावृष्टि से जनजीवन अस्त-व्यस्त..





**जगप्रेरणा उगली।**

विगत दिवस शनिवार और भीषण गर्मी से जूझ रहे लोगो को साप्ताहिक हाट बाजार शनिवार दोपहर मौसम के अचानक बदले मिजाज ने बड़ी राहत दी। प्री-मानसून की दस्तक के साथ तेज आंधी-तूफान, गरज-चमक और ओलावृष्टि के बीच हुई झमाझम बारिश ने तापमान में गिरावट ला दी। हालांकि इस बारिश और तूफान ने राहत के साथ-साथ कई क्षेत्रों मे नुकसान भी पहुंचाया है। सिवनी जिले के जनपद पंचायत केवलारी अंतर्गत उपतहसील उगली क्षेत्र मे तेज हवाओं और ओलावृष्टि का व्यापक असर देखने को मिला।

ग्राम पंचायत खामी सहित आसपास के कई गावों मे तेज आंधी के कारण बिजली के तार टूट गए, जिससे रात भर विद्युत आपूर्ति बाधित रही। बिजली गुल होने से ग्रामीणों को अंधेरे मे रात गुजारनी पड़ी। तूफान की रफ्तार इतनी तेज थी कि महुआ, नीम और जामुन व अन्य बड़े-बड़े पेड़ धराशायी हो गए। कई स्थानों पर पेड़ों के गिरने से रास्ते अवरुद्ध हो गए और आवागमन प्रभावित हुआ। ओलावृष्टि के कारण खेतों और पेड़-पौधो को भी भारी नुकसान पहुंचा। अभी किसानों की फसल रवी और दलहनी फसल मूंग, मक्का आदी खेतों पर पक कर लगभग तैयार है, ग्रामीणों के अनुसार कई पेड़ों की पत्तियां तक झड़ गई और फसलों को भी क्षति पहुचीं है। तेज हवाओं ने ग्रामीणों के मकानों को भी नहीं बख्शा। अनेक घरों की कवेलू उड़ गई, जबकि कई मकानों की टीन की चादरें हवा मे उड़कर दूर जा गिरी। कुछ परिवारों के घरों की छतें क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे बारिश का पानी सीधे घरों के अंदर पहुंच गया।

कई घरों मे पानी भर जाने से घरेलू सामान भी खराब हो गया। ग्रामीणो ने बताया कि कुछ समय के लिए ऐसा लग रहा था मानो प्राकृतिक आपदा आ गई हो। तेज हवाओं, बारिश और ओलों के कारण लोग अपने घरों मे दुबके रहने को मजबूर हो गए। हालांकि बारिश से भीषण गर्मी से राहत मिली है, लेकिन तूफान और ओलावृष्टि से हुए नुकसान ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे कराकर नुकसान का आकलन करने तथा पीड़ित परिवारो को उचित राहत एवं सहायता प्रदान करने की मांग की है। वही मौसम विभाग ने आगामी दिनों में भी मौसम के इसी प्रकार बने रहने की संभावना जताई है, जिससे लोगो को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। गत दिवस रविवार को भी तेज हवा तूफान और हल्की बारिश हुई है।

# मुख्यमंत्री मोहन यादव अमार्यादित भाषा का उपयोग करने पर आज पुतला दहन कर विरोध दर्ज करेगी कांग्रेस..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

लोकसभा में नेताप्रतिपक्ष राहुल गांधी एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी पर सत्ता के नशे में चूर प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने अमार्यादित सड़क छाप भाषा का उपयोग किया है एसी अमार्यादित भाषा उपयोग करने वाले मुख्य मंत्री मोहन यादव के चेहरे पर सिकन भी नही थी जो भाजपा के चाल चरित्र और सत्ता के घमंड को उजागर करता है जो कि बहुत ही निंदनीय कृत्य है। प्रदेश को गर्त में ले जाने वाले मोहन यादव द्वारा जन हित के मुद्दे उठाने वाले कांग्रेस नेताओं पर अशब्द कहकर अपनी भड़ास निकाल रहें है जो कि भाजपा के चाल चरित्र चेहरे को दर्शाता है। इसके विरोध में कल दिनांक 01 जून 2026, दिन सोमवार को अपराहंत 3.00 बजे कचहरी चैक सिवनी में प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया जाएगा।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी ने समस्त ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षो को निर्देशित किया है कि मुख्यमंत्री मोहन यादव के अहंकारी बोल के विरोध में अपने अपने ब्लॉक मुख्यालयो में मुख्यमंत्री मोहन यादव का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन करें साथ ही सम्पन्न कार्यक्रम के विडियों इत्यादि की रिर्पोट जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी को प्रषित करें।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी एवं नगर कांग्रेस अध्यक्ष तनवीर अहमद ने जिला, नगर ब्लॉक कांग्रेस, वरिष्ठ कांग्रेस जन, प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि एवं पदाधिकारी, समस्त मोर्चा संगठन महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, कांग्रेस सेवादल एवं जिला एनएसयुआई, विभाग, प्रकोष्ठो के अध्यक्ष, पदाधिकारी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष व पदाधिकारी, मंडलम कांग्रेस के अध्यक्ष, पदाधिकारियों व समस्त कांग्रेस जनों से विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में अपने साथियों सहित उपस्थिति हेतु अपील की है।

# नहीं तपा नौतपा: धनौरा सहित ग्रामीण इलाकों में हवा-तूफान के साथ हुई बारिश, जन-जीवन प्रभावित



**जगप्रेरणा धनौरा।**

प्री-मानसून की दस्तक के साथ ही क्षेत्र में मौसम का मिजाज अचानक बदल गया है। आज रविवार को धनौरा मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में दोपहर बाद तेज आंधी-तूफान और गरज-चमक के साथ झमाझम बारिश हुई। नौतपा के दिनों में हुई इस बारिश से क्षेत्रवासियों को भीषण गर्मी और उमस से बड़ी राहत मिली है और मौसम खुशनुमा हो गया है। राहत के बीच तेज आंधी-तूफान के कारण सुरक्षा के लिहाज से विद्युत विभाग द्वारा बिजली बंद कर दी गई, जिसके चलते धनौरा सहित आसपास के इलाकों में लगभग दो से तीन घंटे तक बत्ती गुल रही। बिजली बंद रहने से लोगों को थोड़ी परेशानियों का सामना जरूर करना पड़ा, लेकिन मौसम ठंडा होने से राहत बनी रही। राहत की बात यह है कि क्षेत्र में आंधी-तूफान से पेड़ गिरने या किसी भी प्रकार के टीन शेड व छप्पर उड़ने जैसी कोई अप्रिय खबर सामने नहीं आई है।

# संजय वार्ड में सफाई व्यवस्था बदहाल, आमजन के स्वास्थ्य से हो रहा खिलवाड़ - शफीक खान..

## गंदी नालियां बनीं संक्रमण का अड्डा, रहवासी परेशान..

## पटरी से उतरी नगर पालिका परिषद् की सफाई व्यवस्था..



**जगप्रेरणा सिवनी।**

नगर पालिका परिषद सिवनी के संजय वार्ड में सफाई व्यवस्था की पोल खुलती नजर आ रही है। वार्ड की नालियां जर्जर और गंदगी से अटी पड़ी हैं, जबकि कई स्थानों पर नालियों का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। इससे स्थानीय रहवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और संक्रमण फैलने का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता शफीक खान ने वार्ड की बदहाल स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आखिर आमजनता के स्वास्थ्य के साथ यह खिलवाड़ कब तक चलता रहेगा। उन्होंने नगर पालिका प्रशासन से तत्काल सफाई अभियान चलाने और नालियों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने की मांग की है। शफीक खान के अनुसार वार्ड में लंबे समय से सफाई कार्य में लापरवाही बरती जा रही है, जिसके कारण नालियां कचरे से भर गई हैं। गंदा पानी सड़क पर बहने से राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी हो रही है, वहीं मच्छरों और कीटों की संख्या भी बढ़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सफाई और जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई तो डेंगू, मलेरिया, टायफाइड सहित कई गंभीर बीमारियां फैल सकती हैं। वर्तमान हालात ऐसे हैं कि कब कौन सी बीमारी लोगों को अपनी चपेट में ले ले, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है।

## जनता की मांग..

नालियों की तत्काल सफाई कराई जाए। सड़क पर बह रहे गंदे पानी की निकासी सुनिश्चित की जाए। वार्ड में नियमित सफाई व्यवस्था लागू की जाए। संक्रमण और बीमारियों की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया जाए।'स्वच्छ वार्ड, स्वस्थ नागरिक' केवल नारा नहीं, बल्कि प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। अब देखना यह होगा कि नगर पालिका परिषद सिवनी आमजन की इस गंभीर समस्या पर कब तक ठोस कदम उठाती है।

# बकरीद पर गौहत्या के प्रयास को सिवनी पुलिस ने किया विफल..

## गौ तस्करों के नेटवर्क को किया ध्वस्त, मास्टरमाइंड इंजीनियर हामिद सहित 2 फरार आरोपी गिरफ्तार..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

पुलिस अधीक्षक सिवनी कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन एवं एसडीओपी सिवनी सचिन परते के मार्गदर्शन में सिवनी पुलिस ने बकरीद के अवसर पर गौवंश की कुर्बानी कराकर शहर में अराजकता फैलाने की साजिश को विफल करते हुए नेटवर्क के मास्टरमाइंड सहित 2 फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

## मामले का खुलासा..

दिनांक 28/05/2026 को पुलिस को सूचना मिली कि मौलाना मजीद खान, निवासी हड्डी गोदाम, सिवनी द्वारा चंदा एकत्रित कर बकरीद पर गौवंश की कुर्बानी कराने की योजना बनाई जा रही है। इस साजिश के मास्टरमाइंड इंजीनियर हामिद निवासी गांधीबाग नागपुर द्वारा मौलाना मजीद को 48 नग गौवंश की कुर्बानी कराने के निर्देश दिए गए थे, जिससे सिवनी शहर में अराजकता उत्पन्न की जा सके।

सूचना पर पुलिस अधीक्षक द्वारा विशेष टीम गठित कर नागपुर रवाना की गई। टीम ने मोहम्मद हामिद उर्फ इंजीनियर हामिद, उम्र 69 वर्ष निवासी गांधीबाग नागपुर को आज उसके निवास से अभिरक्षा में लेकर सिवनी लाया। विवेचना में आरोपी के विरुद्ध आपराधिक तथ्य पाए गए। इसी प्रकरण में फरार चल रहे आसिफखान, पिता कासिम खान, उम्र 32 वर्ष, निवासी सूफीनगर गांधीवार्ड सिवनी की तलाश की गई। मोबाइल, फोन-पे हिस्ट्री एवं डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर पाए गए तथ्यों के अनुसार आरोपी आसिफने गौकशी के नाम पर मौलाना मजीद खान को 7,200रू. चंदा देकर शहर में अराजकता फैलाने का प्रयास किया था। पुलिस ने आरोपी आसिफखान को भी गिरफ्तार कर लिया।

दोनों आरोपियों के मोबाइल, फोन-पे व व्हाट्सएप डाटा को विवेचना में संलग्न किया गया है तथा प्रकरण में संलिप्त अन्य आरोपियों से पूछताछ जारी है।

**पूर्व में गिरफ्तार आरोपी-** उल्लेखनीय है कि इस प्रकरण में दिनांक 29/ 05/ 2026 को मजीद मौलाना सिवनी, शेख आबिद जटलापुर, शाकिर अली जनतानगर, रफीक खान सिवनी, मुक्तिदर अहमद छपारा को गिरफ्तार कर रिमांड प्राप्त किया जा चुका है।

**वर्तमान में गिरफ्तार आरोपी-** मोहम्मद हामिद पिता मोहम्मद हनीफ उम्र 69 वर्ष, निवासी गांधीबाग, नागपुर, आसिफखान पिता कासिम खान, उम्र 32 वर्ष, निवासी सूफीनगर, गांधीवार्ड, सिवनी, दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया है।

## सराहनीय भूमिका..

इस कार्रवाई में एसडीओपी सिवनी सचिन परते, निरीक्षक सतीश तिवारी, निरीक्षक ओमेश्वर ठाकरे, सउनि कंधीलाल सैयाम, सउनि जसवंत ठाकुर, प्र.आर. मुकेश गोडाने, मनोज पाल, आर. सिद्धार्थ दुबे, नितेश राजपूत, कृष्णा भालेकर, सतीश इनवाती, ममता गजभिये, सैनिक वकील एवं साइबर टीम की विशेष भूमिका रही।

**सिवनी पुलिस का संदेश-** गौवंश तस्करी व धार्मिक भावनाएं भड़काने की किसी भी साजिश पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# अनियंत्रित होकर पलटा पपीते से भरा ट्रक, चालक घायल..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग-44 स्थित बंजारी घाटी में रविवार दोपहर एक सड़क हादसा हो गया। पपीते से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे चालक घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।जानकारी के अनुसार यह घटना रविवार 31 मई को दोपहर करीब 1 बजे हुई। कर्नाटक के मैसूर से पपीते लेकर दिल्ली जा रहा ट्रक बंजारी घाटी के पास अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे में ट्रक चालक रमन नायक (40 वर्ष) घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल मदद करते हुए उसे छपारा अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।ट्रक पलटने से उसमें भरे पपीते सड़क किनारे बिखर गए। घटना के बाद कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित हुआ, लेकिन पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से मार्ग को जल्द ही सुचारु कर दिया गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण वाहन का अनियंत्रित होना बताया जा रहा है। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर स्थित बंजारी घाटी क्षेत्र को दुर्घटना संभावित माना जाता है, क्योंकि यहां तीखेमोड़ और ढलान हैं। पुलिस ने वाहन चालकों से घाटी क्षेत्र में नियंत्रित गति से चलने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है।

# मोबाइल की दुनिया से मैदान की ओर बढ़े कदम

## ग्रीष्मकालीन खेल शिविर में बच्चों ने दिखाया जोश..



**जगप्रेरणा घंसौर।**

विकासखंड मुख्यालय घंसौर में खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल एवं प्रशिक्षण शिविर बच्चों और युवाओं के लिए प्रतिभा निखारने का महत्वपूर्ण मंच बनता जा रहा है। वर्ष 2026 के इस विशेष खेल शिविर का आयोजन भावा एकेडमी स्कूल के खेल परिसर में किया जा रहा है, जहां प्रतिदिन विभिन्न खेल गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

शिविर का उद्देश्य केवल खेल प्रतियोगिताओं तक सीमित नहीं है, बल्कि युवाओं को खेल संस्कृति से जोड़कर उनमें अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का विकास करना भी है। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में बच्चे एवं युवा इस प्रशिक्षण शिविर में उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। खेल विशेषज्ञों और प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों को विभिन्न खेलों की बारीकियां सिखाई जा रही हैं।

शनिवार को आयोजित निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान एसडीएम विशन सिंह ने शिविर में पहुंचकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने खिलाड़ियों से संवाद करते हुए कहा कि आज के आधुनिक दौर में मोबाइल फोन और डिजिटल उपकरणों की बढ़ती निर्भरता के बीच बच्चों का मैदान की ओर लौटना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि मानसिक विकास, नेतृत्व क्षमता और सकारात्मक सोच को भी बढ़ावा देते हैं।

एसडीएम ने उपस्थित बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि यदि वे नियमित रूप से खेल गतिविधियों में भाग लेते हैं तो भविष्य में जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया और खेलों को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने की सीख दी। शिविर में खेल प्रभारी एवं प्रशिक्षकों द्वारा बच्चों को विभिन्न खेलों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही प्रतिभागियों के लिए स्वल्पाहार एवं प्रोत्साहन पुरस्कारों की भी व्यवस्था की गई है, जिससे बच्चों में उत्साह और प्रतिस्पर्धा की भावना बनी रहे। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं अभिभावकों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों को नशे, मोबाइल की लत और अन्य सामाजिक बुराइयों से दूर रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ग्रीष्मकालीन खेल शिविर आज घंसौर क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को नई उड़ान देने और स्वस्थ समाज की नींव मजबूत करने का सशक्त माध्यम बनकर उभर रहा है।

# अवैध रेत उत्खनन को लेकर दो भाइयों में विवाद, एक भाई गंभीर रूप से घायल..

**जगप्रेरणा बरघाट।**

सिवनी जिले के बरघाट थाना अंतर्गत कन्हरगांव में अवैध रेत उत्खनन को लेकर दो सगे भाइयों के बीच जमकर हुई मारपीट हो गई, मारपीट के दौरान नौशाद खान गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए बरघाट अस्पताल लाया गया। घायल की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टर ने मरीज को सिवनी जिला अस्पताल रिफर कर दिया है, सूचना मिलते ही पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## निजी भूमि से रेत उत्खनन करने को लेकर हुआ विवाद..

प्राप्त जानकारी अनुसार 31 मई 2026 रविवार को सुबह नौशाद खान और उसके सगे भाई में भूमि बंटवारे को लेकर विवाद की स्थिति बन गई। बताया जाता है कि नौशाद खान अपनी निजी भूमि से रेत निकलवा रहा था इसी बात को लेकर दोनों भाई नौशाद खान और अतीक खान बीच जमकर विवाद हो गया।

मारपीट के दौरान नौशाद खान उम्र 55 वर्ष बरघाट को गंभीर चोटें आई है। गंभीर रूप घायल नौशाद को को उपचार के लिए बरघाट अस्पताल ले गए जहां डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रिफर कर दिया। नौशाद के परिजनों ने बताया कि मामले की शिकायत बरघाट थाना में की गई है। सिवनी हड्डी गोदाम निवासी अतीक खान विरुद्ध मामला दर्ज करवाया है। सूत्र बताते है कि मारपीट की मुख्य वजह निजी भूमि से रेत उत्खनन को लेकर बताई जा रही है। हालांकि पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

सिवनी मे जगप्रेरणा समाचार पत्र के लिये संपर्क करें..
हसीब मोहम्मद 7898530101

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फैक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039


कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..

मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.

ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर,
शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800

जग प्रेरणा

# शहर बालाघाट

● गर्रा ● भटेरा ● भरवेली ● हीरापुर ● कोसमी ● नवेगांव ● गोंगलई

सोमवार 01 जून 2026




दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

मनोज सचदेव
मो. 94258-22975

# 24 साल के माता पिता के प्यार और दुलार को ठोकर मारकर बोली बेटी मैं ससुराल में खुश..

### बालाघाट में प्रेम विवाह मामले में सीएसपी थाने में जमकर हुआ हंगामा,

### बेटी के फैसले पर मां ने उठाया बेटी पर हाथ तो सास आई आगे..

### जमकर हंगामे के साथ ही हुई दोनों पक्षों में मारपीट..


विशाखापट्टनम पहुंचकर मंदिर में विवाह करते युवक युवती..


पुलिस थाने में प्रेम विवाह करने वाला युवक और उसके माता पिता


प्रेम विवाह के उपरांत पुलिस थाने में युवती के पिता नीरज जैन जिनके साथ युवती के पिता एवं युवक द्वारा हाथापाई की गई, जिससे हाथ में लगी चोट स्पष्ट दिखाई दे रही है..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***जब किसी परिवार में एक बेटी जन्म लेती है तो मानो वह परिवार खिल उठता है। माना जाता है कि बेटी से घर में चहल पहल होती है। बेटी से माता पिता का भावनात्मक जुड़ाव भी अलग होता है, तथा अनेक संभ्रात परिवारों में तो बेटी के हर नखरे सहन कर भी बेटी की चाहतों को पूरा किया जाता है, लेकिन देखते ही देखते आज के युग में कुछ ऐसी भी बेटियां हैं जो कि प्रेमांध के दलदल में फंसकर कुछ इस कदर बहक***

जाती है कि वो बालिग होकर बेटियों को मिले कानुन का फायदा उठाकर माता पिता के वर्षों के प्यार और दुलार को ठोकर मारकर कह उठती है कि मैं अपने पति के साथ खुश हूं, और उसी के साथ रहूंगी, यहां तक कि कई मामलों में तो बेटियां माता पिता को पहचानने से तो वहीं पास आने भी नहीं देना चाहती, तथा चार दिनों के प्यार के फेर में फंसकर माता पिता के वर्षों के प्यार को ठुकराकर उनके प्यार का अपमान करके निकल जाती है। ऐसा ही एक मामला आज बालाघाट में घटित हुआ, जिसकी परिणति यह हुई कि जब प्रेम विवाह के बाद युवक युवती को पुलिस थाने लाया गया, तो बड़ा हंगामा खड़ा हो गया। इस दौरान युवती के परिवारजनों और युवक के परिवारजनों के बीच मारपीट का परिदृश्य भी घटित हुआ।

## क्या है मामला..

प्राप्त जानकारी के अनुसार बालाघाट के जैन समाज के मोदी ट्रैक्टर्स फर्म के संचालक नीरज जैन की बेटी कु. दिव्य ज्योति नगर के ही रेडीमेड कपड़ा व्यवसायी विनोद मोदी के पुत्र तनिष्क के साथ घर से भाग गई। मोदी परिवार को जैसे ही घर से भागने की भनक लगी, उनके आश्चर्य का ठिकाना नहीं रहा, तथा नीरज जैन परिवार की ओर से फिर पुलिस थाना बालाघाट में बिटिया के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई गई, क्योंकि बिटिया किसी के प्रेम जाल में फंसी है ऐसी जानकारी भी पिता एवं परिवार को नहीं थी। इस स्थिति में बेटी किसी षडयंत्र का शिकार होने की संभावनाएं भी दिखाई देने की स्थिति में कु. दिव्य ज्योति के लापता होने की एफआईआर पुलिस थाने में दर्ज की गई। इसके बाद पुलिस ने मोबाईल नंबरों को ट्रेस करके युवती एवं युवक का पता लगाकर उन्हें खोज निकाला।

## विशाखापट्टन पहुंचकर किया प्रेम विवाह..

प्राप्त जानकारी के अनुसार जैन परिवार के युवक तनिष्क के साथ दिव्य ज्योति के विशाखापट्टन में होने की जानकारी पुलिस को मिली। जिसके बाद पुलिस दोनों को लेने विशाखापट्टनम पहुंची, जहां युवक युवती द्वारा मंदिर में विवाह करने की जानकारी युवक युवती ने पुलिस को दी, तथा उसके प्रमाण भी पुलिस को दिये। जिसके बाद पुलिस दोनों को विशाखापट्टनम से बालाघाट लेकर आई, तथा बालाघाट में सीएसपी कार्यालय में युवक युवती दोनों से पूछताछ करने के साथ ही बालिग होने की स्थिति में उनका संरक्षण भी किया गया, युवक युवती के परिवारजनों को सूचना भी दी गई। जिसके बाद जब युवती के परिवारजन माता पिता भाई और अन्य रिश्तेदार सीएसपी थाने पहुंचे तो वहां भारी हंगामा हो गया। एक तरफ मां और पिता का रो रोकर बूरा हाल था, तो वहीं जन्म देने वाली मां के गुस्से का भी ठिकाना नहीं रहा।

## मां ने मारा बेटी को तो सास आई लड़ाई के मैदान में..

पुलिस थाने में हुए विवाद की जानकारी के अनुसार जैसे ही नीरज जैन अपनी पत्नी और पुत्र के साथ पुलिस थाने पहुंचे, पहले तो उन्होंने बेटी से बात करने का प्रयास किया, लेकिन बेटी ने बात को भी अनसुना करने की कोशिश की, जिस पर अचानक ही बेटी का ऐसा व्यवहार मां को नागवार गुजरा। जानकारी के अनुसार मां ने बेटी को एक थप्पड़ मार दिया, और उस पर धोखा देने के आरोप लगाने के साथ ही परिवार को अपमानित करने की बात कही, वहीं बेटी पर मां के हाथ उठाने के दौरान युवक की मां ने भी आगे आकर बेटी की मां से सामना करते हुए हाथापाई की कोशिश कर डाली। इस घटनाक्रम में फिर दोनों ही ओर से दोनों पक्षों के बीच मारपीट होने लगी, जबकि पुलिस द्वारा दोनों ही पक्षों को अलग कर दोनों के खिलाफ कार्यवाही की बात भी कही गई, वहीं जानकारी के अनुसार युवती ने पुलिस को यह भी बयान दिया कि वह अपने पति के साथ खुश है, और उसी के साथ रहना चाहती है।

## बोले पिता, कभी पता नही चला कि बेटी ऐसा भी कोई कदम उठा सकती है..

पिता नीरज जैन ने जगप्रेरणा को बताया कि बेटी दिव्य ज्योति को उन्होंने बहुत लाड़ प्यार से पाला, और बेटी पर उन्हें बहुत विश्वास था। बेटी नागपुर में पढ़ती थी, तथा उसका पुरा ध्यान रखने का हम सभी बहुत प्रयास करते थे। कभी यह भी पता नहीं चला कि उसका किसी से कोई चक्कर चल रहा है, और अचानक इस तरह से उसने कदम उठा लिया और घर से भाग गई। इस घटनाक्रम से पुरे परिवार का मन बहुत व्यथित है। कानुन के आगे हम विवश हैं, और दुख है कि 24 साल के हमारे प्यार दुलार को ठोकर मारकर बेटी ने यह कदम उठा लिया।

## यह कैसा कानुन?

गौरतलब है कि एक बार फिर जब प्रेम विवाह की जिद में एक बेटी ने कड़ा फैसला लेकर अपने परिवार से नाता तोड़कर कदम आगे बढ़ाया, तो फिर एक सवाल उठ खड़ा हुआ। बिटिया को खो देने के बाद परिवार ने कहा कि यह कैसा कानुन है कि अपनी मर्जी से कोई बेटी विवाह कर लेती है, और कानुन उस बेटी का संरक्षण करता है।

यहां परिवार का कहना था कि बेटी बड़ी होती है तो उसके विवाह की चिंता भी परिवार को होती है। बेटी का हाथ योग्य वर के हाथ में देकर उसे ससम्मान विदा करने का अधिकार भी उस परिवार का होता है, लेकिन कानुन में माता पिता के अधिकारों का कोई संरक्षण नहीं किया गया है।

कानुन में इस तरह से एक तरफा अधिकार का परिणाम है कि देश में प्रतिवर्ष प्रेमांध में सैकड़ों युवतियां गलत फैसला लेकर अपने जीवन में संघर्ष और ठोकरों को चुन लेती है। प्रेम विवाह के मामलों में माता पिता की अनुमति को कानुन में अनिवार्य जब तक नहीं किया जायेगा, तब तक माता पिता के अधिकारों का भी उल्लंघन होता रहेगा, और अपनी बेटी को बड़े लाड़ प्यार से पालने वाले परिवारों को बेटी की इस तरह की विदाई के दुख में जलने के लिये मजबूर होना पड़ता रहेगा।

### पेयजल संकट के बीच नगर पालिका ने दिखाई सख्ती

# बालाघाट में वाहन वॉशिंग सेंटरों को नोटिस, धुलाई पर रोक के निर्देश..




जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट शहर में लगातार गहराते पेयजल संकट को देखते हुए नगरपालिका प्रशासन ने पानी के दुरुपयोग पर सख्त रुख अपनाया है। इसी क्रम में रविवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) श्री सूर्यप्रकाश उके एवं नगर पालिका इंजीनियर सुश्री ज्योति मेश्राम ने शहर के विभिन्न वाहन वॉशिंग सेंटरों का निरीक्षण किया और संचालकों को तत्काल प्रभाव से वाहन धुलाई का कार्य बंद रखने के निर्देश दिए।***

निरीक्षण के दौरान बस स्टैंड क्षेत्र एवं बैहर रोड स्थित वाहन वॉशिंग सेंटरों का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने संचालकों को समझाइश देते हुए कहा कि वर्तमान में भूजल स्तर लगातार नीचे जा रहा है, जिसके कारण शहर में पेयजल की समस्या गंभीर होती जा रही है। ऐसी स्थिति में व्यावसायिक गतिविधियों के लिए बड़ी मात्रा में पानी का उपयोग करना उचित नहीं है। सीएमओ श्री सूर्यप्रकाश उके ने स्पष्ट किया कि सभी वाहन वॉशिंग सेंटर संचालकों को नोटिस जारी कर दिए गए हैं तथा उन्हें आगामी आदेश तक वाहन धुलाई का कार्य बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी सेंटर में निर्देशों के बावजूद वाहन धुलाई करते हुए पाया गया तो संबंधित संचालक के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिका प्रशासन ने बताया कि शहर में जल संरक्षण को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। नलों से मोटर पंप लगाकर पानी खींचने वालों पर भी कार्रवाई की जा रही है। कई स्थानों से अवैध रूप से उपयोग किए जा रहे मोटर पंप जब्त किए गए हैं तथा नागरिकों को पेयजल का दुरुपयोग नहीं करने की चेतावनी दी गई है। नगर पालिका ने शहरवासियों से अपील की है कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए पानी का उपयोग अत्यंत सावधानी और आवश्यकता के अनुसार करें। नल का पानी व्यर्थ बहाने से बचें तथा जल संरक्षण में प्रशासन का सहयोग करें, ताकि सभी नागरिकों को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। नगरपालिका अधिकारियों का कहना है कि गर्मी के मौसम में जल स्त्रोतों पर बढ़ते दबाव को देखते हुए जल संरक्षण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इसी उद्देश्य से पानी के अनावश्यक उपयोग पर निगरानी रखी जा रही है और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में माहेश्वरी समाज ने गुरुकुल स्कूल को किया सहयोग








जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट नगर मुख्यालय से लगी हुई तथा देवटोला गुरुकुल स्कूल जहां पर विद्यार्थीयों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाती है। इस विद्यालय में माहेश्वरी समाज द्वारा पुरषोत्तम मास के उपलक्ष्य में अनुदान स्वरूप दान राशि एवं बच्चो का उत्साहवर्धन किया गया।***

इस अवसर पर निस्वार्थ सेवारत अशोक बोहने, प्रधान अध्यापक के साथ ही अमरसिंह ठाकुर, सहयोगी प्रवीण ठोम्बर का शॉल श्रीफल एवं पुष्पमाला पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया।

इस अवसर पर माहेश्वरी समाज की महिला समिति, पुरुष वर्ग, गुरुकुल के बच्चों की उपस्थिति में मां सरस्वती, शिव जी की फोटो पर हार फूल चढ़ाकर आरती एवं भजन कर, अधिक मास का लाभ उठाते हुए प्रसाद वितरण किया गया।

माहेश्वरी समाज के लोगों ने आगे भी गुरुकुल के उत्थान के लिये सहयोग की बात कही। इस अवसर पर गुरुकुल के मेधावी छात्रा ने सभी माहेश्वरी सदस्यों का तिलक एवं माला पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। अंत मे अशोक बोहने एवं बच्चो ने माहेश्वरी समाज का आभार व्यक्त किया।

# बालाघाट में बहुजन मुक्ति पार्टी ने पेट्रोल डीजल मूल्यवृद्धि के खिलाफ किया 'दे धक्का आंदोलन'.. वाहनों को धक्का मारते हुए पहुंचे कलेक्टर कार्यालय





जगप्रेरणा बालाघाट।

***देश में बढ़ती महंगाई और पेट्रोल डीजल मूल्य वृद्धि के खिलाफ 31 मई रविवार को बहुजन मुक्ति पार्टी ने अनोखा आंदोलन किया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस के बढ़ते दाम, बढ़ती महंगाई के के साथ ही बेरोजगारी, स्मार्ट मीटर, ईवीएम मशीन को बैन करने संहित अनेक मांगों को लेकर दे धक्का आंदोलन किया, जिसमें आंदोलनकारी नारेबाजी करते हुए वाहनों को धक्का देते हुए लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे,***

और ज्ञापन सौंपा। मांग पूरी ना होने पर अब जेल भरो आंदोलन किए जाने की भी आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी। बहुजन मुक्ति पार्टी, लोकसभा प्रभारी सदाशिव हरिनखेडे और राष्ट्रीय मूलनिवासी महिला प्रकोष्ठ, संभागीय प्रभारी नर्मदा नागवंशी ने कहा कि दे धक्का आंदोलन कर पेट्रोल डीजल की बढ़ती कीमतों का विरोध किया है इसके साथ ही आज हमारा तीसरा चरणबध्द आंदोलन पूरा हो गया है। अब संगठन के निर्देशन पर आक्रोश रैली व जेल भरो आंदोलन किया जाएगा उन्होंने बताया कि सरकार, अमीरों की मंशारूप काम कर रही है छोटे तबके के लोगों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है और उनके ऊपर लगातार अत्याचार अन्याय किया जा रहा है। भारत सरकार की विदेश नीति ठीक नहीं है, इसीलिए जनता परेशान हो चुकी है। यहां तक की गाड़ी में पेट्रोल डीजल भरना भी अब दुश्वार हो रहा है। इसी को लेकर आज यहां धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सोपा गया है पूरी नहीं की जाती तो फिर संगठन के बैनर तले प्रदेश संगठन के आह्वान पर आंकड़ों पर रैली निकाल कर जेल भरो आंदोलन किया जाएगा।

## यह रहे उपस्थित..

बहुजन मुक्ति पार्टी द्वारा किये गए आंदोलन में प्रमुख रुप से जिला अध्यक्ष इंजी. हीरालाल भगत, लोकसभा प्रभारी सदाशिव हरिनखेडे, राष्ट्रीय आदिवासी एकता परिषद के जिलाध्यक्ष सुशील कुशराम, उपाध्यक्ष केवलसिंह उईके, राष्ट्रीय मूल निवासी महिला प्रकोष्ठ, संभागीय प्रभारी नर्मदा नागवंशी, भारत मुक्ति मोर्चा के जिला प्रभारी रामदास ठवकर, कार्यकारी जिला अध्यक्ष विकास खांडेकर, भारत मुक्ति मोर्चा कार्यकारी जिला अध्यक्ष विमल कुमार, ज्ञानदास जगने, भागचंद गौतम, सविता उइके, गीताबाई मेश्राम, भागवंती बाई डाहरे, विद्याबाई बोरकर, वंदना मेश्राम, पूर्णिमा वानखेड़े, पुना बोरकर, और वच्छ्ला बाई इंगेले, सहित अन्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

अंकुर टेस्ट ट्युब बेबी एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण

उपलब्ध सुविधाऐं..
- टेस्ट ट्युब बेबी (IVF ET)
- इक्सी टेस्ट ट्युब बेबी (ICSI)
- (IUI) आय.यू.आय.
- अधिक उम्र में मातृत्व
- ओव्हम डोनेशन द्वारा
- बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना
- पुरुष बंधत्व निदान व उपचार
- शुक्राणु बैंक सुविधा
- सोनोग्राफी
- हार्मोस की जांच
- हार्मोस की गड़बड़ी की ईलाज
- दुरबीन द्वारा ऑपरेशन

डॉ. संजीव चिटणवीस
अस्थि रोग विशेषज्ञ

डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस
प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ

एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
अजय रजक गढ़ी
मो. 84353 19391

# ज्येष्ठ एकादशी पर परसवाडा में राहगीरों को पिलाया गया मीठा एवं शीतल पेय..

जगप्रेरणा परसवाडा।

***ज्येष्ठ माह की एकादशी के पावन अवसर पर परसवाडा के मुख्य मार्ग पर सामाजिक सेवा और मानवता का अनूठा उदाहरण देखने को मिला। हरियाणा के रहने वाले रोहित डागर ने अपने***









साथियों के साथ मिलकर राहगीरों के लिए मीठे एवं शीतल पेय वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप के बीच आयोजित इस सेवा कार्य से बड़ी संख्या में राहगीरों, वाहन चालकों और स्थानीय नागरिकों को राहत मिली।

रोहित डागर ने बताया कि हरियाणा में ज्येष्ठ माह की एकादशी तिथि पर राहगीरों को मीठा पेय पिलाने की वर्षों पुरानी परंपरा है। इस परंपरा का उद्देश्य गर्मी के मौसम में लोगों की सेवा करना और उन्हें राहत पहुंचाना है।

उन्होंने कहा कि अपने राज्य की इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने परसवाडा में भी यह कार्यक्रम आयोजित किया है।

रविवार को आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान मुख्य मार्ग से गुजरने वाले लोगों को मीठा और शीतल पेय वितरित किया गया। तेज गर्मी से परेशान राहगीरों ने शीतल पेय ग्रहण कर राहत की सांस ली और आयोजनकर्ताओं के इस सेवा भाव की सराहना की। लोगों ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में भाईचारे, सहयोग और परोपकार की भावना को मजबूत करते हैं।

रोहित डागर ने कहा कि भारतीय संस्कृति में सेवा को सबसे बड़ा धर्म माना गया है और ऐसे आयोजन समाज को सकारात्मक संदेश देने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को मानवता, सहयोग और सामाजिक एकता का संदेश भी दिया गया।

इस अवसर पर सागर शर्मा, रोहित डागर, योगेश गुर्जर, अजय ग्रोवर, सन्नी जाट, परमजीत, सोहित जाट, साहिल पंडित, दिनेश श्योकंद, कुणाल बासौद, शिवम, अंकित, विनीत बडगूजर, आशू, अमन बिश्नोई, शमशेर, हैप्पी जाट, रौनक बिसला, ईश्वर डागर, राहुल स्वामी, परवीन ठाकरे, रितिका राजपूत एवं हरियाणा के समस्त मित्रगण उपस्थित रहे।

सभी ने मिलकर राहगीरों को मीठा एवं शीतल पेय वितरित किया तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ज्येष्ठ एकादशी पर आयोजित यह सेवा कार्य क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा और लोगों ने इसे भारतीय संस्कृति, सेवा भावना तथा सामाजिक सद्भाव का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

# बैहर ब्लॉक के सेक्टर क्र. 4 में जल स्रोत पूजन एवं संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन..













जगप्रेरणा बैहर।

***दिनांक 25/05/2026 को बैहर ब्लॉक के सेक्टर क्रमांक 04 अंतर्गत ग्राम अरंडी स्थित शिव मंदिर एवं अमाही नाला पर 'जल स्रोत पूजन एवं संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम' श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ संपन्न किया गया।***

कार्यक्रम की शुरुआत माँ गंगा के ध्यान एवं जल स्रोत पूजन से हुई, जिसमें विधि-विधानपूर्वक अक्षत, पुष्प, नारियल, दही एवं दूध द्वारा जल एवं कलश पूजन किया गया। इसके पश्चात भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें ग्राम भ्रमण कर ग्रामीणों को जल संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन का संदेश दिया गया।

तत्पश्चात कलश के पवित्र जल से ग्राम नवलपुर स्थित शिव मंदिर में भगवान शिव जी का कार्यक्रम उपरांत प्रसाद वितरण किया गया।

मंदिर परिसर में आयोजित सभा के दौरान जल स्रोतों के संरक्षण, संवर्धन एवं पर्यावरण जागरूकता विषय पर विस्तार से चर्चा की गई तथा उपस्थित सभी नागरिकों को जल बचाने एवं प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर ब्लॉक समन्वयक श्री महेश पटले सर, एवं ग्राम की सरपंच श्रीमती भगवती सैयाम नवांकुर संस्था युग शक्ति महिला मंडल कि अध्यक्ष मंजुलता चौधरी, विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष अरविंद मरकाम, सचिन फूलवती तेकाम, मुख्य अतिथि देव सिंह मेरावी, एवं ग्राम सदस्य अमरावती धुर्वे, पार्वती वलके, सुमंत्रा परतें, इंद्रावती मरकाम,सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें.. मो। 9329033433

# ज़िले में किसानों ने दिल से सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

## जनकल्याण, विकास और राष्ट्र निर्माण का प्रभावी माध्यम : रामकिशोर कांवरे

### जनप्रतिनिधियों, भाजपा कार्यकर्ताओं और किसान मोर्चा की सराहनीय भूमिका









जगप्रेरणा बालाघाट।

***समूचे जिले ने बहुप्रतीक्षित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का रविवार को विशेष तौर पर किसानों संग आंखों देखा हाल देखा और सुना। गांव-नगर, खेत-खलियान, पंचायत,***

सहकारिता समिति, उपज मंडी समेत 1785 बूथों में आमजन ने मन की बात श्रवण की। कृषक समूह, जनप्रतिनिधियों, भारतीय जनता पार्टी और भाजपा किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने जनता जनार्दन के सहयोग से जगह-जगह इस महत्वपूर्ण अवसर पर उत्साह पूर्वक अपनी विशेष भूमिका निभाई। वहीं यहां केन्द्र, राज्य सरकारों की जनकल्याणकारी और किसान हितैषी योजनाओं से अवगत कराया। इस अवसर पर भाजपा बालाघाट ग्रामीण मंडल अंतर्गत ग्राम मानेगांव के सेवा सहकारी समिति, बूथ क्रमांक 176-177 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 134 वें ऐपिसोड का भाजपा जिलाध्यक्ष, पूर्व मंत्री रामकिशोर नानो कावरे ने ग्रामीण जन, किसान भाइयों और भाजपा शक्ति केन्द्र, बूथ, मंडल के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं के साथ दिल से सुनी। बतौर भाजपा कार्यकर्ताओं ने संगठन एप्प पर आयोजन की शत-प्रतिशत फोटो अपलोड की। इन अवसरों पर बड़ी संख्या गणमान्य जन, कृषक और भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारियों ,जनप्रतिनिधियों और किसान मोर्चा की सराहनीय सहभागिता रही। दौरान भाजपा किसान मोर्चा द्वारा नियुक्त प्रभारी, अतिथि और वक्ताओं ने विशेष योगदान दिया। आशय की जानकारी भाजपा जिला मीडिया सह प्रभारी जितेंद्र चौधरी ने दी।

### विकसित भारत का संकल्प : भाजपा जिलाध्यक्ष

पश्चात भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कांवरे ने कहा, मन की बात में प्रधानमंत्री द्वारा साझा किए गए प्रेरणादायी विचारों ने समाज सेवा, आत्मनिर्भर भारत, पर्यावरण संरक्षण, नवाचार एवं राष्ट्र निर्माण के संकल्प को और अधिक सुदृढ़ करने का कार्य किया। रामकिशोर कांवरे ने आगे कहा, यह कार्यक्रम देशवासियों को सकारात्मक सोच, जनकल्याण, जनभागीदारी एवं विकास के प्रति जागरूक करने का एक प्रभावी माध्यम बन चुका है। आइए, हम सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरक संदेशों को अपने जीवन में आत्मसात करते हुए विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाने का संकल्प लें।

### कृषक कल्याण के दृढनिश्चय का सशक्त मंच : यशवंत लिल्हारे

श्रृंखला में परसवाड़ा विधानसभा के समनापुर में प्रधानमंत्री के मन की बात सुनते ही भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष यशवंत लिल्हारे ने कहा, यह कार्यक्रम केवल संवाद नहीं, बल्कि देश के करोड़ों नागरिकों, किसानों को राष्ट्र निर्माण, जनभागीदारी, नवाचार और सकारात्मक परिवर्तन के लिए प्रेरित करने वाला एक सशक्त माध्यम है। प्रधानमंत्री के विचार सदैव समाज को नई दिशा, नई ऊर्जा, राष्ट्रहित और कृषि विकास में कार्य करने की प्रेरणा प्रदान करते हैं। मन की बात जन-जन की आवाज़ और विकसित भारत, कृषक कल्याण के दृढनिश्चय का सशक्त मंच है।

### अद्भुत प्रसंग अनुकरणीय: हेमेन्द्र क्षीरसागर

दौर में मंडल के जागपुर, बूथ क्रमांक 173 में भाजपा जिला मीडिया प्रभारी, बालाघाट ग्रामीण मंडल प्रभारी हेमेन्द्र क्षीरसागर ने ग्रामवासियों और भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ लोकप्रिय मन बात कार्यक्रम में भाग लिया। वहां हेमेन्द्र क्षीरसागर ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गर्मी के मौसम में स्वास्थ्य वर्धक स्थानीय देशी पेय पदार्थों को अपनाने का संदेश दिया। भारतीय एथलेटिक्स में नया इतिहास रचने वाले गुरिंदरवीर सिंह और अनिमेष कुजूर का उल्लेख किया। जैसे अनेकानेक अद्भुत प्रसंग मानव जीवन और देश के लिए अनुकरणीय साबित होंगे।

### एक-एक संदेश प्रेरणास्पद: सतीश लिल्हारे

इसी कड़ी में गोंगलई के बूथ क्रमांक 242 में भाजपा बालाघाट ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सतीश लिल्हारे ने मन की बात सुनकर कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने प्रेरक प्रसंग आम से जुड़ी भारतीय भावनाओं एवं नीदरलैंड से चोल वंशकालीन दुर्लभ ताम्रपट्टिकाओं की स्वदेश वापसी का जिक्र करते हुए भारत की सांस्कृतिक विरासत के गौरव को रेखांकित किया। सतीश लिल्हारे ने कहा निश्चित ही प्रधानमंत्री का एक-एक संदेश हम सबके लिए प्रेरणास्पद है।

# कस्टम हायरिंग केन्द्रों की समीक्षा बैठक संपन्न, खरीफ सीजन की तैयारियों पर हुआ मंथन..









जगप्रेरणा बालाघाट।

***आगामी खरीफमौसम 2026 की तैयारियों को लेकर कृषि विभाग द्वारा कस्टम हायरिंग केन्द्रों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी (एसएडीओ) कार्यालय बिरसा में संपन्न हुई, जिसमें क्षेत्र के कस्टम हायरिंग केन्द्र संचालकों ने भाग लिया।***

बैठक के दौरान संचालकों से उनके केन्द्रों में उपलब्ध कृषि यंत्रों की जानकारी प्राप्त की गई। विशेष रूप से सीड ड्रिल एवं सुपर सीडर जैसे महत्वपूर्ण कृषि यंत्रों की संख्या, उनकी कार्यशील स्थिति तथा किसानों को उपलब्धता की समीक्षा की गई। कृषि अधिकारियों ने सभी संचालकों को निर्देशित किया कि आगामी खरीफ सीजन में किसानों को आवश्यक कृषि यंत्र समय पर उपलब्ध कराए जाएं, जिससे कृषि कार्यों में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

बैठक में खरीफमौसम 2026 के दौरान डायरेक्ट सीडेड राइस (डीएसआर) पद्धति को प्रोत्साहित करने पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि डीएसआर तकनीक धान उत्पादन की आधुनिक एवं लाभकारी पद्धति है, जिससे पानी, श्रम और लागत की बचत होती है। इस तकनीक को अधिक से अधिक किसानों तक पहुंचाने के लिए आवश्यक कृषि यंत्रों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर कृषि विभाग द्वारा छ्व-स्न्ड्डह्द्ध स्द्गह्1द्बष्द्र, श्च्श्च की विस्तृत जानकारी भी प्रदान की गई। अधिकारियों ने ऐप के माध्यम से कृषि यंत्रों की ऑनलाइन बुकिंग, उपलब्धता की जानकारी प्राप्त करने तथा अन्य सुविधाओं के उपयोग की प्रक्रिया समझाई। संचालकों से कहा गया कि वे किसानों को भी इस डिजिटल प्लेटफॉर्म के उपयोग के लिए प्रोत्साहित करें, ताकि कृषि यंत्रों की बुकिंग और उपलब्धता की प्रक्रिया अधिक सरल और पारदर्शी बन सके।

बैठक में कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा देने, किसानों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने तथा खरीफसीजन की तैयारियों से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने कहा कि कृषि यंत्रों की समय पर उपलब्धता और आधुनिक तकनीकों के उपयोग से किसानों की उत्पादकता में वृद्धि होगी तथा खेती अधिक लाभकारी बन सकेगी।

कृषि विभाग ने सभी कस्टम हायरिंग केन्द्र संचालकों से समन्वय के साथ कार्य करते हुए किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और खरीफसीजन की तैयारियों को समय रहते पूर्ण करने का आह्वान किया।

व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

*बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो। 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।*










जग प्रेरणा

# वारासिवनी कटंगी

● कायदी ● डोंगरमाली ● रामपायली ● खैरलांजी ● तिरोड़ी ● बोनकट्टा ● महकेपार





दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

पिंटू गुप्ता तिरोड़ी

मो. 8770664297




## शिवधाम बायपास मार्ग पर 11 सौ मीटर पक्की निर्माणाधीन सडक का निरिक्षण कर प्रदीप जायसवाल ने दिये आवश्यक दिशा निर्देश..

### वारा ओव्हर ब्रिज की शेष राशी से बन रही पक्की सडक के निर्माण कार्य मे पूर्व मंत्री ने जबरदस्त इच्छाशक्ति का कराया परिचय









जगप्रेरणा वारासिवनी।

***पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल के विशेष प्रयासो से स्वीक्रत शिवधाम मार्ग की बायपास सडक का निर्माण कार्य तेज गति से शुरू है।***

आज दोपहर समय मे 11 सौ मीटर लागत लगभग 65 लाख रूपये से निर्माणाधीन इस सडक का निरिक्षण कर पूर्व मंत्री ने निर्माण एंजेसी को गुणवत्ता सहित अनेको आवश्यक निर्देश प्रदान किये है। साथ ही आवागमन क्रांति 26 के प्रथम चेप्टर के पूर्ण होने की जानकारी देकर ग्रामीणो को हर्षित कर दिया।

नगर मे बायपास शिवधाम मार्ग सडक के निर्माण के लिये पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने अपनी इच्छाशक्ति का जबरदस्त परिचय कराया है। दो साल पूर्व जब वारा रेल्वे क्रांसिग पर ओव्हर ब्रिज निर्माण का कार्य शुरू हुआ था।

तभी उन्होने तात्कालिन समय मे गायत्री मंदिर के सामने से वारा तक बायपास की पक्की सडक का निर्माण कार्य व नहर पर दो बडे पूलो का निर्माण कार्य पूर्ण करा दिया था। वारा ओव्हर ब्रिज के निर्माण के समय ही उन्होने बायपास शिवधाम मार्ग पर पक्की सडक के निर्माण का वादा किया था। किंतू विधानसभा चुनाव के परिणाम विपरित आने के कारण यह कार्य लंबे समय से अधूरा ही रह गया था।

दूसरी ओर वारा फ्लाई ओवर के निर्माण कार्य के शुरू होते ही इस सडक शिवधाम मार्ग बायपास पर बढते आवागमन के कारण यह मार्ग पूर्णतह क्षतिग्रस्त हो गया था।

साथ ही धूल के गूबार व अत्यधिक आवागमन से परेशान शिवधामवासीयो ने अनेको आंदोलन कर अपनी परेशानी दूर करने की प्रशासन से गुहार भी लगायी थी। पिछले माह उग्र व तेज आंदोलन के समय गुडडा भैया भी स्थल पर पहुचे थे।

जंहा से उन्होने तत्काल अधीक्षण यंत्री सेतू लोक निर्माण विभाग को निर्देश व पत्र प्रदान कर वारा फ्लाई ओवर से संबधित शिवधाम मार्ग बायपास को वारा फ्लाई ओवर की बची शेष राशी से ही निर्माण कार्य कराने के 8 जनवरी 26 को निर्देश दिये थे। इस प्रस्ताव को ब्रिज विभाग लोक निर्माण विभाग के चीफ इंजीनियर भोपाल की स्वीक्रती भी प्रदान हो गयी थी।

रिवाईस टीएस प्रथक से कराने के बाद इस स्वीक्रती के बाद अब तेज गति से निर्माण कार्य को शुरू करा दिया गया है। आज निरिक्षण के समय गुडडा भैया ने प्रतिक्रिया मे कहा की हमने वारा रेल्वे ओवर ब्रिज, गायत्री मंदिर बायपास, नहर पर दो बडे पूलो के निर्माण के बाद शिवधाम बायपास का निर्माण कार्य शुरू करा कर अपने वादे को निभाने का कार्य किया है। निरिक्षण के दौरान 8 सौ मीटर सीसी सडक का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शेष 3 सौ मीटर का कार्य चार से पांच दिनो मे पूर्ण कर लिया जायेगा।

आवागमन क्रांति 26 के प्रथम चेप्टर के अब पूर्ण होने के बाद बालाघाट सहित अन्य मार्गो पर अब लगभग 30 साल तक बडते आवागमन के बाद भी किसी प्रकार की दिक्कत का सामना नही करना पडेगा।

आज निरिक्षण के समय विशेष रूप से सर्वश्री सुर्यभान सिंह पुसाम सरपंच,प्रवीण खरोले,वायकर पारधी, रामसिंह पटेल, रमेश कनोजे, सुनिल रणदिवे, आशु कोहरे, मोनू चैधरी, राजेन्द्र पटले, ओंकार माहुले, संजू तांडवे, बबलू फुलबांधे, डालेश जैतवार, मनोज ऐलोरे, पप्पू हिरकने, महेन्द्र लांजेवार आदि के साथ लोक निर्माण विभाग सेतू संभाग के एसडीओ अर्जून सनोडिया, कार्य एंजेसी के प्रमुख सिंद्वार्थ जायसवाल व टीम साथ भी रही।

## खेत में पराली जलाने पर किसान के विरुद्ध एफ.आई.आर दर्ज..

### बोरी खुर्द की जगपति नागपुरे पर प्रशासन की कार्रवाई

### किसानों से पराली न जलाने की अपील

जगप्रेरणा लांजी।

***क्षेत्र में पराली जलाने की घटनाओं पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए ग्राम बोरी खुर्द निवासी किसान जगपति पति तुलसीराम नागपुरे के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है। यह कार्रवाई खेत में पराली जलाने से पर्यावरण को होने वाले नुकसान तथा प्रशासन द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेशों के उल्लंघन के चलते की गई है।***

प्राप्त जानकारी के अनुसार 29 मई को ग्राम बोरी खुर्द में जगपति नागपुरे द्वारा अपने खेत में पराली जलाए जाने की सूचना कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग को प्राप्त हुई थी। सूचना मिलते ही संबंधित हल्का पटवारी तथा कृषि विस्तार अधिकारी सुश्री इंदु उईके मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर पंचनामा तैयार किया। जांच में खेत में पराली जलाए जाने की पुष्टि होने पर कृषि विभाग द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ की गई।

कृषि विस्तार अधिकारी सुश्री इंदु उईके ने मामले को गंभीरता से लेते हुए लांजी थाना पहुंचकर संबंधित किसान के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की प्रासंगिक धाराओं के अंतर्गत एफआईआर दर्ज कराई। अधिकारियों के अनुसार पराली जलाने से न केवल वायु प्रदूषण बढ़ता है, बल्कि खेतों की उर्वरता भी प्रभावित होती है। इसके अलावा आग फैलने की स्थिति में आसपास के खेतों एवं किसानों की फसलों को भी नुकसान पहुंचने की आशंका बनी रहती है।

प्रशासन का कहना है कि पराली जलाने से मिट्टी में मौजूद लाभकारी सूक्ष्म जीव एवं कीट नष्ट हो जाते हैं, जिससे भूमि की उत्पादकता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। साथ ही धुएं के कारण पर्यावरण और जनस्वास्थ्य पर भी दुष्प्रभाव पड़ता है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी बालाघाट द्वारा जिले में खेतों में पराली जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। आदेश के तहत पराली जलाने की घटना पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध आर्थिक दंड के साथ-साथ आपराधिक प्रकरण दर्ज करने का प्रावधान किया गया है।

उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने जिले के किसानों से अपील करते हुए कहा है कि वे पराली जलाने की बजाय उसके वैज्ञानिक प्रबंधन के उपाय अपनाएं। उन्होंने कहा कि पराली को खेत में मिलाकर जैविक खाद के रूप में उपयोग किया जा सकता है, जिससे मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है और पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलती है। उन्होंने किसानों से प्रशासन के निर्देशों का पालन करने तथा पराली जलाने जैसी गतिविधियों से दूर रहने का आग्रह किया है।

कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में पराली जलाने की किसी भी घटना को गंभीरता से लिया जाएगा और दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

## कार और मोटरसाइकिल की भिड़ंत, युवक गंभीर रूप से घायल





जगप्रेरणा लांजी।

***लांजी क्षेत्र में लगातार सडक़ हादसो में ईजाफा होते ही जा रहा है। सडक़ सुरक्षा मानको पर जहां गंभीर सवाल खड़े हो रहे है वहीं तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक वाहन संचालन के चलते भी लगातार सडक़ हादसो मे बढोतरी दिखाई दे रही है।***

अब किन कारणो से हादसे घटित हो रहे है यह तो गंभीर जांच का विषय है लेकिन शासन प्रशासन को सडक़ सुरक्षा मानको के साथ लापरवाही पूर्वक एवं नशे में वाहन चलाने वालों सक्त कार्यवाही करना अब अत्यंत लाजमी होता जा रहा है।

### लांजी आमगांव मार्ग पर रात्रि 8 बजे घटित घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल, सडक़ पर मची अफरा तफरी

प्राप्त जानकारी के अनुसार लांजी आमगांव मार्ग पर ग्राम पालडोंगरी एवं साडरा के मध्य 30 मई की रात्रि लगभग 8 बजे एक भीषण सडक़ हादसा घटित हुआ जिसमे एक कार और मोटर सायकल आपस में टकरा गई जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबध में बताया गया कि राहुल मर्सकोले (लगभग 30 वर्ष), पिता सुखचरण मर्सकोले, निवासी वार्ड क्रमांक-1 बकरामुंडी, लांजी, अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 50 एमए 2192 से आमगांव से लांजी रात्रि लगभग 8 बजे घर लौट रहा था जैसे ग्राम साडरा और पालडोंगरी के मध्य पंहुचा तो लांजी की ओर से चौपहिया वाहन क्रमांक एमएच 35 एआर 7679 जो कि आमगांव की ओर जा रहा था उक्त स्थल पर मोटर सायकल कार से जा टकराई जिसमें युवक राहुल मोटर सायकल सहित सडक़ पर गिर पड़ा जिसें गंभीर चोटे आई है।

इसी दौरान टक्कर मारने वाले वाहन में सवार मुलचंद गायधने, निवासी ग्राम जवरी, तहसील आमगांव (महाराष्ट्र) ने स्थानीय लोगो की सहायता से एक निजी वाहन से घायल युवक को तत्काल सिविल अस्पताल लांजी पहुंचाया।

अस्पताल में चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे उच्चस्तरीय उपचार के लिये गोंदिया रिफर कर दिया। वर्तमान में युवक की स्थिती सामान्य बताई जा रही है। वही स्थानीय लोगों का दुर्घटना को लेकर कहना है कि इस मार्ग पर लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं, लेकिन सुरक्षा उपायों को लेकर अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। पुलिस ने मामले की जानकारी लेकर जांच शुरू कर दी है। दुर्घटना के वास्तविक कारणों का खुलासा जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगा।

### विधायक गौरव सिंह पारधी की कटंगी क्षेत्र को एक और बड़ी सौगात

## ग्राम वरुड़ में 3.49 करोड़ की लागत से बनने वाले दो प्रमुख मार्गों का हुआ भव्य भूमिपूजन









जगप्रेरणा कटंगी।

***कटंगी-खैरलांजी विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण अंचल में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और सड़कों के सुदृढ़ीकरण की दिशा में क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी के प्रयासों से एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ी है।***

विधायक पारधी की विशेष पहल पर लोक निर्माण विभाग (क्कङ्खष्ठ) के अंतर्गत लगभग 3.5 करोड़ रुपये की लागत से दो प्रमुख पक्के मार्गों की प्रशासनिक स्वीकृति मिली है। इन दोनों स्वीकृत कार्यों का शनिवार को विधायक गौरव सिंह पारधी ने क्षेत्र के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में विधि-विधान के साथ भूमिपूजन किया, जिससे क्षेत्र में विकास कार्यों को एक नई गति मिली है।

### 3.5 करोड़ से चमकेगी क्षेत्र की सड़कें: वरुड़ से सिरपुर और टेकाड़ी का सफर होगा बेहद आसान

ग्रामीण अंचल में आवागमन को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए शासन स्तर से इस बड़े बजट की स्वीकृति मिली है। इस सौगात के अंतर्गत दो महत्वपूर्ण पक्की सड़कों का निर्माण किया जाएगा। इसमें 166.78 लाख की लागत से बनने वाला 1.90 किमी लंबा वरुड़ से सिरपुर मार्ग तथा 183.00 लाख की लागत से बनने वाला 2.30 किमी लंबा वरुड़ से टेकाड़ी मार्ग शामिल है। इन दोनों मुख्य मार्गों के निर्माण से क्षेत्र की अधोसंरचना मजबूत होगी और ग्रामीणों को उबड़-खाबड़ रास्तों से हमेशा के लिए निजात मिल जाएगी।

### हर ग्राम को बेहतर कनेक्टिविटी देना हमारी पहली प्राथमिकता- गौरव सिंह पारधी

इस अवसर पर क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए विधायक श्री गौरव सिंह पारधी ने कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास और हर गाँव को मुख्य व बेहतर सड़कों से जोड़ना ही हमारी पहली प्राथमिकता है। क्षेत्र को इतनी बड़ी सौगात मिलने पर विधायक पारधी ने विकासोन्मुखी सोच के लिए प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी एवं लोक निर्माण विभाग (क्कङ्खष्ठ) मंत्री श्री राकेश सिंह जी का हृदय से आभार और धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शीर्ष नेतृत्व के सहयोग से ये नवनिर्मित सड़कें न सिर्फगांवों को आपस में जोड़ेंगी, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र में व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं की राह को भी बेहद आसान और सुलभ बनाएंगी।

### ग्रामीणों ने विकास कार्यों के लिए जताया आभार: वरुड़, सिरपुर और टेकाड़ी में हर्ष का माहौल

लंबे समय से चली आ रही इस बड़ी मांग के पूरा होने पर वरुड़, सिरपुर और टेकाड़ी ग्राम के सम्मानित नागरिकों एवं वरिष्ठ जनों में भारी हर्ष और उत्साह देखा गया। क्षेत्र में विकास के इस नए अध्याय की शुरुआत होने पर स्थानीय जनता ने विधायक गौरव सिंह पारधी का आत्मीय स्वागत किया। नागरिकों ने क्षेत्र की समस्याओं का त्वरित समाधान करने और इतनी बड़ी सौगात दिलाने के लिए विधायक एवं प्रदेश सरकार के प्रति हृदय से धन्यवाद और आभार प्रकट किया।

### भूमिपूजन कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

**इस गरिमामयी अवसर पर जनपद सदस्य श्रीमती बबिता वरकड़े, श्रीमती छबिलता रामकिशोर वाहने, मंडल अध्यक्ष श्री सौरभ ठाकरे, श्री जुगराज पटले, वरुड़ सरपंच श्रीमती गीता गन्नूलाल बिसेन, सिरपुर सरपंच श्रीमती मिताली प्रमोद खंडायत, टेकाड़ी सरपंच श्रीमती अनीता अनिल रावतकर, उपसरपंच श्रीमती चन्दाबाई धमगाये, पंच श्रीमती अरुणा धमगाये, बूथ अध्यक्ष श्री सेवप्रसाद पटले, श्री नैनसिंह बिसेन, श्री विक्रमसिंह बिसेन, श्री संजय राहंगडाले, श्री नत्थू रामसिंह बिसेन सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और भारी संख्या में माताएं-बहनें व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।**









दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजय टेंभरे लांजी
मो. 7697505999

जग प्रेरणा

लांजी किरनापुर

● हिर्री ● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● बहेला ● रिसेवाड़ा ● कारंजा ● साडरा

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

# घर से नकदी और सोने के जेवरात पर चोरो ने किया हाथ साफ..

## पुलिस के चुनौती बनी जांच..





जगप्रेरणा लांजी।

***चोरी की वारदातें अक्सर अपने पीछे नुकसान छोड़ जाती हैं, लेकिन कुछ घटनाएं ऐसी भी होती हैं जो अपने साथ कई अनसुलझे सवाल छोड़ जाती हैं।***



लांजी नगर के वार्ड क्रमांक 6 स्थित मरार मोहल्ले में सामने आई चोरी की एक ऐसी ही हैरतअंगेज वारदात इन दिनों चर्चा का विषय बनी हुई है। चोर घर में दाखिल हुए, अलमारी खंगाली, लाखों रुपये की नकदी और करीब सात तोला सोना समेटकर रफू चक्कर हो गए, मगर परिवार को इसकी आहट तक नहीं लगी।

हैरत की बात यह है कि वारदात का खुलासा भी दो-तीन दिन बाद हुआ, जब घर के मुखिया किसी काम से अलमारी खोलने पहुंचे। प्राप्त जानकारी के अनुसार मरार मोहल्ला निवासी रूपेश पिता बुधराम बड़में केटरिंग का कार्य करते हैं। उनकी पत्नी प्रमिला स्कूल में मध्यान्ह भोजन बनाने का कार्य करती हैं। जबकि दोनों पुत्र प्रवीण (24 वर्ष) एवं अनुज (21 वर्ष) सब्जी व्यवसाय से जुड़े हुए हैं। परिवार के सदस्य रोजाना की तरह अपने-अपने कार्यों में व्यस्त रहते हैं।

### आलमारी खोलते हुए उड़ गए होश..

30 मई को रूपेश बड़में अपने दोपहिया वाहन के सुधार कार्य के लिए घर से कुछ रुपये लेने पहुंचे। जैसे ही उन्होंने अलमारी खोली, सामने का मंजर देखकर उनके होश उड़ गए। अलमारी में रखे गुल्लक से करीब 15 हजार रुपयेए एक बैग में रखे 45 हजार रुपये तथा अन्य स्थानों पर रखी लगभग 70 से 80 हजार रुपये की नकदी गायब था। इसके साथ ही अलमारी में सुरक्षित रखे सोने के जेवरात भी चोरों के निशाने पर रहे। पीड़ित के अनुसार चोरी हुए जेवरातों में रानी हार, कान के टॉप्स का एक जोड़ा, सोने की अंगूठी, चैन, लॉकेट तथा बेटों की शादी के लिए बनवाए गए गले के बिल्ले शामिल हैं। कुल मिलाकर करीब सात तोला सोना चोरी होने की बात कही जा रही है। नकदी और जेवरातों को मिलाकर नुकसान लगभग 10 से 12 लाख रुपये का बताया जा रहा है।

### चोरी कब हुई, यही सबसे बड़ा सवाल..

इस पूरे घटनाक्रम का सबसे दिलचस्प और रहस्यमय पहलू यह है कि चोरी आखिर कब हुई। रूपेश बड़में का कहना है कि परिवार के सदस्य कामकाज में व्यस्त रहने के कारण अलमारी को प्रतिदिन नहीं खोलते थे। आशंका है कि चोर दो से तीन दिन पहले ही वारदात को अंजाम देकर निकल चुके थे और किसी को इसकी भनक तक नहीं लगी। यही वजह है कि अब वारदात का सटीक समय भी जांच का अहम बिंदु बन गया है। घटना सामने आते ही परिवार में मायूसी और बेचैनी का माहौल बन गया। बरसों की जमा-पूंजी और पारिवारिक जरूरतों के लिए संभालकर रखे गए जेवरात एक झटके में गायब हो जाने से परिवार गहरे सदमे में है। विशेष रूप से बेटों के विवाह के लिए तैयार कराए गए आभूषणों के चोरी हो जाने से परिवार की चिंता और बढ़ गई है।

### शिकायत के बाद जांच में जुटी पुलिस..

घटना की जानकारी मिलते ही इसकी मौखिक सूचना पुलिस थाना लांजी को दी गई थी। सूचना पर पुलिस कर्मचारी मौके पर पहुंचे और प्रारंभिक मुआयना किया। रविवार को रूपेश बड़में ने थाना पहुंचकर लिखित शिकायत आवेदन भी प्रस्तुत किया।

लांजी थाना प्रभारी दीपसिंह परमार ने बताया कि पीड़ित परिवार द्वारा पहले मौखिक जानकारी दी गई थी तथा रविवार को आवेदन प्रस्तुत किया गया है। पुलिस द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की तफ्तीश की जा रही है और उपलब्ध तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# शासकीय महाविद्यालय किरनापुर में डॉक्टर इंजू खान के सेवानिवृत्ति विदाई समारोह का हुआ आयोजन..

जगप्रेरणा किरनापुर।

***शासकीय महाविद्यालय किरनापुर में दिनांक 30 मई 2026 को अर्थशास्त्र विभाग अध्यक्ष डॉक्टर इंजू खान के सेवानिवृत्ति अवसर पर गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन महाविद्यालय परिवार द्वारा किया गया।***

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर सुनीता जैन द्वारा की गई कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में आयशा खान प्राध्यापक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धार उपस्थिति रही। उनके साथ उनकी सुपुत्री कुमारी आरजू खान भी विशेष रूप में उपस्थिति रही कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं प्राध्यापक गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इसके पश्चात डॉक्टर इंजु खान का पुष्प गुच्छ, शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। स्वागत उदबोधन देते हुए प्राचार्य डॉक्टर सुनीता जैन ने डॉक्टर इंजू खान के दीर्घ शैक्षणिक अनुभव अनुशासन एवं महाविद्यालय के प्रति उनके योगदान की सराहना की तथा उनके स्वास्थ्य एवं सुखद भविष्य की कामना की कार्यक्रम में डॉक्टर त्रिवेदी सुलाखे ने अपने वक्तव्य में डॉक्टर इंजु खान के सरल व्यक्तित्व एवं कार्य निष्ठा का उल्लेख किया। महाविद्यालय के बड़े बाबू श्रीमती सरिता सिंह ने अपने संबोधन में उनके सहयोगात्मक व्यवहार एवं प्रशासनिक कार्यो में सदैव सकारात्मक भूमिका को स्मरण किया। अर्थशास्त्र विभाग से वरेण्य सीरसाटे ने विभागीय कार्यों में उनके मार्गदर्शन एवं नेतृत्व की प्रशंसा की अपने भावपूर्ण उद्बोधन में डॉक्टर इंजु खान ने महाविद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अपने सेवा काल के अनुभव साझा किया उन्होंने कहा कि महाविद्यालय परिवार सदैव उनके जीवन का अभिन्न हिस्सा रहेगा कार्यक्रम में डॉक्टर इंजु खान की पत्नी मुख्य अतिथि डॉक्टर आयशा




खान एवं सुपुत्री कुमारी आरजू खान ने भी अपने विचार व्यक्त किया। डॉक्टर इंजु खान के व्यक्तित्व एवं कार्यों पर प्रकाश डाला कार्यक्रम के अंत में हिंदी विभाग अध्यक्ष डॉक्टर पल्लवी रीनाहिते द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया उन्होंने उपस्थित सभी अतिथियों प्राध्यापक को एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया संपूर्ण कार्यक्रम का कुशल एवं प्रभावी मंच संचालन डॉक्टर डालेश कुमार विजयवार द्वारा किया गया। विदाई समारोह की पूर्व संध्या पर प्राचार्य डॉक्टर सुनीता जैन द्वारा डॉक्टर इंजु खान का आत्मीय स्वागत एवं सम्मान भी किया गया जिससे समारोह का वातावरण अत्यंत भावनात्मक एवं गरिमामय बन गया। अंत में सभी ने डां. इंजू खान के उत्तम स्वास्थ्य सुखद एवं सफल भविष्य की मंगल कामनाएं व्यक्त की। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के अधिकारी कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा।

# लंबी दूरी की बसों में ठूस ठूस कर भरे जा रहे यात्री, परिवहन विभाग ने जिम्मेदारी से मुंह मोड़ा

जगप्रेरणा लांजी।

***बालाघाट जिला इन दिनों 40 से 45 डिग्री सेल्सियस की झुलसा देने वाली भीषण गर्मी की चपेट में है। आसमान से बरसती आग के बीच सफर करना किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं है।***



ऐसे में यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी जिस परिवहन विभाग (आरटीओ) और यातायात पुलिस पर है, उसका एक दोहरा चेहरा सामने आया है। विभाग छोटी दूरी के बस संचालकों पर तो नियम कायदे थोपकर चालानी कार्यवाही की 'वाहवाही' लूट रहा है, लेकिन दमोह-सालेटेकरी से लांजी होकर हैदराबाद जाने वाली लंबी दूरी की की बसों के आगे घुटने टेके बैठा है। बड़ा सवाल यह है कि आखिर परिवहन अधिकारी किसके दबाव में अपनी आंखें मूंदे बैठे हैं ? क्या विभाग को किसी बड़े हादसे का इंतजार है? इन बसों में मजबूरी में सफर करने वाले यात्रियों कहना है कि इन बसों पर केवल कागजी नहीं, बल्कि ऐसी दंडात्मक कार्यवाही हो जिससे इनकी मनमानी पर हमेशा के लिए लगाम लग सके।

### 45 डिग्री का टॉर्चर और सुविधाओं के नाम पर 'सन्नाटा'..

लगभग एक पखवाड़े पहले परिवहन विभाग ने जनता के गुस्से को शांत करने के लिए हैदराबाद जाने वाली बसों पर एक दिखावे की कार्यवाही की थी। लेकिन वह कार्यवाही महज एक छलावा साबित हुई। 'ढाक के तीन पात' वाली कहावत को चरितार्थ करते हुए अधिकारी अब फिर से अपने दफ्तरों में बैठ गए हैं और इन रसूखदार बस संचालकों को जनता की जान से खिलवाड़ करने की खुली छूट दे दी गई है। वर्तमान में बालाघाट और हैदराबाद दोनों ही जगह तापमान रिकॉर्ड तोड़ रहा है। इतनी भीषण गर्मी में हैदराबाद जैसी लंबी दूरी (लगभग 700 से 800 किलोमीटर) का सफर तय करने वाली इन बसों में सुविधाओं के नाम पर कुछ भी नहीं है। क्षमता से दोगुनी सवारियां भेड़-बकरियों की तरह ठूंसी जा रही हैं। लंबी दूरी की बसों के लिए तय सुरक्षा मानक (जैसे इमरजेंसी गेट, फर्स्ट एड, अग्निशमन यंत्र, दुरुस्त एसी/कूलिंग) हवा में हैं। सवारियां उठाने की होड़ में ये बसें सडक़ों पर दौड़ नहीं रहीं, बल्कि मौत बनकर भाग रही हैं।

**1 अप्रैल 2026 से नियम लागू, फिर भी खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ा रही हैं ऑल इंडिया परमीट बसें-** भारत सरकार के मिनीस्टरी ऑफरोड ट्रांसपोर्ट एवं हाईवेस द्वारा 13 फरवरी 2024 को जारी राजपत्र अधिसूचना के माध्यम से ऑल इंडिया टुरिस्ट परमीट बसों के संचालन को लेकर महत्वपूर्ण संशोधन किए गए थे, जो 01 अप्रैल 2026 से लागू हो चुके हैं।

### परिवहन विभाग के नाक नीचे उड़ाई जा रही नियमों की धज्जियाँ..

इन संशोधनों का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि ऑल इंडिया परमीट बसों का उपयोग केवल कॉन्ट्रैक्ट कैरिज (पूर्व अनुबंध) के आधार पर हो तथा इनका संचालन मुख्य रूप से टूअर, तीर्थ यात्रा एवं ग्रुप बुकिंग के लिए सीमित रहे। स्पष्ट रूप से यह प्रावधान किया गया है कि ऐसी बसें स्टैज कैरिज (सामान्य रूट बस) की तरह कार्य नहीं कर सकतीं। लेकिन 1 अप्रैल 2026 से नियम लागू होने के बाद भी कई स्थानों पर खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ती दिखाई दे रही हैं। वर्तमान में दमोह- लांजी- हैदराबाद रूट पर कई ऑल इंडिया परमीट बसें ऐसे संचालित हो रही हैं मानो वे नियमित रूट बस हों। ये बसें रास्ते में विभिन्न स्थानों से सवारियां उठाती और उतारती हैं, प्रति यात्री किराया वसूलती है। बस स्टैंड/स्टॉप पर नियमित रूप से रुकती हैं, बिना किसी पूर्व अनुबंध के यात्रियों को ले जाती हैं। यह स्थिति उस उद्देश्य के बिल्कुल विपरीत दिखाई दे रही है, जिसके लिए यह संशोधन लागू किया गया था।

इसके अतिरिक्त, गंभीर चिंता का विषय यह भी है कि 30-40 सीटर स्लीपर क्षमता वाली बसों में 100 से अधिक यात्रियों को बैठाकर संचालन किए जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं, जो न केवल नियमों का उल्लंघन है बल्कि यात्रियों की सुरक्षा के साथ गंभीर खिलवाड़ भी है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि ये बसें महाराष्ट्र एवं तेलंगाना राज्य के परिवहन चेकपोस्ट से नियमित रूप से गुजरती हैं, जिससे यह प्रश्न भी उठ रहा है कि चेकपोस्ट स्तर पर पर्याप्त निगरानी हो रही है या नहीं।

1 अप्रैल 2026 से नियम लागू होने के बाद अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब खुलेआम नियमों का उल्लंघन जारी है, तब प्रशासन इन गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाने के लिए क्या कदम उठाता है। संबंधित विभागों से अपेक्षा है कि इस रूट पर विशेष जांच अभियान चलाए जाएं, ओवरलोडिंग एवं अवैध संचालन पर सख्त कार्रवाई की जाए, चेकपोस्ट की भूमिका की जांच सुनिश्चित की जाए, नियमों का कड़ाई से पालन करवाया जाए। अब यह प्रशासन के लिए एक महत्वपूर्ण परीक्षा है कि नियम केवल कागजों तक सीमित रहते हैं या जमीनी स्तर पर भी प्रभावी रूप से लागू होते हैं।

### बोले अनिमेष गढ़पाल..

हैदराबाद बस संचालको को शाम 6 बजे के बाद की अनुमति दी गई है। साथ जिस तरह छोटे रूट की बसों पर जो नियम लागू होते है वही लंबी दूरी पर चलने वाली बसों पर भी। जो भी बसें नियम विरूद्ध संचालित हो रही हैं उन पर विभाग द्वारा सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# 11 के वी विद्युत सुधार कार्य के दौरान करेंट की चपेट में आया आउटसोर्स कर्मचारी..

### उच्च उपचार के लिए भिलाई रिफर..



जगप्रेरणा लांजी।

***विद्युत विभाग की एक गंभीर लापरवाही ने रविवार 31 मई की सुबह एक आउटसोर्स कर्मचारी की जान जोखिम में डाल दी। ग्राम वारी में 11 केव्ही विद्युत लाइन के सुधार***





कार्य के दौरान अचानक करंट प्रवाहित हो जाने से पोल पर चढ़ा कर्मचारी नीचे गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद उसे तत्काल सिविल अस्पताल लांजी लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उच्चस्तरीय उपचार के लिए भिलाई रेफर किया गया है। यह घटना न केवल विभागीय समन्वय की कमी को उजागर करती है, बल्कि यह भी बताती है कि बिजली जैसी संवेदनशील व्यवस्था में एक छोटी सी चूक किस तरह किसी कर्मचारी की जान पर भारी पड़ सकती है। गनीमत रही कि हादसे में कर्मचारी की जान बच गई, अन्यथा परिणाम कहीं अधिक भयावह हो सकते थे। घटना की प्राप्त जानकारी के अनुसार सतीश रहांगडाले (30 वर्ष), पिता लोकराम रहांगडाले मनेरी निवासी आउटसोर्स कर्मचारी के रूप में मीटर चालक के रूप में विद्युत विभाग में कार्य करता है। रविवार सुबह ग्राम वारी की कच्ची सडक़ के पास स्थित 11 केवी विद्युत लाइन का एक तार इंसुलेटर से निकलकर नीचे आ गया था। उक्त खराबी को दूर करने के लिए सतीश अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचा था। बताया गया कि सुधार कार्य प्रारंभ करने से पूर्व लाइन बंद कराई गई थी और इसी आधार पर वह विद्युत पोल पर चढक़र कार्य कर रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह लगभग 9.45 बजे अचानक लाइन में करंट प्रवाहित हो गया। करंट लगते ही सतीश का संतुलन बिगड़ गया और वह ऊंचे पोल से नीचे आ गिरा। गिरने से उसके चेहरे, दोनों पैरों तथा शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद साथी कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई और उसे तत्काल सिविल अस्पताल लांजी पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए भिलाई रेफर कर दिया। घायल सतीश रहांगडाले ने बताया कि वह 11 केवी पोल पर चढक़र सुधार कार्य कर रहा था। लाइन बंद होने की जानकारी दी गई थी, लेकिन अचानक पोल में करंट आ गया, जिससे वह नीचे गिर गया। हादसे में उसके चेहरे और दोनों पैरों में गंभीर चोटें आई हैं।

### बोले जेई विश्वजीत शर्मा..



घटना को लेकर कारंजा फीडर के जेई विश्वजीत शर्मा ने कहा कि घटना के समय घायल कर्मचारी के साथ लाइनमैन भी मौजूद था। सतीश पूर्व में भी कई बार इसी प्रकार के सुधार कार्य कर चुका है। प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि सब स्टेशन स्तर पर किसी तकनीकी अथवा मानवीय त्रुटि के कारण यह घटना हुई है। पूरे मामले की जांच कराई जा रही है तथा विभाग के सभी वरिष्ठ अधिकारियों को घटना की सूचना दे दी गई है।

विभागीय स्तर पर इस पूरे मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि विभाग घायल कर्मचारी के उपचार को लेकर गंभीर है। उसके इलाज में विभाग एवं वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा हरसंभव सहयोग और सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। कर्मचारी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं तथा आवश्यकता अनुसार हर स्तर पर मदद सुनिश्चित की जाएगी। जांच रिपोर्ट आने के बाद घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाया जाएगा।

# तंबाकू के सेवन से शरीर में होते हैं विभिन्न रोग

### इनके उत्पादकों का ना करे उपयोग..

जगप्रेरणा लांजी।

सिविल अस्पताल लांजी में विश्व तंबाकू निषेध सप्ताह 25 मई से 31 मई 2026 के अवसर पर राष्टीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम एंटीसीपी के अन्तर्गत दंत स्वास्थ्य एवं तंबाकू उत्पादों का निषेध विषय पर शिविर का सफ्लतापूर्वक आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप एवं खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अक्षय कुमार उपराडे के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम के कुशल समन्वय में डॉ. सृष्टि गुप्ता दंत चिकित्सा अधिकारी, डॉ. संस्कृति अग्रवाल दंत चिकित्सा विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ अंकित खरोले, मेडिकल ऑफिसर डॉ अनिल राठौर, डॉ महेन्क मेश्राम एवं शिव हरिनखेड़े उमंग काउंसलर, काउंसलर प्रमिला कटरे आईसीटीसी, अजेंद्र श्रीरामे बीईई, श्याम डोहरे एमटीएस एवं हॉस्पिटल के समस्त स्टाफउपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान डॉ. सृष्टि गुप्ता द्वारा दंत उपचार संबंधी सलाह एवं तंबाकू के प्रयोग से होने वाले विभिन्न रोगों जैसे हृदय रोग, श्वास संबंधी रोग, लिवर एवं किडनी आदि पर पडने़ वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। साथ ही सीओटीपीए एक्ट की जानकारी तथा तंबाकू अथवा अन्य सिगरेट उत्पादों को छोडऩे के इच्छुक व्यक्तियों के लिये जिला अस्पताल बालाघाट में स्थापित टीसीसी सेंटर की जानकारी दी गई एवं उपचार हेतु प्रेरित किया गया। इसी दौरान





उमंग काउंसलर शिव हरिनखेड़े द्वारा बताया गया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हर साल दुनिया भर में लाखों लोग तंबाकू के सेवन के कारण अपनी जान गंवाते हैं। इसमें वे लोग भी शामिल हैं जो खुद धूम्रपान नहीं करते, बल्कि दूसरों के धुएं पैसिव स्मोकिंग के संपर्क में आने से बीमार होते हैं। स्वास्थ्य के प्रति जागरूकताः तंबाकू और सिगरेट के सेवन से कैंसर विशेषकर फेफड़ों का कैंसर, दिल की बीमारियां हार्ट अटैक, स्ट्रोक और फेफड़ों की गंभीर बीमारियां होती हैं। खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ अक्षय उपराडे द्वारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जन सामान्य को बताया कि विश्व तंबाकू निषेध दिवस हर साल 31 मई को दुनिया भर में मनाया जाता है। इसे मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को तंबाकू से होने वाले गंभीर स्वास्थ्य नुकसानों के प्रति जागरूक करना और उन्हें इसे छोडऩे के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम के अंत में सभी कर्मचारी एवं जन सामान्य को तम्बाकू एवं तंबाकू उत्पादों का प्रयोग नहीं करने की शपथ दिलाई गई ।



लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सोमग्रीयां आमंत्रित है..

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 93290-33433





दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 94070 33433

# तंबाकू निषेध दिवस 31 मई 2026 मनाने के साथ शासन प्रशासन विद्यालयों, महाविद्यालयों, पंचायतों, नगर निकायों, सामाजिक संगठनों, धार्मिक संस्थाओं, चिकित्सक समुदाय, मीडिया और राजनीतिक दलों को साथ मिलकर सशक्त राष्ट्रव्यापी उग्र तंबाकू निषेध आंदोलन चलाने की जरूरत?

**तंबाकू निषेध नशा मुक्त भारत-अगर भ्रष्टाचार, आरक्षण, नागरिकता, कृषि कानून, क्षेत्रीय पहचान या सामाजिक न्याय के प्रश्न राष्ट्रीय बहस और जनआंदोलन का विषय बन सकते हैं, तो नशा मुक्त संपूर्ण क्रांति आंदोलन क्यों नहीं बना?**

***वैश्विक स्तरपर हर वर्ष 31 मई को पूरी दुनियाँ में वर्ल्ड नों टोबैक्को अर्थात विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। हर वर्ष इस अवसर पर भाषण होते हैं, शपथ ली जाती है, पोस्टर लगाए जाते हैं और तंबाकू के दुष्परिणामों पर चर्चा होती है। लेकिन एक कड़वा प्रश्न आज हमारे सामने खड़ा है,***

क्या केवल एक दिन का यह प्रतीकात्मक आयोजन उस भयावह महामारी को रोक सकता है जो प्रतिदिन लाखों लोगों के शरीर में कैंसर, हृदय रोग, स्ट्रोक और फेफड़ों की घातक बीमारियों का जहर घोल रही है? भारत जैसे विशाल लोकतांत्रिक देश में नागरिकता कानून, आरक्षण, भ्रष्टाचार, किसानों की समस्याएं, भाषा विवाद, जल-जंगल-जमीन के प्रश्न, मंडल -कमंडल की राजनीति, जनलोकपाल आंदोलन, महिला सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण, महंगाई, बेरोजगारी और क्षेत्रीय अस्मिता जैसे मुद्दे बड़े जनांदोलनों का रूप ले चुके हैं। सड़कों पर लाखों लोग उतरते हैं,संसद और विधान सभाओं में बहस होती है, सरकारें झुकती हैं और नीतियां बदलती हैं।परंतु मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र इस आर्टिकल का माध्यम से शासन प्रशासन व समाज से पूछना चाहता हूं कि तंबाकू, जो हर वर्ष लाखों परिवारों को उजाड़ देता है, आज भी उतना बड़ा राजनीतिक और सामाजिक आंदोलन क्यों नहीं बन पाया? जब किसी परिवार का कमाने वाला सदस्य तंबाकूजनित कैंसर से मरता है, जब किसी बच्चे का पिता गुटखा या सिगरेट के कारण असमय दुनियाँ छोड़ देता है, जब किसी मां की आंखों के सामने उसका जवान बेटा निकोटीन की लत का शिकार होकर जीवन हार जाता है, तब यह केवल व्यक्तिगत त्रासदी नहीं रह जाती,बल्कि यह राष्ट्रीय चिंता का विषय बन जाती है। मेरे अपने एक निकट संबंधी की मृत्यु भी तंबाकूजनित कैंसर के कारण हुई। ऐसे हजारों-लाखों परिवारों का दर्द यह संकेत देता है कि अब तंबाकू निषेध को केवल स्वास्थ्य अभियान नहीं बल्कि एक व्यापक सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक आंदोलन का रूप देने की आवश्यकता है।

साथियों बात अगर हम तंबाकू व नशीली चीजों के खिलाफ़ बहुत बड़े आंदोलन की करें तो तंबाकू निषेध आंदोलन को इस तरह के आंदोलन समक़क्ष बनाने की जरूरत है जैसे भारतीय लोकतंत्र का इतिहास इस बात का साक्षी रहा है कि जब किसी मुद्दे को जनआंदोलन का रूप मिला, तब उसने सरकारों की नीतियों,कानूनों और सामाजिक व्यवहार को प्रभावित किया। वर्ष 1974 का जेपी आंदोलन (संपूर्ण क्रांति आंदोलन), वर्ष 1990 का मंडल आयोग आरक्षण आंदोलन 1980 और 1990 के दशक का राम जन्मभूमि आंदोलन,वर्ष 2011 का अन्ना हजारे के नेतृत्व वाला भ्रष्टाचार विरोधी जनलोकपाल आंदोलन, वर्ष 2019- 20 का नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) विरोधी आंदोलन, वर्ष 2020-21 का कृषि कानूनों के विरुद्ध किसान आंदोलन, वर्ष 2015 और उसके बाद विभिन्न राज्यों में हुए पटीदार आरक्षण आंदोलन,जाट आरक्षण आंदोलन, मराठा आरक्षण आंदोलन, गुर्जर आरक्षण आंदोलन तथा हाल के वर्षों में विभिन्न राज्यों में जातीय, सामाजिक और क्षेत्रीय पहचान से जुड़े आंदोलनों ने यह सिद्ध किया है कि संगठित जनदबाव लोकतांत्रिक व्यवस्था में परिवर्तन का महत्वपूर्ण माध्यम बन सकता है।इन आंदोलनों ने न केवल राजनीतिक विमर्श को प्रभावित किया बल्कि सरकारों को अपनी नीतियों पर पुनर्विचार करने के लिए भी बाध्य किया। आज 30 मई 2026 से महाराष्ट्र में शुरू हुआ मनोहर जरांगे का मराठा आरक्षण आंदोलन सहित देश के अनेक हिस्सों में सामाजिक, जातीय और आरक्षण से जुड़े आंदोलन लगातार सुर्खियों में हैं, जो यह दर्शाते हैं कि जनता जब किसी विषय को अपने अस्तित्व, अधिकार या भविष्य से जोड़ लेती है तो वह एक विशाल जनशक्ति का रूप धारण कर लेता है। तो फिर तंबाकू व नशीली चीजों के विरुद्ध ऐसा आंदोलन किसी राजनीतिक सामाजिक या व्यक्तिगत संगठन में क्यों नहीं उठाया है यह विचारणीय प्रश्न है?

साथियों, पिछले एक दशक में नशे का स्वरूप तेजी से बदला है। कभी बीड़ी, सिगरेट और तंबाकू की पुड़िया तक सीमित रहने वाला यह कारोबार अब अत्याधुनिक तकनीक के आवरण में युवाओं के सामने प्रस्तुत किया जा रहा है। ई- सिगरेट, वेप्स, निकोटीन पॉड्स, फ्लेवर्ड हुक्के, निकोटीन पाउच और विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक धूम्रपान उपकरण आधुनिक जीवनशैली के प्रतीक के रूप में प्रचारित किए जा रहे हैं। तंबाकू उद्योग ने समझ लिया है कि यदि उसे नई पीढ़ी को अपने जाल में फंसाना है तो उत्पाद का स्वरूप बदलना होगा। इसलिए आज कई वेपिंग उपकरण पेन ड्राइव, स्मार्ट गैजेट, इलेक्ट्रॉनिक पेन या स्टाइलिश एक्सेसरी जैसे दिखाई देते हैं। किशोर और युवा इन्हें आधुनिकता, स्वतंत्रता और सामाजिक प्रतिष्ठा का प्रतीक समझने लगते हैं। चॉकलेट, स्ट्रॉबेरी, ब्लूबेरी, वनीला, मिंट और अन्य आकर्षक फ्लेवर के माध्यम से निकोटीन को मीठे जहर के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है।यह रणनीति केवल व्यापारिकनहीं बल्कि मनोवैज्ञानिक भी है,क्योंकि स्वाद और आकर्षण के माध्यम से लत को आसान बनाया जाता है।

साथियों, सबसे चिंताजनक बात यह है कि इन आधुनिक उत्पादों को अक्सर पारंपरिक सिगरेट से कम हानिकारक बताने का भ्रम फैलाया जाता है।अनेक युवा यह मान लेते हैं कि वेपिंग सुरक्षित है,जबकि वैज्ञानिक अध्ययनों ने संकेत दिया है कि ई-सिगरेट से निकलने वाला एयरोसोल निकोटीन सहित अनेक हानिकारक रसायनों से भरा होता है। निकोटीन स्वयं अत्यधिक नशे की लत पैदा करने वाला पदार्थ है। इसके अतिरिक्त कई उपकरणों में प्रयुक्त धातुओं, रसायनों और अन्य तत्वों के दीर्घकालिक प्रभाव अभी भी शोध का विषय हैं। इसलिए यह कहना कि आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक धूम्रपान पूरी तरह सुरक्षित है, वैज्ञानिक दृष्टि से उचित नहीं होगा।वास्तव में यह नशे का नया मुखौटा है,जिसका उद्देश्य युवाओं को आकर्षित करना और बाजार का विस्तार करना है।तंबाकू और निकोटीन की इस महामारी का सबसे भयावह पक्ष यह है कि इसका शिकार केवल सेवन करने वाला व्यक्ति ही नहीं होता।पैसिव स्मोकिंग या अप्रत्यक्ष धूम्रपान उन लाखों निर्दोष लोगों की जान ले रहा है जिन्होंने कभी सिगरेट या तंबाकू को हाथ तक नहीं लगाया। घरों, कार्यालयों, रेस्तरां, सार्वजनिक स्थलों और वाहनों में छोड़ा गया धुआं आसपास मौजूद लोगों के शरीर में प्रवेश करता है।बच्चों, गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और कमजोर स्वास्थ्य वाले व्यक्तियों पर इसका प्रभाव और भी गंभीर होता है। जब कोई व्यक्ति सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान करता है तो वह केवल अपने स्वास्थ्य को नुकसान नहीं पहुंचाता, बल्कि दूसरों के स्वास्थ्य अधिकारों का भी उल्लंघन करता है। यही कारण है कि पैसिव स्मोकिंग को केवल व्यक्तिगत व्यवहार का प्रश्न नहीं बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य और सामाजिक उत्तरदायित्व का विषय माना जाता है।

साथियों, कई विशेषज्ञों का मानना है कि पैसिव स्मोकिंग के कारण होने वाली मौतों को केवल दुर्घटना याव्यक्तिगत दुर्भाग्य नहीं कहा जा सकता। यह ऐसी स्थिति है जिसमें निर्दोष लोग दूसरों की आदतों के कारण बीमारी औरमृत्यु का शिकार बनते हैं। धुएं में हजारों प्रकार के रसायन पाए जाते हैं, जिनमें अनेक कैंसरकारी तत्व भी शामिल हैं। यही कारण है कि विश्वभर में सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान प्रतिबंध संबंधी कानून बनाए गए हैं। लेकिन कानून तभी प्रभावी होते हैं जब उनका कठोर और ईमानदार क्रियान्वयन हो। भारत में भी कई स्थानों पर धूम्रपान निषेध के नियम हैं, परंतु उनका पालन अभी भी चुनौती बना हुआ है।

साथियों, यह प्रश्न अत्यंत महत्वपूर्ण है कि तंबाकू विरोधी संघर्ष आज तक एक बड़े जनांदोलन का रूप क्यों नहीं ले पाया। इसका पहला कारण यह है कि तंबाकू तत्काल मृत्यु नहीं देता। सड़क दुर्घटना,हिंसा या प्राकृतिक आपदा की तरह इसका प्रभाव अचानक दिखाई नहीं देता। यह धीरे-धीरे शरीर को भीतर से नष्ट करता है। कैंसर, हृदय रोग और फेफड़ों की बीमारियां वर्षों में विकसित होती हैं। इसलिए जनता का आक्रोश कभी एक साथ विस्फोटक रूप में सामने नहीं आता। दूसरा कारण तंबाकू उद्योग का विशाल आर्थिक ढांचा है। खेती, उत्पादन, वितरण और कर राजस्व से जुड़े अनेक हित इसमें शामिल रहते हैं। तीसरा कारण सामाजिक स्वीकृति है। कई लोग तंबाकू सेवन को व्यक्तिगत पसंद का विषय मानते हैं, जबकि इसका प्रभाव पूरे समाज पर पड़ता है। चौथा कारण जागरूकता और क्रियान्वयन के बीच की दूरी है। कानून मौजूद हैं, चेतावनियां मौजूद हैं, लेकिन व्यवहार परिवर्तन अपेक्षित स्तर पर नहीं हो पाया है।

साथियों, भारत में तंबाकू और अन्य नशे के नियंत्रण की जिम्मेदारी केवल स्वास्थ्य विभाग की नहीं है।इसमेंपुलिस विभाग, राज्य आबकारी विभाग,स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग,शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, नारकोटिक्स नियंत्रण एजेंसियां, स्थानीय निकाय, जिला प्रशासन और विभिन्न नियामक संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। जिस प्रकार अवैध शराब से मौतों के मामलों में कई राज्यों में संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाती रही है, उसी प्रकार तंबाकू नियंत्रण कानूनों के प्रभावी पालन को लेकर भी जवाबदेही तय करने की आवश्यकता महसूस की जाती है। जब किसी क्षेत्र में खुलेआम प्रतिबंधित उत्पाद बिकते हैं,जब स्कूलों के आसपास तंबाकू की बिक्री होती है या जब सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान रोकने के नियम लागू नहीं होते, तब केवल कानून बना देना पर्याप्त नहीं माना जा सकता। प्रभावी निगरानी, नियमित निरीक्षण, जनभागीदारी और उत्तरदायित्व की स्पष्ट व्यवस्था आवश्यक है।

साथियों, आज की सबसे बड़ी चुनौती यह है कि नई पीढ़ी नशे को आधुनिकता और स्टेटस सिंबल के रूप में देखने लगी है। सोशल मीडिया,फिल्मों, डिजिटल संस्कृति और समूह दबाव के कारण कई किशोर यह मान बैठते हैं कि वेपिंग या धूम्रपान उन्हें अधिक आकर्षक, परिपक्व या आधुनिक बनाता है।वास्तविकता इसके ठीक विपरीत है। चिकित्सा विज्ञान यह संकेत देता है कि निकोटीन की लत मस्तिष्क के विकास को प्रभावित कर सकती है, विशेषकर किशोरावस्था में। कुछ मामलों में ई-सिगरेट से जुड़ी गंभीर फेफड़ों की बीमारियों की भी रिपोर्ट सामने आई हैं, जिन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विशेष चिकित्सीय श्रेणियों में अध्ययन किया गया है। यह स्पष्ट है कि आधुनिक नशे का आकर्षक आवरण उसके भीतर छिपे जोखिमों को समाप्त नहीं करता।इसलिए अब आवश्यकता केवल जागरूकता की नहीं बल्कि सामाजिक चेतना के व्यापक पुनर्जागरण की है। स्कूलों और कॉलेजों में नशा विरोधी शिक्षा को अधिक प्रभावी बनाया जाना चाहिए। अभिभावकों को अपने बच्चों के साथ खुलकर संवाद करना होगा। मीडिया को तंबाकू उद्योग के भ्रामक प्रचार का पर्दाफ़श करना होगा। चिकित्सकों, शिक्षकों, धार्मिक नेताओं, सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों को मिलकर ऐसा वातावरण बनाना होगा जिसमें तंबाकू सेवन सामाजिक प्रतिष्ठा नहीं बल्कि स्वास्थ्य जोखिम के रूप में देखा जाए। जिस प्रकार स्वच्छता, बेटी बचाओ, पोलियो उन्मूलन और सड़क सुरक्षा जैसे अभियानों को जनभागीदारी के माध्यम से व्यापक सफलता मिली, उसी प्रकार तंबाकू निषेध को भी राष्ट्रीय जनअभियान का रूप दिया जा सकता है।


अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि विश्व तंबाकू निषेध दिवस का वास्तविक उद्देश्य केवल एक दिन जागरूकता फैलाना नहीं बल्कि पूरे वर्ष चलने वाली सामाजिक प्रतिबद्धता को मजबूत करना है। यदि हम तंबाकू और निकोटीन की बदलती रणनीतियों को नहीं समझेंगे,यदि हम आधुनिक नशे के मुखौटों को नहीं पहचानेंगे और यदि हम युवाओं को इसके जाल से बचाने के लिएसामूहिक प्रयास नहीं करेंगे,तो आने वाली पीढ़ियां इसकी भारी कीमत चुकाएंगी। तंबाकू विरोधी संघर्ष केवल स्वास्थ्य का प्रश्न नहीं, बल्कि मानव गरिमा, सामाजिक न्याय, आर्थिक सुरक्षा और भविष्य की पीढ़ियों के संरक्षण का प्रश्न है। समय आ गया है कि इसे केवल एक स्मृति दिवस या सरकारी कार्यक्रम तक सीमित न रखा जाए, बल्कि इसे एक सशक्त राष्ट्रीय जनचेतना आंदोलन बनाया जाए। क्योंकि नशा कभी शान नहीं हो सकता; यह व्यक्ति, परिवार और समाज की चेतना का क्षरण है। तंबाकू को ना कहना केवल एक व्यक्तिगत निर्णय नहीं, बल्कि एक स्वस्थ और जिम्मेदार समाज के निर्माण की दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है।

रचनाकार



एडव्होकेट किशन भगनानी गोंदिया

## शब्दवर्गपहेली क्र.- 180



Âij l; ulp; l& 1) यामिनी 2) इस राजा ने सर्पयज्ञ किया था 3) नामवाला 4) मादा पशुओं का स्तन 5) पाकिस्तान का एक प्रमुख प्रदेश 6) हत्या 7) अभाव में 8) यह नेता पंजाब राज्य के मुख्यमंत्री भी रह चुके है 9) विचार 10) फिर, उस समय 11) विश्व का सबसे बड़ा मरुस्थल 12) गौ 14) बायां 15) दिल बहलाव 18) अधिक घना 19) थर्मामीटर 21) नींद से उठना 24) भव्य 25) आहत 28) प्रकाश 29) विद्रोह 30) परी (उर्दू) 32) सन्दर्भ 33) रौनक 35) बखेड़ा, फसाद 37) पुरानी फिल्म 'प्रहार' और 'तिरंगा' के नायक 39) रोकड़ 41) कमी, घटती 43) समझौता, संधी 46) एक विदेशी शराब 47) साकार का विरुद्धार्थी रुप 48) सुख, चैन, विश्राम 49) वजह 50) आन्ध्र प्रदेश में स्थित भूतपूर्व प्रधानमंत्री नरसिंहराव का एक चुनाव क्षेत्र 51) अनुतीर्ण 52) किसी संस्था आदि को 25 वर्ष पुरे होनेपर मनाई जानेवाली जयंती 54) मिठाईयां बनाकर बेचनेवाला 55) एक देश जिसकी राजधानी ओटावा है 57) मगर या घड़ियाल 59) किसान का एक उपकरण 61) चंपत, गायब 64) खैरात 65) मदमस्त 66) गीला 68) सत्य 69) बलवान 71) पराजय 72) सेवक 73) दिवस 75) बार 77) विष 79) कृपया संकेत ऊपर से नीचे क्र. 33 का हल लिखें 80) बंटवारा 81) मध्यस्थ, अवयवभूत वस्तू 82) एक पत्थर जिसपर घर्षण करने से आग की चिनगारी निकलती है 83) मग्न, तल्लीन 84) गीत लिखनेवाला 86) 'मात' का विरुद्धार्थी शब्द 88) नष्ट 90) लवण 91) सुंदर 92) व्यभिचारिणी, कुलटा 95) कारण 98) पीब 99) मुंबई का एक उपनगर 101) नृप 102) कठोर, कड़ा 103) 'जनना' का भूतकाल 104) सज्जन, भला 105) शक्ल, सूरत (जवाब अगले अंक में)

ck;! l; nk;! l& 1) भारतीय जनता पार्टी के एक राष्ट्रीय अध्यक्ष जो उत्तर प्रदेश राज्य के मुख्यमंत्री भी रह चुके है 7) ब्राह्मण 9) समाप्त 11) सहोदर 13) प्रजा (उर्दू) 16) लाक्षणिक दृष्टि से सर्वस्व 17) असफल 18) मदद 20) कामदेव 22) बनाना (अंग्रेजी) 23) नशीलापन 25) स्त्रियों का एक वस्त्र प्रकार 26) जानवर 27) वर्ण 28) प्रतिदिन 29) बेटे की पत्नी 31) विष्णुजी का एक अवतार 33) चुनाव 34) पार्वती 35) वाद्य आदि पर आघात के कारण उत्पन्न ध्वनि 36) सोने का कमरा 38) जयपुर की एक दर्शनीय ऐतिहासिक इमारत 40) घी या तेल में पकाये गये खाद्य व्यंजन 42) किश्ती 43) देवता 44) सोलह साल की लड़की 45) कमल के समान सुंदर हाथ 48) विपत्ति का समय 50) यशोदा के पति 51) अतिरिक्त, बिना पंख का, दूसरा 53) राजा नल की पत्नी 54) एक रंग 55) मूलतः जापान का एक व्यायाम प्रकार 56) दयालू 58) आसानी 59) जो भारी न हो 60) बच्चों का नाम रखने का संस्कार 62) बिहार का एक प्रसिद्ध तीर्थस्थल 63) असावधानी, चूक 64) कीमत, मूल्य 66) खड्ग 67) कपड़े में हुए छेद को तागे से भरने की क्रिया 68) आसानी 70) जमानत देनेवाला 74) छेने की एक मिठाई 76) एक राशि 77) इन्द्र पुत्र, बच्चों का एक नाम 78) गंध 81) मूर्ख, निठल्ला 83) बहुत बड़ी, महान का स्त्री लिंग स्वरुप 84) भीगा हुआ 85) आतंक, भीषण, भय 87) करतूत, करामात 89) गुजरात राज्य का एक प्रसिद्ध शहर 91) राय 93) तरंग 94) शपथ 96) एक दर्जन 97) 'रमण' का अपभ्रंश रुप 98) इच्छा, अभिलाषा 100) अज 103) हमारे एक भूतपूर्व प्रधानमंत्री 106) सपना 107) अभिनेत्री शबाना आज़मी के पति जो प्रसिद्ध गीतकार भी है 108) असम्मान 109) विलाप करना

### पिछ्ले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चि | रं | जी | व | | प | क | ड़ | ना | | ह | रा | | लं | ब | | अ | स | र | का | री |
| रा | ज | | ज | मा | व | ड़ा | | मी | न | मे | ख | नि | का | ल | ना | | हा | | र | त |
| ग | | स | न | स | ना | ह | ट | | न | शा | | त्य | | रा | ज | ना | रा | य | ण | |
| | शा | र | दा | | र | | स | मो | सा | | इ | | क | म | नी | य | | श | | म |
| स | ह | का | र | | | कि | से | | र | च | ना | का | र | | न | ग | र | | र | जा |
| न | ज | र | | म | हा | स | म | र | | को | म | ल | | ख्वा | | रा | ज | म | ह | ल |
| | हां | | सु | स्त | | न | स | | चो | री | | को | | ब | स | | नी | ल | म | |
| ब | | दि | न | क | र | | न | क | ली | | रु | ठ | ना | | वि | ना | श | | दि | ल |
| ह | क | ला | ना | | म | द | हो | श | | ज | ह | री | ला | | ता | | | पा | ल | की |
| स | ह | सा | | प्रा | ण | | ना | म | ले | वा | | | य | म | | क | म | र | | र |
| क | र | | अ | तः | | म | | क | ट | नी | | च | क | ना | चू | र | | क | लि | का |
| र | | म | नो | का | म | ना | | श | | | शो | र | | क | हा | नी | का | र | | फ |
| ना | च | | खा | ल | | ना | व | | ग | प | | प | ह | र | | क | र | ना | ट | की |
| | र | ब | | | ला | | ज | ग | न्ना | थ | पु | री | | ना | | थ | न | | न | र |
| ज | वा | ह | र | ला | ल | ने | ह | रु | | क | ल | | कि | | जा | नी | | बै | | हो |
| न | हा | ना | | ल | च | क | | र | फ्ता | र | | मा | ला | मा | ल | | प | र | ना | ना |

anumeya-08446302691





# सात्विक-चिराग की जोड़ी ने दो साल के सूखे को किया खत्म, सिंगापुर ओपन 2026 ट्रॉफी की अपने नाम..

डेस्क जगप्रेरणा।

***भारत की नंबर-1 स्टार बैडमिंटन जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने 31 मई को सिंगापुर ओपन 2026 में मेंस डबल्स के फाइनल मुकाबले में जीत हासिल करने के साथ इतिहास रच दिया।***



सात्विक-चिराग की जोड़ी का खिताबी मुकाबले में सामना इंडोनेशिया की नंबर-3 वरियता प्राप्त फजर अल्फियान और मुहम्मद शोहिबुल फिकरी की जोड़ी से था, जिसमें तीन सेट तक चले इस मैच को वह 2-1 से अपने नाम करने में कामयाब रहे। सात्विक-चिराग इस जीत के साथ 2 साल से चले आ रहे सूखे को भी खत्म करने में कामयाब रहे जिसमें उन्होंने BWF खिताब जीता है।

## पहले सेट में हार के बाद की शानदार वापसी और जीता खिताब..

सिंगापुर ओपन 2026 के मेंस डबल्स इवेंट के फाइनल मुकाबले में सात्विक-चिराग की जोड़ी का आगाज अच्छा नहीं रहा जिसमें पहले सेट में उन्हें 21-18 के अंतर से इंडोनेशिया की जोड़ी मात देने में कामयाब रही थी। इसके बाद सात्विक-चिराग ने शानदार वापसी करने के साथ दूसरे सेट में अपने दबदबे का एहसास कराते हुए उसे 21-15 के अंतर से जीता और मुकाबले को 1-1 की बराबरी पर ला दिया। अब सभी की नजरें इस मैच के तीसरे और निर्णायक सेट पर थी जिसमें दोनों जोड़ियों के बीच में सिंगापुर इंडोर स्टेडियम में कड़ी टक्कर देखने को मिली लेकिन अंत में सात्विक-चिराग ने अपनी लय को बरकरार रखने के साथ 21-16 के अंतर से जीत हासिल की पहली बार अपने करियर में सिंगापुर ओपन का खिताब जीतने में कामयाब रहे। मेंस डबल्स का ये फाइनल मुकाबला कुल 73 मिनट तक चला। इससे पहले सात्विक-चिराग ने सेमीफाइनल मुकाबले में सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए मौजूदा नंबर-1 पुरुष जोड़ी को मात देते हुए फाइनल के लिए अपनी जगह को पक्का किया था।

## दो साल बाद किया BWF वर्ल्ड टूर खिताब अपने नाम..

सात्विक-चिराग ने सिंगापुर ओपन का खिताब जीतने के साथ BWF वर्ल्ड टूर टाइटल के चले आ रहे सूखे को भी खत्म कर दिया। यह सात्विक और चिराग का मई 2024 में जीते गए थाईलैंड ओपन के बाद पहला BWF वर्ल्ड टूर खिताब है। इससे पहले पिछले 2 सालों में सात्विक-चिराग की जोड़ी को तीन फाइनल मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा था, जिसमें इस महीने की शुरुआत में हुआ थाईलैंड ओपन भी शामिल है। हालांकि दोनों अपनी इस लगातार हार के सिलसिले को अब खत्म करने में कामयाब रहे।

# कचरे के बैग्स ने भी बना दिया फैशन का उस्ताद, फराह खान ने याद किया कुछ कुछ होता है की शूटिंग का किस्सा..

डेस्क जगप्रेरणा।

***फराह खान ने अपने करियर में कई बेहतरीन फिल्मों में अपनी कोरियोग्राफी से कमाल किया है। साथ ही फराह एक बेहतरीन डायरेक्टर भी हैं। हाल ही में फराह खान ने 1998 में रिलीज हुई फिल्म 'कुछ कुछ होता है' की शूटिंग के दिनों को याद किया है।***



इस फिल्म को करण जौहर ने डायरेक्ट किया था और लोगों को खूब पसंद आई थी। अब फराह खान ने बताया कि इसका फैशन खूब वायरल रहा था लेकिन शूटिंग के दौरान गार्बेज बैग तक पहनने पड़े थे।

## क्या बोलीं फराह खान?

अभिनेत्री तनीषा मुखर्जी से बातचीत के दौरान फराह ने फिल्म के टाइटल ट्रैक की शूटिंग से जुड़ा एक किस्सा साझा किया और बताया कि शूटिंग के दौरान टीम को भीषण ठंड का सामना कैसे करना पड़ा। तनीषा से मुलाकात के दौरान एक पुरानी घटना को याद करते हुए, फराह खान ने बताया कि तनीषा फिल्म की मुख्य अभिनेत्री काजोल के साथ आई थीं। आप काजोल के साथ आई थीं और कड़ाके की ठंड थी। हम सब वहां ठंड से कांप रहे थे। और हम सबने कचरे के थैले ओढ़ रखे थे। पता नहीं क्यों किसी ने कहा कि अगर तुम ये प्लास्टिक बांध लोगी तो ठंड नहीं लगेगी। 1998 में रिलीज़ हुई फिल्म 'कुछ कुछ होता है' रातोंरात हिट हो गई और इसने एक पूरी पीढ़ी के लिए रोमांस की परिभाषा बदल दी। फिल्म के अविस्मरणीय संवाद, भावपूर्ण संगीत और दोस्ती व प्यार का स्टाइलिश चित्रण आज भी प्रशंसकों के दिलों में एक खास जगह बनाए हुए है।

## सुपरहिट फिल्मों की डायरेक्टर हैं फराह खान..

बॉलीवुड में अपनी खास पहचान रखने वाली फराह खान ने बतौर कोरियोग्राफर अपने करियर की शुरुआत की थी। फराह ने कई गानों को अपनी थिरकन से सजाया है और खूब खिताब भी बटोरे हैं। लेकिन फराह का करियर केवल कोरियोग्राफी तक सीमित नहीं रहा है। फराह ने डायरेक्शन में भी सुपरहिट का खिताब अपने नाम किया है। फराह ने साल 2004 में ही मैं हूं न नाम की फिल्म डायरेक्ट की थी जो सुपरहिट रही थी। इसके बाद ओम शांति ओम ने भी कमाल का प्रदर्शन किया था और हिट रही थी। हालांकि अक्षय कुमार के साथ आई उनकी फिल्म तीसमार खां नहीं चली थी। लेकिन शाहरुख के साथ आई फिल्म हैप्पी न्यू ईयर बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थी।

# तेंदुलकर ने इंपैक्ट प्लेयर नियम हटाने, एक गेंदबाज के लिए पांच ओवर और गेंदबाजी पावरप्ले की वकालत की..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में बल्ले और गेंद के बीच संतुलन बनाने के लिए विवादास्पद इम्पैक्ट प्लेयर नियम को खत्म करने की वकालत की और साथ ही कुछ अन्य बदलाव करने के लिए भी सुझाव दिए।***



आईपीएल में इंपैक्ट प्लेयर का नियम 2023 में लागू किया गया था। इसके तहत टीम अंतिम एकादश में शामिल किसी खिलाड़ी को पहले से घोषित किए गए पांच संभावित खिलाड़ियों में से किसी एक से बदल सकती हैं।

तेंदुलकर ने ईएसपीएनक्रिकइंफो पुरस्कार समारोह में कहा, 'मेरी निजी राय है कि कुछ ऐसी बातें हैं जिनसे मुझे लगता है कि 'इम्पैक्ट प्लेयर' का नियम खत्म कर देना चाहिए।' उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि टी20 प्रारूप में आपको केवल 20 ओवर खेलने होते हैं। फिर आप उस लाइन-अप में एक और बल्लेबाज जोड़ देते हैं। जहां गेंदबाजों को पहले से ही चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, वहां मुझे असंतुलन नजर आता है।' आईपीएल में पिछले कुछ सत्र में खेल का पलड़ा काफी हद तक बल्लेबाजों की पक्ष में झुक गया है और तेंदुलकर का मानना है कि इस नियम ने बल्ले और गेंद के बीच पहले से ही मौजूद असमानता को और भी बिगाड़ दिया है। इस नियम की आलोचना कई प्रमुख खिलाड़ियों ने भी की है, जिनमें भारतीय कप्तान शुभमन गिल और पूर्व कप्तान रोहित शर्मा भी शामिल हैं। उनका तर्क है कि यह नियम खेल से कौशल को खत्म कर देता है और ऑलराउंडर के महत्व को कम करता है।

तेंदुलकर ने मौजूदा बल्लेबाजी पावरप्ले के साथ-साथ गेंदबाजी पावरप्ले को भी शुरू करने की वकालत की। उन्होंने कहा, 'पहले छह ओवर में पावरप्ले लागू रहता है जिसमें केवल दो फील्डर ही 30 गज के दायरे से बाहर रहते हैं। मेरा मानना है कि पहले चार ओवर बल्लेबाजों के पावरप्ले हों और उनमें भी यही फील्डिंग प्रतिबंध लागू हों।' तेंदुलकर ने कहा, 'इसके बाद पावरप्ले के शेष दो ओवर फील्डिंग कप्तान अपनी इच्छानुसार ले सकते हैं। इन लगातार दो ओवरों में खेल के किसी भी चरण में रिंग के बाहर एक अतिरिक्त फील्डर तैनात किया जा सकता है।'

इस महान बल्लेबाज ने प्रत्येक टीम में एक गेंदबाज के गेंदबाजी कोटा को चार ओवर से बढ़ाकर पांच करने का भी प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा, 'एक गेंदबाज को पांच ओवर फेंकने की अनुमति दी जानी चाहिए, क्योंकि आमतौर पर टीम का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज ही पांचवां ओवर फेंकेगा।' तेंदुलकर ने सवालिया अंदाज में कहा, 'क्या आप नहीं चाहेंगे कि सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज और अधिक गेंदबाजी करे। शीर्ष बल्लेबाज कभी-कभी 20 ओवर तक बल्लेबाजी करते हैं। तो फिर सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज को पांच ओवर गेंदबाजी क्यों नहीं करनी चाहिए।'

# कई बार टूटा माता-पिता बनने का सपना, देबिना बनर्जी ने झेला मल्टीपल मिसकैरेज का दर्द, गुरमीत चौधरी ने सुनाई आपबीती..

डेस्क जगप्रेरणा।

***टेलीविजन के सबसे मशहूर कपल गुरमीत चौधरी और देबिना बनर्जी ने अपने पेरेंट बनने के मुश्किल सफर के बारे में पहली बार खुलकर बात की। कपल ने राजीव खंडेलवाल के होस्ट किए गए रियलिटी शो 'तुम हो ना' में कई बार मिसकैरेज होने और सालों तक माता-पिता न बन पाने का दर्दनाक बंया किया।***



उन्होंने बताया कि एक्ट्रेस देबिना को मल्टीपल मिसकैरेज के दर्द से गुजरना पड़ा है और गुरमीत उनकी हालत देख परेशान हो जाते थे।

## देबिना बनर्जी ने झेला मल्टीपल मिसकैरेज का दर्द..

IANS द्वारा सोशल मीडिया पर शेयर किए गए एक प्रोमो में गुरमीत इमोशनल दिखाई रहे हैं, क्योंकि उन्होंने पेरेंट्स बनने से पहले अपनी शादी के दौरान और देबिना ने जिन मुश्किलों का सामना किया, उनके बारे में बताया। अपना अनुभव शेयर करते हुए, गुरमीत ने अपना दर्द बताया।

## मल्टीपल मिसकैरेज के बाद दो बेटियों के बने माता-पिता..

अब यह कपल दो बेटियों लियाना और दिविशा के माता-पिता हैं। दोनों का जन्म 2022 में हुआ था। लियाना का जन्म सरोगेसी के जरिए हुआ था, जबकि दिविशा को देबिना ने नैचुरली कंसीव किया था।

गुरमीत और देबिना की लव स्टोरी तब शुरू हुई थी, जब वे टीवी के सबसे पसंदीदा कपल्स में से एक भी नहीं बने थे। दोनों की पहली मुलाकात 2004 में एक टैलेंट शो के दौरान हुई थी और बाद में वे कई रियलिटी शो में साथ नजर आए। हालांकि, 2008 की टीवी सीरीज 'रामायण' में भगवान राम और देवी सीता का किरदार निभाने के बाद वे घर-घर में मशहूर हो गए।

## गुरमीत ने अपनी सफलता का किसको दिया श्रेय..

इतने सालों में गुरमीत ने सोशल मीडिया पर कई बार देबिना के लिए अपना प्यार जाहिर किया। हाल ही में एक्टर ने अपनी पत्नी के लिए एक दिल छू लेने वाला पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने अपनी सफलता के लिए उन्हें श्रेय दिया है। इस वीडियो में यह कपल एक-दूसरे का हाथ थामे साथ चलते हुए नजर आया, जिस पर लिखा था, 'पहले दिन से ही A1 वह मुझे पूरा करती है।' कैप्शन में गुरमीत ने लिखा, 'देबिना, आज मैं जो कुछ भी हूं, उसकी वजह तुम ही हो!'

## देबिना-गुरमीत इस शो में आए थे नजर..

हाल ही में यह कपल रियलिटी शो 'लाफ्टर शेफ्स 3' और 'पति पत्नी और पंगा' में साथ नजर आया था।

# वैभव सूर्यवंशी की बादशाहत पर खतरा, ऑरेंज कैप पर नजरें गड़ाए शुभमन और सुदर्शन, जानिए दोनों कितने रन दूर...

डेस्क जगप्रेरणा।

***IPL 2026 का चैंपियन कौन बनेगा, इसका फैसला तो फाइनल में होगा, लेकिन उससे पहले एक और दिलचस्प जंग ने क्रिकेट प्रेमियों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। यह जंग है ऑरेंज कैप की, जिस पर फिलहाल राजस्थान रॉयल्स के युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी का कब्जा है।***



हालांकि राजस्थान का सफर फाइनल से पहले ही खत्म हो चुका है, लेकिन 15 साल के बल्लेबाज अब भी सबसे ज्यादा रन बनाने वालों की लिस्ट में शीर्ष पर बना हुआ है। पूरे सीजन में अपने आक्रामक अंदाज से गेंदबाजों के होश उड़ाने वाले वैभव ने न सिर्फ रिकॉर्डों की झड़ी लगाई, बल्कि ऑरेंज कैप की दौड़ में भी सभी को पीछे छोड़ दिया। प्लेऑफ में भी उनका बल्ला जमकर गरजा और दोनों मुकाबलों में वह शतक के बेहद करीब पहुंचकर चूक गए। अब जब राजस्थान टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी है, तो सबकी नजरें इस बात पर टिकी हैं कि क्या फाइनल के बाद भी ऑरेंज कैप वैभव के सिर पर सजी रहेगी या नहीं।

## टॉप पर वैभव सूर्यवंशी

वैभव सूर्यवंशी ने IPL 2026 में 16 मैचों में 776 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका औसत 48.50 और स्ट्राइक रेट 237.31 का रहा, जो उनकी विस्फोटक बल्लेबाजी का सबसे बड़ा प्रमाण है। सीजन में उनके बल्ले से एक शतक और पांच अर्धशतक भी निकले। हालांकि, फाइनल में खेलने वाली गुजरात टाइटंस के दो बल्लेबाज उनकी इस बादशाहत को खत्म कर सकते हैं। ऑरेंज कैप की रेस में दूसरे स्थान पर गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल हैं।

गिल ने 15 मैचों में 722 रन बनाए हैं और वह वैभव से सिर्फ 54 रन पीछे हैं। ऐसे में अगर फाइनल में गिल 55 रन बना लेते हैं, तो वह वैभव को पीछे छोड़कर ऑरेंज कैप अपने नाम कर लेंगे। गिल इस समय शानदार फॉर्म में हैं और बड़े मुकाबलों में बड़ी पारियां खेलने के लिए जाने जाते हैं। ऐसे में फाइनल में उनकी बल्लेबाजी पर सभी की नजरें रहेंगी।

## साई सुदर्शन भी दौड़ में बरकरार..

गुजरात के सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन भी ऑरेंज कैप की रेस में मजबूती से बने हुए हैं। सुदर्शन ने 16 मैचों में 710 रन बनाए हैं और वह तीसरे स्थान पर हैं। उनका औसत 47.33 और स्ट्राइक रेट लगभग 160 का रहा है।

अगर साई सुदर्शन फाइनल में 67 रन बनाने में सफल रहते हैं, तो वह वैभव सूर्यवंशी को पीछे छोड़ सकते हैं। यानी गुजरात के दोनों सलामी बल्लेबाजों के पास ऑरेंज कैप जीतने का मौका मौजूद है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली भी इस सूची में शामिल हैं, लेकिन उनके लिए ऑरेंज कैप जीतना बेहद कठिन नजर आ रहा है।

विराट ने अब तक 600 रन बनाए हैं और वह वैभव से 176 रन पीछे हैं। ऐसे में फाइनल में इतनी बड़ी पारी खेलना लगभग असंभव माना जा रहा है। हालांकि, विराट के पास टॉप-3 में जगह बनाने का मौका जरूर रहेगा।

# 23 साल की मशहूर कंटेंट क्रिएटर सयानी चक्रवर्ती का निधन, फंदे से लटका मिला शव, जांच में जुटी पुलिस..

डेस्क जगप्रेरणा।

***सयानी चक्रवर्ती, जो अपने गांव से जुड़े थीम वाले वीडियो और जानवरों के प्रति अपने प्यार के लिए जानी जाने वाली एक लोकप्रिय सोशल मीडिया कंटेंट क्रिएटर थी।***



उनका पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में दुखद परिस्थितियों में निधन हो गया है। पुलिस को कमरे के अंदर इस मशहूर कंटेंट क्रिएटर का शव लटका हुआ मिला तो उन्होंने उसे पोस्टमॉर्टम के लिए नजदीकी अस्पताल चिनसुराह इमामबाड़ा भेज दिया। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। सयानी चक्रवर्ती की अचानक हुई मौत से परिवार गहरे सदमे में है और उनके फैंस उन्हें श्रद्धांजलि दे रहे हैं।

## सयानी चक्रवर्ती की हुई मौत..

हालांकि, पुलिस का कहना है कि मोगरा के गजघंटा डेपाड़ा की रहने वाली सयानी ने आत्महत्या की है। हृ्रद्र2ह्य18 की एक रिपोर्ट के अनुसार पुलिस को सयानी का शव उनके कमरे में फंदे से लटका हुआ मिला, जिसके बाद उन्होंने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सच का खुलासा होगा कि सयानी चक्रवर्ती की मौत कैसे हुई। बताया जा रहा है कि मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है।

## 23 की उम्र में की आत्महत्या..

पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार 23 साल की सयानी ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। उनकी अचानक हुई मौत से उनके फॉलोअर्स सदमे में हैं और शोक मना रहे हैं। उनकी अचानक हुई मौत ने हर किसी को अंदर तक झकझोर दिया है।

## डिप्रेशन में थी सयानी चक्रवर्ती..

इस घटना से ठीक एक दिन पहले सयानी ने सोशल मीडिया पर मुस्कुराते हुए फोटो और वीडियो पोस्ट किए थे। उन्होंने हाल ही में अपने ग्रेजुएशन पूरे होने का जश्न भी मनाया था और इस उपलब्धि को अपने ऑनलाइन फॉलोअर्स के साथ शेयर किया था। परिवार ने पुलिस को बताया कि वह काफी समय से परेशान थी। इस दुखद घटना ने एक बार फिर युवाओं और सोशल मीडिया क्रिएटर्स के बीच मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं को लेकर बढ़ती चिंताओं को उजागर किया है।






विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433





# चालू वित्त वर्ष में फिजिक्सवाला की आय में 30 प्रतिशत से अधिक वृद्धि का लक्ष्य

नई दिल्ली, (भाषा)।

***शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी फिजिक्सवाला को चालू वित्त वर्ष के दौरान अपनी आय में 30 प्रतिशत से अधिक वृद्धि होने की उम्मीद है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी।***



अधिकारी ने बताया कि कंपनी परिचालन खर्च कम करने के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) का अधिक उपयोग करने की भी योजना बना रही है। फिजिक्सवाला ने हाल ही में बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में उसका एकीकृत घाटा घटकर 69.14 करोड़ रुपये रह गया, जो 2024-25 की समान तिमाही में 289.27 करोड़ रुपये था। छात्र पंजीकरण बढ़ने और प्रति छात्र औसत आय में वृद्धि से घाटे में कमी आई।

फिजिक्सवाला के सह-संस्थापक प्रतीक माहेश्वरी ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''आय के मामले में हमारी वृद्धि दर 30 प्रतिशत से अधिक रहेगी। वर्तमान में प्रबंधन का पूरा ध्यान एआई के माध्यम से आय अर्जित करने पर केंद्रित है क्योंकि शिक्षा ऐसा क्षेत्र है जहां एआई का सीधा प्रभाव पड़ता है। दोहराए जाने वाले कार्यों में एआई के प्रदर्शन में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और लागत भी काफी घटी है।''

फिजिक्सवाला (पीडब्ल्यू) की परिचालन आय वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में लगभग 51 प्रतिशत बढ़कर 918.8 करोड़ रुपये हो गई, जो एक वर्ष पहले की समान तिमाही में 609.6 करोड़ रुपये थी।

वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी का घाटा घटकर 24.17 करोड़ रुपये रह गया, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में यह 243.26 करोड़ रुपये था। माहेश्वरी ने कहा, ''छात्र पंजीकरण में 20 प्रतिशत और प्रति छात्र औसत आय में 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिससे कुल राजस्व में 35 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई।÷

उन्होंने कहा कि शुद्ध लाभ के स्तर पर कंपनी के प्रदर्शन में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

माहेश्वरी ने कहा, ''वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी का शुद्ध घाटा 200 करोड़ रुपये से अधिक था, जो वित्त वर्ष 2025-26 में घटकर करीब 24 करोड़ रुपये रह गया। कुल मिलाकर यह हमारे लिए संतोषजनक प्रदर्शन है।''

माहेश्वरी ने कहा कि कंपनी ने कर्मचारियों की लागत घटाने के लिए अभी एआई का बहुत अधिक उपयोग नहीं किया है, लेकिन चालू वित्त वर्ष में इस क्षेत्र पर विशेष ध्यान रहेगा।

उन्होंने कहा, ÷हम छात्रों की शंकाओं (डाउट्स) को दूर करने के लिए पहले से ही एआई का उपयोग कर रहे हैं। छात्रों की 90 प्रतिशत शंकाओं का समाधान एआई के माध्यम से किया जा रहा है। इसके अलावा 20 लाख से अधिक वर्णनात्मक उत्तर-पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 90 प्रतिशत से अधिक सटीकता के साथ एआई द्वारा किया गया है।''

# पश्चिम एशिया संकट के बीच मौद्रिक समीक्षा में रेपो दर को यथावत रख सकता है आरबीआई..

मुंबई, (भाषा)।

***पश्चिम एशिया में जारी तनाव, ऊर्जा कीमतों में तेजी और आपूर्ति श्रृंखला संबंधी चुनौतियों के बीच विशेषज्ञों का मानना है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) इस सप्ताह अपनी प्रमुख नीतिगत ब्याज दर (रेपो दर) को 5.25 प्रतिशत पर यथावत रख सकता है।***




इसके अलावा केंद्रीय अपने सतर्क रुख पर भी कायम रहेगा। आरबीआई की छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय बैठक तीन से पांच जून तक होगी। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा पांच जून को नीतिगत निर्णयों की घोषणा करेंगे।

कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि बढ़ती ऊर्जा कीमतों, कमजोर होते रुपये और आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान के कारण आरबीआई अपने मुद्रास्फीति के अनुमान बढ़ा सकता है तथा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान में कटौती कर सकता है।

अप्रैल में आरबीआई ने पश्चिम एशिया संघर्ष के ऊर्जा आपूर्ति, महंगाई और आर्थिक वृद्धि पर प्रभाव का आकलन करने के लिए 'देखो और इंतजार करो' का रुख अपनाते हुए रेपो दर को अपरिवर्तित रखा था।

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के आर्थिक शोध विभाग की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि मौजूदा अस्थिर परिस्थितियों को देखते हुए जून की मौद्रिक नीति में यथास्थिति बनाए रखे जाने की संभावना है।

रिपोर्ट के अनुसार, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति अगले तीन तिमाहियों में पांच प्रतिशत से ऊपर रह सकती है, जबकि चालू तिमाही में इसके चार से 4.1 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है।

रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में वास्तविक जीडीपी वृद्धि 7.2 प्रतिशत तथा पूरे वित्त वर्ष में 7.5 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया है।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने भी अगले सप्ताह रेपो दर या नीतिगत रुख में किसी बदलाव की संभावना से इनकार किया। हालांकि, उन्होंने कहा कि आरबीआई का रुख सतर्क रहेगा और वह महंगाई अनुमान को लगभग पांच प्रतिशत तक बढ़ाने तथा जीडीपी वृद्धि अनुमान को 6.9 प्रतिशत से घटाकर करीब 6.5 प्रतिशत कर सकता है।

आरबीआई ने शुक्रवार को जारी अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कहा था कि वह चालू वित्त वर्ष के दौरान जीडीपी वृद्धि और मुद्रास्फीति पूर्वानुमान प्रणाली की समीक्षा और उसमें सुधार करेगा।

क्रिसिल की प्रधान अर्थशास्त्री दीप्ति देशपांडे ने कहा कि आरबीआई के रेपो दर को अपरिवर्तित रखने और तटस्थ नीति रुख बनाए रखने की संभावना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में महंगाई का दबाव मुख्य रूप से आपूर्ति पक्ष से जुड़ा है, जिसमें ऊंची ईंधन लागत, कच्चे माल की बढ़ी कीमतें और कमजोर रुपया शामिल हैं।

# भारत-ओमान एफटीए एक जून से लागू होगा

नई दिल्ली, (भाषा)।

***भारत और ओमान के बीच वृहद आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) एक जून से लागू होने जा रहा है। दोनों देश सोमवार को इसकी औपचारिक घोषणा करेंगे। इस समझौते के लागू होने से भारतीय वस्तुओं***



और सेवाओं को ओमान के बाजार में अधिक अवसर मिलेंगे तथा दोनों देशों के व्यापारिक संबंध और मजबूत होंगे। यह नरेन्द्र मोदी सरकार के कार्यकाल में लागू होने वाला पांचवां मुक्त व्यापार समझौता (एफ्टीए) है।

इससे पहले भारत मॉरीशस, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ऑस्ट्रेलिया और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफ्टीए) के साथ ऐसे समझौते लागू कर चुका है। इसके अलावा भारत ने ब्रिटेन और न्यूजीलैंड के साथ भी व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं।

वित्त वर्ष 2025-26 में भारत और ओमान के बीच द्विपक्षीय व्यापार 11.18 अरब डॉलर रहा, जो पिछले वर्ष के 10.61 अरब डॉलर से अधिक है। इस दौरान भारत का निर्यात 4.02 अरब डॉलर और आयात 7.16 अरब डॉलर रहा।

समझौते के तहत भारत को ओमान के बाजार में 98.08 प्रतिशत शुल्क लाइनों पर 100 प्रतिशत शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी, जो कुल व्यापार मूल्य के 99.38 प्रतिशत हिस्से को कवर करती है। इससे भारतीय उत्पादों की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ेगी और निर्यात को नई गति मिलेगी।

विशेष रूप से वस्त्र, कृषि उत्पाद, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ, रत्न एवं आभूषण, परिवहन उपकरण तथा प्रीसिजन यंत्रों के निर्यात में वृद्धि की संभावना है। इसके अलावा लौह एवं इस्पात, विद्युत मशीनरी, समुद्री उत्पाद, औद्योगिक मशीनरी और तांबा उत्पादों को भी शून्य शुल्क का लाभ मिलेगा।

समझौते का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि भारतीय दवाओं और टीकों को ओमान में शुल्क-मुक्त प्रवेश मिलेगा, जिससे भारतीय फार्मा उद्योग को बड़ा लाभ होने की उम्मीद है। वहीं भारतीय वाहन क्षेत्र के लिए भी यह समझौता फायदेमंद साबित हो सकता है, क्योंकि वाहनों पर लगने वाला पांच प्रतिशत आयात शुल्क समाप्त हो जाएगा।

सेवा क्षेत्र में भी दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ने की संभावना है। भारत का ओमान को सेवाओं का निर्यात 2020 के 39.7 करोड़ डॉलर से बढ़कर 2024 में 66.5 करोड़ डॉलर तक पहुंच गया है। दूरसंचार, सूचना प्रौद्योगिकी, परिवहन और पर्यटन इस क्षेत्र के प्रमुख हिस्से रहे हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि यह समझौता भारत के पश्चिम एशिया क्षेत्र में आर्थिक प्रभाव को मजबूत करेगा, निर्यात बढ़ाएगा और निवेश के नए अवसर पैदा करेगा। साथ ही, यह भारत की वैश्विक व्यापार रणनीति को भी मजबूती प्रदान करेगा।

# प्रेस्टीज समूह का चालू वित्त वर्ष में 36,000 करोड़ रुपये की बिक्री बुकिंग का लक्ष्य..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***रियल एस्टेट कंपनी प्रेस्टीज एस्टेट्स प्रोजेक्ट्स लिमिटेड ने पिछले वित्त वर्ष (2024-25) में रिकॉर्ड बिक्री बुकिंग के दम पर चालू वित्त वर्ष में आवासीय संपत्तियों की बिक्री बुकिंग में 15-20 प्रतिशत वृद्धि का लक्ष्य रखा है।***




कंपनी को उम्मीद है कि उसकी बिक्री बुकिंग 36,000 करोड़ रुपये तक पहुंच सकती है।

प्रेस्टीज एस्टेट्स प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) इरफान रजाक ने 'पीटीआई-भाषा' से बातचीत में कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद आवासीय संपत्तियों की मांग मजबूत बनी हुई है और कंपनी को मांग को लेकर कोई चिंता नहीं है।

हालांकि, उन्होंने कहा कि मार्च में पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने के बाद कई प्रमुख कच्चे माल की कीमतें बढ़ी हैं, जिससे विनिर्माण लागत में निश्चित रूप से वृद्धि हुई है।

रजाक ने कहा कि कंपनी ने वित्त वर्ष 2025-26 में परिचालन और वित्तीय दोनों मोर्चों पर अच्छा प्रदर्शन किया और उन्हें उम्मीद है कि 2026-27 में भी यह वृद्धि जारी रहेगी।

उन्होंने बताया कि कंपनी की बिक्री बुकिंग वित्त वर्ष 2025-26 में 76 प्रतिशत बढ़कर 30,024 करोड़ रुपये रही, जो इससे पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में 17,023 करोड़ रुपये थी।

चालू वित्त वर्ष के लिए बिक्री अनुमान के बारे में पूछे जाने पर रजाक ने कहा, ÷हम 15-20 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं। मेरे हिसाब से 35,000-36,000 करोड़ रुपये का आंकड़ा यथार्थवादी है।÷

उन्होंने यह लक्ष्य हासिल करने का भरोसा भी जताया। उन्होंने कहा कि इस वृद्धि को हासिल करने के लिए कंपनी के पास बेंगलुरु, मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) और दिल्ली-एनसीआर सहित प्रमुख शहरों में मजबूत परियोजनाएं है।

रजाक ने कहा, ÷हमारे पास करीब 60,000 करोड़ रुपये की ऐसी परियोजनाएं हैं जिन्हें पेश किया जाना है। इसमें से कितनी इस वित्त वर्ष में पेश हो पाएगी, यह मंजूरियों पर निर्भर करेगा।÷

आवासीय मांग के बारे में उन्होंने कहा कि ग्राहक वास्तविक संपत्ति खरीद रहे हैं और लंबी अवधि के निवेश के नजरिये से निवेश कर रहे हैं, न कि अल्पकालिक लाभ के लिए।

# एस्टोनियाई स्टार्टअप भारत के साथ साझेदारी, उसके बड़े बाजार में प्रवेश को लेकर उत्सुक..

ताल्लिन्न, (भाषा)।

आर्थिक साझेदारी को बढ़ावा देने के प्रयासों के बीच कृत्रिम मेधा (एआई), साइबर सुरक्षा, रक्षा और चिकित्सा जैसे विभिन्न क्षेत्रों के एस्टोनिया के कई प्रौद्योगिकी स्टार्टअप ने भारत के साथ सहयोग करने और उसके विशाल बाजार का लाभ उठाने में गहरी रुचि दिखाई है। स्टार्टअप और प्रौद्योगिकी से जुड़े प्रभावशाली सम्मेलन 'लैटिट्यूड59' ने भी अगले वर्ष भारत में अपने तत्वावधान में एक नेटवर्किंग कार्यक्रम आयोजित करने की इच्छा जताई है। 'लैटिट्यूड59' की मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) लिसी ओर्ग ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ÷मुझे भारत से प्यार है, मैं कई बार वहां जा चुकी हूं और मुझे वहां 'लैटिट्यूड59' की मेजबानी करना बेहद पसंद आएगा। अभी यह तय नहीं है कि यह कहां होगा। विभिन्न प्रौद्योगिकी केंद्रों के साथ बातचीत चल रही है, लेकिन यदि हम इसे अभी नहीं करते हैं तो हम पीछे रह जाएंगे। भारत दुनिया के सबसे बड़े देशों में से एक है, यदि हम भारत के साथ सहयोग नहीं करते हैं तो यह समझदारी नहीं होगी।÷

उन्होंने कहा कि बाजार के विशाल आकार के कारण भारत में दिलचस्पी है और भारतीय प्रतिनिधिमंडल लगातार पांच वर्षों से 'लैटिट्यूड59' में हिस्सा ले रहा है।

बीते 20-22 मई तक यहां आयोजित 'लैटिट्यूड59' सम्मेलन के इतर ओर्ग ने कहा, ÷संबंध पहले से बने हुए हैं और हमें अभी कुछ करना चाहिए। मैं अगले साल भारत में लैटिट्यूड59 आयोजित करना चाहती हूं। मेरा मानना है कि हमें छोटी शुरुआत करनी चाहिए, शायद किसी विशेष क्षेत्र को चुनना चाहिए। हम अपने स्टार्टअप को निवेशकों के सामने और निवेशकों को स्टार्टअप के सामने ला सकते हैं, जैसा कि हम सिंगापुर और केपटाउन में नेटवर्किंग कार्यक्रम के दौरान करते हैं।÷

इस साल 'लैटिट्यूड59' में 70 देशों के 3,000 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें 140 वक्ताओं ने अपने विचार रखे। इसमें दुनिया भर के 800 से अधिक स्टार्टअप प्रतिनिधियों और 600 से अधिक निवेशकों के साथ-साथ 20 राष्ट्रीय और स्टार्टअप प्रतिनिधिमंडलों का स्वागत किया गया। एस्टोनिया में अगला मुख्य 'लैटिट्यूड59' कार्यक्रम 19-21 मई, 2027 को कुल्तुउरिकाटेल में होगा। एस्टोनिया की रक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी वेगविजिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और सह-संस्थापक इंगवार पार्नामाए ने एक प्रस्तुति दी कि कैसे अगली पीढ़ी का मिक्स्ड रियलिटी सिचुएशनल अवेयरनेस सिस्टम (एक्सआरएसएएस) भारतीय सुरक्षा कर्मियों के लिए उपयोगी हो सकता है, जो बख्तरबंद वाहनों के चालक दल, रिमोट ऑपरेटर और कमांडर को वास्तविक समय में दृश्यता और निर्णय सहायता प्रदान कर सकती है।

स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनी बेटर मेडिसिन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और सह-संस्थापक प्रीत सलुमाए ने भी भारतीय बाजार में प्रवेश की इच्छा जताई। एस्टोनिया के विदेश मंत्री मार्गुस त्साहकना ने 'पीटीआई-भाषा' से बातचीत में कहा कि भारत एस्टोनिया के लिए एक बहुत महत्वपूर्ण साझेदार है।

उन्होंने कहा, ÷हमारे आकार बिल्कुल अलग हैं 13 लाख की आबादी वाला एस्टोनिया और 140 करोड़ की आबादी वाला भारत। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र भी है। हमारे राष्ट्रपति अलार करिस फरवरी में एआई शिखर सम्मेलन के लिए भारत आए थे। हमारे द्विपक्षीय संबंध व्यापार के क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे हैं।

उन्होंने कहा, ÷चाहे रक्षा उद्योग हो, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) हो या एआई समाधान, एस्टोनिया निवेश के लिए एक उपयुक्त स्थान है।÷ उन्होंने कहा कि भारत की आर्थिक वृद्धि और सरकार के आर्थिक विकास में नेतृत्व से एस्टोनियाई कंपनियां काफी प्रभावित हैं। मंत्री ने कहा कि द्विपक्षीय संबंधों के विस्तार की काफी संभावनाएं हैं।

उन्होंने कहा, ÷वैश्विक रुझान को देखते हुए भारत क्षेत्र में तेजी से अग्रणी भूमिका निभा रहा है। एस्टोनिया भारतीय कंपनियों के लिए यूरोपीय संघ के बाजार का प्रवेश द्वार है, इसलिए दोनों पक्षों की रुचि है।÷ एस्टोनिया में भारत के राजदूत आशीष सिन्हा ने कहा कि यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौता (एफ्टीए) लागू होने के बाद एस्टोनिया भारत के लिए उत्तर यूरोपीय बाजारों का प्रवेश द्वार बन सकता है।

उन्होंने कहा कि द्विपक्षीय संबंध तेजी से मजबूत हो रहे हैं। सिन्हा ने ' पीटीाई- भाषा' को दिए साक्षात्कार में कहा कि मौजूदा व्यापार का मजबूत आधार आगे के सहयोग के लिए मजबूत आधार का काम करेगा, विशेष रूप से भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता (एफ्टीए) लागू होने के बाद।

# भारत, अमेरिका के मुख्य वार्ताकार एक जून से अंतरिम व्यापार समझौते पर करेंगे वार्ता..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***अमेरिका और भारत के मुख्य व्यापार वार्ताकार अंतरिम व्यापार समझौते के ब्योरे को अंतिम रूप देने के मकसद से सोमवार से यहां चार दिवसीय बैठक करेंगे। अंतरिम व्यापार समझौते की रूपरेखा फरवरी में तय की गई थी।***



अमेरिकी दल का नेतृत्व उसके मुख्य वार्ताकार ब्रेंडन लिंच करेंगे और भारत के मुख्य वार्ताकार दर्पण जैन होंगे। जैन वाणिज्य विभाग में अतिरिक्त सचिव हैं।

वाणिज्य मंत्रालय ने कहा, ''दोनों पक्षों ने अंतरिम समझौते के ब्योरे को अंतिम रूप देने और व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते के तहत बाजार पहुंच, गैर-शुल्क उपायों, सीमा शुल्क तथा व्यापार सुविधा, निवेश प्रोत्साहन और आर्थिक सुरक्षा जैसे कई क्षेत्रों पर बातचीत को आगे बढ़ाने का प्रस्ताव रखा है।''

भारत और अमेरिका ने सात फरवरी को एक संयुक्त बयान जारी कर पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार पर एक अंतरिम व्यापार समझौते की रूपरेखा पर सहमति व्यक्त की थी। अब दोनों पक्षों को इस समझौते के कानूनी मसौदे को अंतिम रूप देना होगा।

इस रूपरेखा ने व्यापक भारत-अमेरिका बीटीए वार्ता के प्रति दोनों देशों की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। रूपरेखा के अनुसार, अमेरिका ने भारत पर शुल्क को 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने पर सहमति जताई थी। उसने रूसी तेल खरीदने पर भारतीय वस्तुओं पर लगने वाले 25 प्रतिशत शुल्क को हटा दिया था और समझौते के तहत शेष 25 प्रतिशत को घटाकर 18 प्रतिशत करना था।

लेकिन, इस साल 20 फरवरी को अमेरिका के उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए व्यापक जवाबी शुल्क के खिलाफ फैसला सुनाया। यह शुल्क 1977 के अंतरराष्ट्रीय आपातकाल आर्थिक शक्ति अधिनियम (आईईईपीए) के तहत लगाए गए थे।

अमेरिका के राष्ट्रपति ने 24 फरवरी से 150 दिन के लिए सभी देशों पर 10 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की। इन बदलावों के मद्देनज़र, भारत और अमेरिका के मुख्य वार्ताकारों के बीच फरवरी में बैठक रखी गई थी, जो स्थगित कर दी गई थी।

भारतीय दल ने 20 से 23 अप्रैल, 2026 तक अमेरिका की यात्रा की और दोनों पक्ष वाशिंगटन में मिले थे। चर्चाओं को आगे बढ़ाने के लिए, मुख्य वार्ताकार के नेतृत्व में अमेरिकी टीम एक से चार जून, 2026 तक भारत की यात्रा करेगी।





जग प्रेरणा
# देश विदेश
● म.प्र. ● महाराष्ट्र ● छ.ग. ● उड़ीसा ● राजस्थान ● गुजरात ● दिल्ली ● हरियाणा ● पंजाब ● जम्मु कश्मीर

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - 9329033433

## म्यांमार में भीषण धमाका, 45 से ज्यादा लोगों की मौत, 100 से ज्यादा घर तबाह..

डेस्क जगप्रेरणा।

*म्यांमार में रविवार को एक भीषण धमाका हुआ, जिसमें 45 से ज्यादा लोग मारे गए। घटना नामखाम टाउनशिप के काउंगटुप गांव में हुई। यह जगह उत्तर-पूर्वी म्यांमार के शान राज्य में है, जो चीन सीमा से लगभग 3 किलोमीटर दक्षिण में है।*



दोपहर में हुआ धमाके में 45 से 55 लोगों की मौत हो गई। कई रिपोर्ट्स में 46 शव बरामद करने की बात कही गई, जिनमें बच्चे भी शामिल हैं। लगभग 70-74 लोग घायल हुए हैं, जिनमें कई की हालत गंभीर है। इस धमाके में 100 से अधिक घर क्षतिग्रस्त हुए हैं। आसपास भारी तबाही हुई है। जानकारी के अनुसार एक इमारत में माइनिंग के लिए इस्तेमाल होने वाले विस्फोटक रखे हुए थे। इनका भंडारण ता'आंग नेशनल लिबरेशन आर्मी के आर्थिक विभाग द्वारा किया जा रहा था। टीएनएलए एक जातीय सशस्त्र समूह है, जो इस क्षेत्र पर नियंत्रण रखता है। धमाके की वजह की जांच चल रही है।

### माइनिंग के लिए रखा था विस्फोटक..

टीएनएलए ने बयान जारी कर कहा कि ये विस्फोटक खनन और पत्थर खदान के काम के लिए थे, न कि हथियारों के लिए। यह घटना म्यांमार के अस्थिर इलाके में हुई है, जहां सैन्य और विभिन्न जातीय सशस्त्र समूहों के बीच संघर्ष जारी है। बचाव कार्य चल रहा है और मृतकों की संख्या बढ़ सकती है।

### 100 से ज्यादा घरों को नुकसान..

बचावकर्मियों और इंडिपेंडेंट मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, रविवार को उत्तर-पूर्वी म्यांमार में एक बिल्डिंग में हुए धमाके में 45 से ज्यादा लोग मारे गए। धमाके की जगह पर पहुंचे एक बचावकर्मी ने बताया कि रविवार शाम तक छह बच्चों समेत 46 लाशें बरामद कर ली गई थीं और उन्हें क्रिमेशन के लिए ले जाया गया। बचावकर्मी ने कहा कि 74 घायल लोगों को टाउनशिप हॉस्पिटल ले जाया गया है और बचाव का काम जारी है। नामखम में एक और बचावकर्मी ने बताया कि करीब 40 लोग मारे गए और धमाके वाली जगह के पास 100 से ज्यादा घरों को नुकसान हुआ है।

### इमारतों के मलबे दिखे..

म्यांमार के मीडिया आउटलेट्स ने मरने वालों की संख्या 50 से 55 के बीच बताई। उन्होंने धमाके से निकलता धुआं और उसके बाद टूटी हुई इमारतों और मलबे को दिखाते हुए फोटो और वीडियो पब्लिश किए। चीन के सरकारी ब्रॉडकास्टर सीसीटीवी ने बताया कि धमाके में कई मौतें हुईं और कई लोग घायल हुए, कई घरों को बहुत नुकसान हुआ, लेकिन उसने कोई आंकड़ा नहीं दिया। उसने कहा कि शुरुआती जांच के मुताबिक, धमाका उस जगह पर हुआ जहां माइनिंग के काम में इस्तेमाल होने वाले बड़ी मात्रा में विस्फोटक रखे गए थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि लोकल अधिकारी अभी प्रभावित लोगों को राहत, मेडिकल केयर और फिर से बसने में मदद दे रहे हैं।

### बागी समूह है टीएनएलए..


जेलिग्नाइट का इस्तेमाल माइनिंग और रॉक ब्लास्टिंग में बहुत ज्यादा होता है, लेकिन समय के साथ और अगर इसे ठीक से स्टोर न किया जाए तो यह बहुत घातक हो सकता है। टीएनएलए बागी थ्री ब्रदरहुड अलायंस का सदस्य है और जब से अलायंस और उसके साथियों ने 2023 के आखिर में उत्तर-पूर्वी म्यांमार में सेना के खिलाफ एक बड़ा हमला किया है, तब से नामखम इलाके पर उसका कंट्रोल है। अलायंस के सदस्य और दूसरे जातीय हथियारबंद ग्रुप लंबे समय से ज्यादा ऑटोनॉमी के लिए लड़ रहे हैं। टीएनएलए ने पिछले साल अक्टूबर में चीन की मध्यस्थता वाली बातचीत के बाद म्यांमार की सेना के साथ सीज़फायर पर साइन किए थे, लेकिन रिश्ते अभी भी तनावपूर्ण हैं।

1 फरवरी, 2021 को सेना द्वारा आंग सान सू की की चुनी हुई सरकार से सत्ता छीनने के बाद से म्यांमार में उथल-पुथल मची हुई है, जिससे बड़े पैमाने पर लोगों का विरोध शुरू हो गया है। शांतिपूर्ण प्रदर्शनों को जानलेवा ताकत से दबाने के बाद, मिलिट्री शासन के कई विरोधियों ने हथियार उठा लिए, और देश के बड़े हिस्से अब लड़ाई में उलझे हुए हैं।

## अचानक रोकी गई केदारनाथ यात्रा, रास्ते में रोके गए श्रद्धालु; बद्रीनाथ मार्ग पर भी संकट..

डेस्क जगप्रेरणा।

*उत्तराखंड में बीते कुछ दिनों से मौसम का मिजाज बदल गया है। इस बीच यहां केदारनाथ यात्रा को रोकना पड़ा है। बारिश और जगह-जगह हुए भूस्खलन की वजह से यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।*



इस बीच स्थानीय प्रशासन ने केदारनाथ यात्रा को अस्थायी रूप से रोकने का फैसला लिया है। बता दें कि बारिश की वजह से लोग जगह-जगह रुके हुए हैं, जिस वजह से कई जगहों पर जाम की स्थिति भी देखी जा रही है। वहीं मौसम विभाग ने उत्तराखंड में बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

### रोकी गई केदारनाथ यात्रा..

रुद्रप्रयाग के स्थानीय प्रशासन ने फिलहाल केदारनाथ यात्रा को अस्थाई रूप से रोक दिया है। स्थानीय पुलिस ने एक एडवाइजरी जारी करते हुए एक्स पर लिखा है 'केदारनाथ यात्रा अस्थाई रूप से रोकी गई। जनपद रुद्रप्रयाग में भारी बारिश के ऑरेंज अलर्ट के चलते श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु केदारनाथ यात्रा को अस्थाई तौर पर रोका गया है।' प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हेल्पलाइन भी जारी किए हैं। किसी भी समस्या के समाधान के लिए श्रद्धालु 8958757335 और 8218326386 पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा डायल 112 के जरिये भी मदद ली जा सकती है। प्रशासन ने लोगों से सहयोग की अपील की है।

### बद्रीनाथ मार्ग पर जाम..

वहीं दूसरी तरफ जोशीमठ के पास बद्रीनाथ नेशनल हाइवे **(NH-7)** पर भीषण जाम लगा हुआ है। यहां वाहनों की आवाजाही लगभग ठप हो गई है। स्थानीय पुलिस और प्रशासन ने जाम खत्म करने के लिए कर्मियों को तैनात किया है। वहीं भारी जाम को हटाने के लिए 30 मिनट के अंतराल पर एकतरफा यातायात को नियंत्रित करने के लिए आपातकालीन टोकन-आधारित गेट प्रणाली को सक्रिय किया गया है।

### सड़क पर लगा लंबा जाम..

चमोली के पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पंवार ने कहा, 'लगभग 30,000 से 35,000 तीर्थयात्री प्रतिदिन श्री बद्रीनाथ धाम की यात्रा कर रहे हैं। वहीं 5,000 से 10,000 श्रद्धालु हेमकुंड साहिब जा रहे हैं।

तीर्थयात्रियों की इस भारी भीड़ के कारण हमारे मौजूदा राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों पर दबाव काफी बढ़ गया है। विशेष रूप से, जोशीमठ-मारवाड़ी-विष्णुप्रयाग मार्ग पर लगभग 10 किलोमीटर का सड़क खंड बेहद खराब स्थिति में है। कुछ वर्ष पूर्व जोशीमठ क्षेत्र में हुए प्राकृतिक भू-धंसाव ने वहां के सड़क ढांचे को बुरी तरह प्रभावित किया है।'

### रुक-रुक कर खोला जा रहा ट्रैफिक..

एसपी सुरजीत सिंह पंवार ने कहा, 'इन बुनियादी ढांचागत चुनौतियों के बने रहने के कारण, हमने संकरे भूभाग को ध्यान में रखते हुए एक सुनियोजित एकतरफा यातायात व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया। हमने जोशीमठ में नरसिंह मंदिर के पास एक व्यवस्थित द्वार प्रणाली स्थापित की है। चूंकि यह द्वार प्रणाली वहीं स्थित है, इसलिए श्रद्धालु अपनी बारी की प्रतीक्षा करते हुए आसानी से रुक सकते हैं और पवित्र मंदिर के दर्शन कर सकते हैं। वर्तमान यातायात योजना जमीनी स्तर पर बहुत प्रभावी ढंग से काम कर रही है।'

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें..
मो. 9329033433

## खेलते-खेलते स्विमिंग पूल में जा गिरा 13 महीने का मासूम, डूबकर हुई मौत..

डेस्क जगप्रेरणा।

*मुंबई से सटे नालासोपारा इलाके से एक खौफनाक हादसे का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। यहां के एक फार्म रिसॉर्ट के स्विमिंग पूल में गिरने से 13 महीने के एक बच्चे की डूबकर मौत हो गई।*



यह पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। यह हादसा नालासोपारा पश्चिम के कलंब स्थित तुलसी फार्म हाउस में 29 मई की शाम करीब 6 बजे हुआ।

### स्विमिंग पूल में कैसे गिर गया बच्चा?

मृत बच्चे की पहचान आयुष दशरथ ईभाड (13 महीने) के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, आयुष के माता-पिता इसी फार्म हाउस में काम करते हैं। 29 मई की शाम फार्म रिसॉर्ट में ग्राहकों की भारी भीड़ थी, जिसके चलते पिता दशरथ ग्राहकों की देखरेख और उन्हें संभालने में व्यस्त थे, जबकि मां अनुषा किचन के कामों में हाथ बंटा रही थीं।

इस बीच, आयुष खेलते-खेलते अपने पिता के पास से ओझल हो गया। शाम करीब 6.0 बजे आयुष अपने पिता के पास था, लेकिन कुछ देर बाद वह खेलते-खेलते वहां से निकल गया और पुल के पास आ गया। इस दौरान खेलते-खेलते आयुष स्विमिंग पूल में जा गिरा।

### भीड़ के बीच भी किसी की नहीं पड़ी नजर..

इस घटना का जो सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, वह हैरान और परेशान करने वाला है। वीडियो के 8वें सेकेंड पर बाईं तरफ ऑरेंज टी-शर्ट में मासूम आयुष नजर आ रहा है। सबसे ज्यादा हैरान करने वाली बात यह रही कि हादसे के वक्त पूल के आस-पास कई अन्य बच्चे और बड़े लोग मौजूद थे। रिसॉर्ट में भारी भीड़ होने के बावजूद, किसी भी शख्स का ध्यान पानी में गिरते और डूबते हुए मासूम आयुष पर नहीं गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मामले की डायरी दर्ज कर ली है और फार्म हाउस में सुरक्षा इंतजामों व लापरवाही को लेकर आगे की जांच कर रही है।

## अमेरिका के मैसाचुसेट्स के आसमान में उल्कापिंड, तेज धमाके से हिलीं इमारतें, आग का गोला देख लोग हुए हैरान..



डेस्क जगप्रेरणा।

*अमेरिका के न्यू इंग्लैंड क्षेत्र में शनिवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब मैसाचुसेट्स और रोड आइलैंड के कई इलाकों में तेज दोहरे धमाकों की आवाज सुनाई दी।*

शनिवार दोपहर को न्यू इंग्लैंड के लोगों द्वारा विस्फोट की सूचना मिलने पर पुलिस एजेंसियां और अन्य लोग यह पता लगाने में जुट गए कि मैसाचुसेट्स और रोड आइलैंड में इमारतों को हिला देने वाले दोहरे धमाके का कारण क्या था।

### 3 फीट चौड़ा उल्कापिंड..

अमेरिकन मेटियोर सोसाइटी ने शनिवार को बताया कि यह धमाका वास्तव में लगभग 3 फीट चौड़ा एक उल्कापिंड था, जो बोस्टन के उत्तर में मैसाचुसेट्स के साथ न्यू हैम्पशायर की सीमा के पास वायुमंडल में प्रवेश कर रहा था।

### सामान्य आग के गोले से था बड़ा..

सोसाइटी के फायरबॉल प्रोग्राम मॉनिटर रॉबर्ट लंसफोर्ड ने कहा कि ग्रुप को डेलावेयर से मॉन्ट्रियल तक दर्जनों रिपोर्टें मिलीं, जिनमें लोगों ने या तो दोहरे धमाके की आवाज सुनी, जमीन को हिलते हुए महसूस किया या आग का गोला देखा। उनके अनुसार दिन के समय आकाश में टूटते तारे जैसा दिखता है। उन्होंने कहा, 'यह निश्चित रूप से एक सामान्य आग के गोले से बड़ा था, लगभग एक गज चौड़ा रहा होगा।'

### समुद्र में गिरने के आसार..

इसके साथ ही लंसफोर्ड ने कहा कि उल्कापिंड के जमीन से टकराने की संभावना कम है। उन्होंने कहा, 'हमें यह निश्चित रूप से जानने के लिए उसकी दिशा और स्पीड समेत अन्य पहलुओं के बारे में अधिक जानकारी की आवश्यकता होगी क्या यह जमीन से टकराया था। अगर यह धरती पर गिरने के बाद जला नहीं तो यह समुद्र में गिरा होगा।'

### कई लोगों ने शेयर किए वीडियो..

अमेरिका कुछ लोगों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बताया कि उन्हें अपने घरों को हिलते हुए महसूस किया। **X** पर पोस्ट किए गए कई वीडियो में दोपहर लगभग 2:30 बजे दो तेज धमाकों की आवाज सुनाई दी, लेकिन आग, धुआं या अन्य कोई दृश्य कारण नहीं दिखाई दिए।




## सल्फास को चॉकलेट समझकर आपस में बांटकर खा गईं 4 सहेलियां, एक की मौत, तीन की हालत गंभीर..

डेस्क जगप्रेरणा।

*बिहार के जमुई में चार सहेलियों ने चॉकलेट समझकर सड़क पर गिरी सल्फास की एक गोली को तोड़कर आपस में बांटकर खा लिया। शाम में जब चारों बच्चियां घर पहुंची तो अचानक सभी को उल्टी होने लगी और तबियत बिगड़ गई।*




पूछताछ के बाद परिजनों को घटना की जानकारी हुई और चारों ओर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। फौरन चारों बच्चियों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान एक बच्ची की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सक ने प्रारंभिक उपचार के बाद पटना रेफर कर दिया, जबकि तीन बच्चियों का इलाज सदर अस्पताल में ही चल रहा है। मामला जमुई जिले के खैरा प्रखंड क्षेत्र का है। यहां गम्हरिया गांव में शुक्रवार की दोपहर के बाद चार सहेलियां घांस गढ़ने बहियार की ओर गई थीं। इसी दौरान रास्ते में पड़ी मिली सल्फास की गोली बांटकर खा गईं।

### एक ही स्कूल में पढ़ती थीं सभी बच्चियां..

मृतका बच्ची गम्हरिया गांव निवासी महेश ठाकुर की 12 वर्षीय पुत्री संजना कुमारी है जो वर्ग 7 की छात्रा है। जबकि सदर अस्पताल में ईलाजरत बच्चियों की पहचान सहदेव ठाकुर की 13 वर्षीय पुत्री भारती कुमारी, सुनील ठाकुर की 12 वर्षीय

पुत्री लवली कुमारी और रणधीर कुमार ठाकुर की 11 वर्षीय पुत्री शबनम कुमारी के रूप में हुई है। सभी बच्चियां उत्क्रमित मध्य विद्यालय गम्हरिया की छात्रा है।

### स्कूल के बाद बहियार गई थीं छात्राएं..

परिजनों ने बताया कि चारों बच्चियों विद्यालय से पढ़ाई करने के बाद घांस गढ़ने के लिए बहियार की ओर गई थीं और बहियार स्थित एक पुल पर बैठी हुई थीं, तभी एक बच्ची की नजर सड़क पर गिरे कागज पर पड़ी, जिसके अंदर कुछ रखा हुआ था।

बच्चियों ने कागज खोलकर देखा तो अंदर एक गोली थी, जिसे चॉकलेट समझक चारों ने आपस में बांटकर खा लिया। काफी देर के बाद जब चारों बच्चियों की तबीयत बिगड़ने लगी तो इसकी जानकारी परिवार वालों को हुई। इसके बाद सभी को सदर अस्पताल लाया गया। यहां इलाज के दौरान निजी क्लिनिक में एक बच्ची की मौत हो गई।

### डॉक्टर का बयान..

सदर अस्पताल के डॉक्टर अमित कुमार ने बताया कि जहरीली पदार्थ खाने की शिकायत पर चार बच्चियों को सदर अस्पताल लाया गया है। एक की गंभीर स्थिति को देखते हुए पटना रेफर किया गया है, तीन बच्चियों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। फिलहाल स्थिति सामान्य बनी हुई है।




## नदी में डूब रही लड़की को बचाने के लिए 5 लोग उसमें कूदे, लड़की बच गई लेकिन पांचों लोगों की हो गई मौत..

डेस्क जगप्रेरणा।

*आंध्र प्रदेश के कुरनूल जिले से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां की तुंगभद्रा नदी में एक लड़की को बचाने के चक्कर में पांच लोग नदी में कूद पड़े। इस दौरान पांचों लोगों की मौत हो गई लेकिन लड़की की जान बच गई। इस मामले की हर तरफ चर्चा हो रही है।*




### क्या है पूरा मामला?

कुरनूल जिले में तुंगभद्रा नदी में एक लड़की गिर गई थी। मिली जानकारी के मुताबिक, लड़की नाबालिग थी। अधिकारी से मिली जानकारी के मुताबिक, शनिवार शाम करीब 4.30 बजे नाबालिग लड़की नदी में अपने पैर धो रही थी। इसी दौरान वह फिसल गई और नदी में डूबने लगी। लड़की को बचाने के लिए पांच लोग नदी में कूद गए लेकिन वह डूब गए और उनकी मौत हो गई। हालांकि लड़की की जान को बचा लिया गया। मृतकों के बारे में जानकारी मिली है कि वह आस-पास के गांव के रहने वाले थे। जो पांच लोग डूबे हैं, उन्हें ढूंढने के लिए स्थानीय पुलिस ने राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीम की मदद ली है और सर्च ऑपरेशन चलाया है।

इस घटना के सामने आने के बाद इलाके में इस बात की चर्चा है कि जान बचाने की कोशिश करने वाले 5 लोगों की मौत हो गई और लड़की की जान बच गई। बता दें कि पहले भी इस तरह की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जब नदी में जान बचाने के लिए कूदे लोग अपनी जान गंवा बैठे। लेकिन ये मामला इसलिए भी हैरान करने वाला है कि जिसकी जान बचाने के लिए पांच लोगो कूदे, उस बच्ची की जान बच गई लेकिन जान बचाने के लिए कूदने वाले पांचों लोगों की मौत हो गई। इस घटना की पूरे इलाके में चर्चा बनी हुई है और मृतकों के परिजनों के बीच शोक का माहौल है। लोग मृतकों के परिजनों के लिए संवेदनाएं प्रकट कर रहे हैं।




जग प्रेरणा
# गोंदिया भंडारा ग्रामीण
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

सोमवार 01 जून 2026



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
भुमेश्वर धमगाये गोरेगांव
मो. 9637631171



# ‘ट्रैफिक’ की वजह से लोगों के सिर ‘जाम’ हो रहे हैं..

## पंचायत समिति रोड, भारी गाड़ियों पर बैन..





जगप्रेरणा आमगांव।

***अभी शहर की व्यस्त रोड पंचायत समिति रोड पर ट्रैफिक जाम की गंभीर गंभीर हो गई है। खासकर हर सुबह, दोपहर और शाम को यहां दिन भर गाड़ियों की लंबी लाइनें लगी रहती हैं,***

जिससे लोगों को बहुत परेशानी होती है और लोगों के सिर जाम हो जाते हैं। जो रोड कभी बहुत सुरक्षित मानी जाती थी, वह अब सिरदर्द बनती जा रही है। रोज़ की यह समस्या लोगों के लिए परेशानी बन गई है। रोड के दोनों तरफ दुकानदारों ने दुकानों के सामने कब्ज़ा कर लिया है। दूसरी दुकानों पर भी ग्राहक की बहुत भीड़ रहती है। ग्राहक अपनी गाड़ियां सड़क पर पार्क कर देते हैं, जिससे सड़क पतली हो जाती है और ट्रैफिक जाम लग जाता है। चूंकि इस गली से आने वाली बड़ी चार पहिया गाड़ियां मेन रोड से सीधे इस गली में आ जाती हैं, इसलिए इस गली में बहुत बड़ा जाम लग जाता है। किसी भी चार पहिया गाड़ी का इस गली में आना मुश्किल हो गया है। इस इलाके में ट्रैफिक पुलिस का कंट्रोल न होने से आधे घंटे से एक घंटे तक अफरा-तफरी का माहौल रहता है। आदर्श विद्यालय पंचायत समिति रोड पर होने की वजह से स्कूली छात्र भी ट्रैफिक जाम से सबसे ज्यादा परेशान रहते हैं। बढ़ते अतिक्रमण की वजह से आदर्श विद्यालय और पंचायत समिति रोड पर गाड़ियों का जाम सिरदर्द बन गया है। किडंगीपार रोड पर मेन रोड से लेकर नहर तक व्यापारियों द्वारा सड़क पर अतिक्रमण करने की वजह से लगने वाला ट्रैफिक जाम रोज का सिरदर्द बन गया है। प्रशासन को तुरंत मार्ग पर हुए पक्के और अस्थाई अतिक्रमण को हटाना चाहिए और आदर्श विद्यालय लेन से आने वाले चार पहिया वाहनों पर रोक लगानी चाहिए, ताकि इस समस्या का समाधान हो सके। आमगांव के निवासियों की मांग है कि प्रशासन इस ओर तुरंत ध्यान दे और ट्रैफिक को सुचारू बनाने का कोई पक्का समाधान निकाले।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी स्टेशन पर विशेष नाका टिकट चेकिंग अभियान..

## विशेष नाका टिकट जांच अभियान में बड़ी कार्रवाई, ने.सु.च. बोस इतवारी स्टेशन पर 23,710 का राजस्व अर्जित..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल द्वारा टिकटधारी यात्रियों को बेहतर, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने, यात्रियों में वैध टिकट लेकर यात्रा करने के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा बिना टिकट एवं अनियमित यात्रा पर प्रभावी अंकुश लगाने के***

उद्देश्य से नागपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार गुप्ता एवं वरि.मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री दिलीप सिंह के मार्गदर्शन में दिनांक 21 मई से 14 जून 2026 तक विशेष ‘नाका टिकट चेकिंग अभियान’ चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में दिनांक - 30 मई 2026 को नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी स्टेशन पर विशेष नाका टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व सहायक मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री अमित कुमार द्वारा किया गया। अभियान में 01 अधिकारी, 03 मुख्य टिकट निरीक्षक, 11 टिकट परीक्षक, 01 एमटीएस तथा 02 आरपीएफकर्मियों ने सहभागिता की। अभियान के दौरान कुल 14 ट्रेनों की सघन जांच की गई। टिकट जांच के दौरान बिना टिकट, अनियमित टिकट एवं अन्य टिकटिंग अनियमितताओं के कुल 124 मामले पकड़े गए, जिनसे रेलवे को कुल 23,710 का राजस्व प्राप्त हुआ। इनमें श्रेणी ‘A’ बिना टिकट यात्रा के 26 मामलों से 10,250, श्रेणी ‘B’ अनियमित यात्रा के 13 मामलों से 4,960, श्रेणी ‘C’ अनियमित लगेज/सामान के 84 मामलों से 8,400 तथा श्रेणी ‘E’ धूम्रपान के 01 मामले से 100 की आय अर्जित हुई।

इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री दिलीप सिंह ने यात्रियों से अपील करते हुए कहा कि रेल यात्रा के दौरान सदैव वैध टिकट लेकर ही यात्रा करें। बिना टिकट अथवा अनियमित टिकट पर यात्रा करना रेलवे अधिनियम के अंतर्गत दंडनीय अपराध है। उन्होंने यात्रियों से रेलवे की टिकटिंग व्यवस्था का पालन करने, मोबाइल ऐप एवं यूटीएस ऑन मोबाइल जैसी डिजिटल सुविधाओं का अधिकाधिक उपयोग करने तथा रेलवे को सुरक्षित, पारदर्शी एवं यात्री-अनुकूल बनाने में सहयोग करने का आग्रह किया।

नागपुर मंडल द्वारा यात्रियों के हित में विशेष टिकट जांच अभियान नियमित रूप से चलाए जा रहे हैं। ऐसे अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे ताकि बिना टिकट यात्रा पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके तथा रेलवे की राजस्व सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# समाजसेवी ने अपने ही चालक के कानशिला पर जड़ दिया थप्पड़, मामला पहुंचा विमुस में

जगप्रेरणा गोरेगांव।

***घटना भले ही छोटी हो परंतु अपमान सहन न होतो बातो का बतंगड होने मे देर नही लगती ऐसा ही मामला गोरेगाव तहसील अंतर्गत ग्राम तेढा मे प्रकाश मे आया है। जहा एक समाजसेवी भाजपा के पदाधिकारी ने अपने ही चालक को कान के नीचे थप्पड़ जड़ देने से***

क्रोधित व्यक्ति ने महात्मा गांधी विवाह मुक्त समिती ने शिकायत दर्ज कर न्यायिकी गुहार लगाई। मिली जानकारी के अनुसार गोरेगाव भाजपा मंडल के महामंत्री काशिनाथ भेंढारकर के पास लंबे अरसे से कार्यरत ट्रॅक्टर चालक प्रकाश वाढई हलबि तोला तेढा यह विगत 29 मई को कळकती धूप की वजह से दोपहर (3.30) बजे काम पर नही आने से तीलमिलाये भेंडार करणे उसे गाली गलोज कर तू देर से क्यू आया कहकर वाडाई के कान के नीचे थप्पड़ जड़ दिया। यह मामला आज दिनांक 31 मे 2026 को विवाद मुक्त समिती तेढा ने पहुंचा तब वादी प्रतिवादीओ के बीच बहस हुई अंत मे तमुस द्वारा दिये गये निर्णय को अमान्य करते हुए भेंडारकर वहा से चल दिये।

अब एक समाजसेवी ही इस प्रकार की हरकत करे तो देख सुर व्यक्ति का वाली कोण? यह प्रश्न इस परिसर में अब चर्चा का विषय बन गया है। भलेही आप साधन संपन्न हो परंतु जब मामला सामने आये तो उसका निष्कर्ष निकाल कर बे कसूर व्यक्ति को न्याय मिलना जरूरी है यही चर्चा गाव परिसर में हर नागरिक मे चल रही है।

# दो वर्ष से समायोजन नहीं किया मार्च से मानधन भी नहीं मिला..

## एनएचएम कर्मचारियों का गुस्सा चरम पर..

जगप्रेरणा आमगांव।

***कोरोना काल में अपनी जान की परवाह किए बिना शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं देने वाले राष्ट्रीय स्वास्थ्य अभियान (एनएचएम) के तहत काम करने वाले कंत्राटी (ठेका) कर्मचारी आज खुद के वजूद के लिए जूझते नजर आ रहे हैं।***

हजारों कर्मचारियों का समायोजन और मार्च से मिलने वाला मानधन अभी भी नहीं मिला है। इससे स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों में गहरा गुस्सा है और सरकार और प्रशासन के ढीले कार्य की अब खुलकर आलोचना हो रही है। जानकारी के अनुसार गोंदिया जिले में 800 और राज्य में 4500 से ज्यादा एनएचएम कर्मचारियों का समायोजन प्रक्रिया पिछले दो साल से कागजों में अटका हुआ है। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद दस साल से ज्यादा सेवा दे चुके कर्मचारियों को समायोजन करने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन, असल में सरकार ने सिर्फ कुछ पदो के लिए ही सीमित कार्रवाई की। वाहन चालक और परिचर के पदों के अलावा हजारों अन्य कर्मचारियों को अभी तक न्याय नहीं मिला है। मार्च 2026 से, कई कर्मचारियों का मानधन बकाया है और वे अपने घर के खर्चे, बच्चों की पढ़ाई, लोन की किश्तें और रोज की जरूरतें पूरी करने के लिए आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। गोंदिया जिले समेत राज्य की ग्रामीण स्वास्थ्य यंत्रणा काफ़ी हद तक एनएचएम कर्मचारियों के भरोसे है।

यह कर्मचारी माँ और बच्चे की मौत की दर को रोकने, वैक्सीनेशन, ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा, ऑनलाइन डेटा एंट्री, रिपोर्ट जमा करने, डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड जैसी जिम्मेदारियाँ संभाल रहे हैं। लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि काम के बढ़ते बोझ और सरकार की अनदेखी के कारण कर्मचारियों का मानसिक संतुलन बिगड़ रहा है। कुछ कर्मचारी समायोजन का इंतजार करते-करते रिटायरमेंट की दहलीज पर पहुँच गए, जबकि कुछ ने डिप्रेशन में नौकरी छोड़ दी। कर्मचारी संगठनों का कहना है कि यदि जल्द मांगें पूरी नहीं की गई तो पूरे राज्य में जोरदार आंदोलन किया जाएगा।

# ग्राम पंचायत कर्मचारी महासंघ का शिक्षण शिवीर संपन्न..

जगप्रेरणा गोरेगांव।

***तहसील के मोहगांव (बु.) स्थित परशुराम विद्यालय मे महाराष्ट्र राज्य ग्रामपंचायत कर्मचारी महासंघ (संबंध आयटक) के जिला कार्यकारिणी सदस्य एवंम प्रमुख कार्यकर्ताओ का शिक्षण शिवीर संपन्न हुआ। सर्वप्रथम शिवीर का उदघाटन उदघाट्न सत्र संगठन के***

जिल्हाध्यक्ष चत्रूघन लांजेवार की अध्यक्षता मे आयटक के केंद्रीय शिक्षा विभागके सदस्य प्रा. (डॉ.) युगल रायलू (नागपूर), राज्य महासंघ के कार्याध्यक्ष कॉ. मिलिंद गणवीर के हस्ते शहीद भगतसिंग के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर शिवीर प्रारंभ हुआ।

इस अवसर पर प्रमुखता से संगठन के जिला सचिव रवींद्र किटे, कार्याध्यक्ष महेंद्र कटरे, कोषाध्यक्ष महेंद्र भोयर, संगठन सचिव विष्णू हत्तीमारे, ईश्वरदास भंडारी, विनोद शहारे आशिष उरकुडे, दीप्ती राणे, सुनंदा दहिकर, संगीता गावड, देवेश्री कोरे, दीपाली गौतम उपस्थित थे। मिलिंद गणवीर ने अपने प्रास्ताविक संबोधन मे इस वैचारिक शिवीर का महत्व स्पष्ट किया।

इस उदघाटन सत्र का संचालन संचालन जिला सहसचिव तथा शिवीर संयोजक बुधराम बोपचे ने किया। महाराष्ट्र राज्य उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार व राष्ट्रीय कर्मवीर पुरष्कार से सम्मानीत , बहुभाषी एवंम ‘मनुस्मृती बनाम संविधान’ इस पुस्तिका के लेखक कॉ. युगल रायलू ने ‘श्रमिको की एकजूटता और संघर्ष’ विज्ञानवादी विचार तथा अंधविश्वास इस विषय पर विस्तृत मार्गदर्शन किया साथ ही मार्क्सवाद की व्याख्या स्पष्ट की इस मे 55 कार्यकर्ताशामिल होकर प्रश्नोत्तर सत्र मे अपनी जिज्ञासाये व्यक्त की।

कार्यक्रम की व्यवस्था गोरेगाव तहसील शाखा के तुलशीदास चौधरी, निलेश मस्के, मिथुन राहुलकर, जीवन मेश्राम, राजकुमार नेवारे, अरुण बोपचे, सोमेश्वर राऊत, छगन कुमळे, देवराज गावळ, पवन राऊत, सुनील उईके, मुन्नालाल कांबळे आदी ने की जिसमे सभी तालुका प्रमुख कार्यकर्ता देवेंद्र मेश्राम, खुशाल बनकर, मुकेश कापगते, देवेंद्र दुरुगकर, मुकेश बिसेन, श्याम कटरे,राजेश भोकासे, गणेश कांबडी, ऋषिपाल डोंगरे, इत्यादी कार्यकर्ते शामिल कार्यक्रम का समारोप शत्रूघन लांजेवार एवंम आभार प्रदर्शन बुधराम बोपचे ने किया।

## गोंदिया पुलिस डायरी।।

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो। 9922607145

### खडे ट्रक पर टकाराई मोटरसायकल ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के नवेगावबांध पुलिस थाना अंतर्गत अपघात का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 29/ 5/ 2026 के रात 8 बजे के दरम्यान नवेगावबांध मे आरोपी ट्रक चालक ने अपना ट्रक रोड पर खड़ा किया उसमे पार्किंग लाईट भी नही थी। अक्षय शालिकराम लंजे अपनी इलेक्ट्रीक मोपेड से आ रहा था सामने से आ रही गाडी के लाईट की से उसे ट्रक दिखा नही और मोपेड क्रमांक एम एच 35 एबी 1224 ट्रक से टकारकर टु व्हिलर चालक जख्मी हुवा ट्रक क्रमांक एम पी 09 एच एच 7078 का चालक घटनास्थल से ट्रक लेकर फरार हो गया। फर्यादी के दिये बयान पर ट्रक चालक के खिलाफपोस्टे नवेगावबांध मे अपराध क्रमांक 149/2026 धारा 285,125, ए बी भान्यास 2023 सहकलम 134, अ, ब, मोवाका के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोऊपनी सुरेश मेश्राम पोस्टे नवेगावबांध कर रहे है।

### फोर विलर की चपेट मे आने से मोटर सायकल सवार पति पत्नी जख्मी मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के अर्जुनी मोर पुलिस थाना अंतर्गत वाहन अपघात का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 30/ 5/ 2026 के 10 बजे के दरम्यान खामखुरा मे महीला फर्यादी उम्र 24 वर्ष निवासी जानवा अपने पती के मोटरसायकल पर बैठकर डाक्टर के खहा उपचार करने गई थी। वापस अपने घर आते समय सामने से आ रही टाटा टिगो फोरविलर के चालक ने अपना वाहन लापरवाही से चलाकर मोटरसायकल को टक्कर मारी पति पत्नी गंभीर जख्मी होने से दिये शिकायत पर फोरविलर चालक के खिलाफपोस्टे अर्जुनी मोर मे अपराध क्रमांक 242/2026 धारा 281,125, ए,125, बी, भन्यास 2023 सहकलम 184, मोवाका के तहत मामला दर्ज कर जाँच पोहवा 424 डोंगरवार पोस्टे अर्जुनी मोर कर रहे है।

### मोटरसायकल स्लिप होकर गिरे युवक की उपचार के दौरान मौत मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के डुग्गीपार पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 8/5/2026 के 6 बजे के दरम्यान ग्राम देवपायली मे राकेश विलास वंजारी उम्र 30 वर्ष निवासी मानेगाव घटना के समय अपनी मोटरसायकल से दादी के गाव गया था। वहा से वापस आते समय उसकी मोटरसायकल स्लिप हुई और वह सर के बल गिरने से जख्मी हुवा उसे उपचार के लिये ग्रामीण अस्पताल सड़क अर्जुनी ले गये जहा प्राथमिक उपचार कर उसे गोंदिया जानकी हॉस्पीटल रॅफर किया गया। तबियत ज्यादा खराब होने से उसे नागपुर मेडिकल कॉलेज भेजा गया जहा उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई, मर्ग के कागज पोस्टे डुग्गीपार मे प्राप्त होने से पोस्टे डुग्गीपार मे अकस्मात मौत क्रमांक 24/2026 धारा 194, भानासुस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जॉच पोहवा कोटांगले 1394 पोस्टे डुग्गीपार कर रहे है।

# धनोली-आमगांव रेलखंड के बहमनी गेट समपार फाटक संख्या 493 पर मरम्मत कार्य हेतु अस्थायी रूप से यातायात बंद रहेगा..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल के अंतर्गत धनोली-आमगांव रेलखंड पर स्थित समपार फाटक संख्या 493 (बहमनी गेट) को निर्धारित ओवरहॉलिंग***

कार्य के लिए अस्थायी रूप से सड़क यातायात हेतु बंद रखा जाएगा। रेल पथ के अनुरक्षण एवं सुरक्षित रेल संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बी.सी.एम. मशीन द्वारा समपार फाटक पर निर्धारित ओवरहॉलिंग कार्य किया जाना है। इस कारण समपार फाटक संख्या 493, किलोमीटर 974/8-10 (डाउन लाइन) पर सभी प्रकार के सड़क यातायात का आवागमन निम्न तिथियों में अस्थायी रूप से बंद रहेगा उक्त समपार फाटक बंद होने की तिथियां - 04 जून 2026, 05 जून 2026, 08 जून 2026 एवं 11 जून 2026। बंद रहने का समय - दोपहर 12:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक।

इस अवधि में सड़क यातायात को वैकल्पिक मार्ग के रूप में निकटवर्ती रेल रोड ओवर ब्रिज एवं समपार फाटक संख्या 496 (कुम्हारटोली गेट), किलोमीटर 977/28-30 से डायवर्ट किया जाएगा।

रेल प्रशासन द्वारा क्षेत्र के नागरिकों एवं वाहन चालकों से अनुरोध किया गया है कि उक्त अवधि के दौरान वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करें तथा रेलवे अधिकारियों एवं यातायात व्यवस्था में लगे कर्मचारियों का सहयोग करें। यह कार्य यात्रियों एवं रेल संचालन की सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से किया जा रहा है।








दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
संजीव बापट गोंदिया
मो. 9922607145

जग प्रेरणा
गोंदिया भंडारा
तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

# गोंदिया भंडारा विधान परिषद के चुनावी महासंग्राम में आज मैदान में उतरेंगे योद्धा..

## नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन क्या भाजपा को कांग्रेस दे पायेगी चुनौती, तस्वीर होगी साफ..

जगप्रेरणा गोंदिया।

*गोंदिया भंडारा विधान परिषद चुनाव का ऐलान होने के बाद चुनावी नामांकन फॉर्म भरने के अंतिम दिन 31 मई की रात तक आधिकारिक रुप से भाजपा एवं कांग्रेस की ओर से उम्मीदवार के नाम की आधिकारिक घोषणा नहीं की जा सकी, लेकिन राजनीतिक सूत्रों के हवाले से संभावित उम्मीदवारों के नाम पर चर्चाएं जरुर चलती रही, और आखिरकार*

25 मई से शुरु हुई चुनावी नामांकन प्रक्रिया के बाद आज 1 जून को चुनावी नामांकन फॉर्म भरने के अंतिम दिन यह साफ हो जायेगा कि लोकतंत्र के इस चुनावी महासंग्राम में प्रमुख राजनीतिक दलों की ओर से मैदान में आखिर कौन कौन आमने सामने होगा। गौरतलब है कि चुनावी नामांकन फॉर्म के अंतिम दिन के पहले तक अनेक प्रकार के राजनीतिक कयास लगाये जाते रहे। राजनीतिक चर्चाओं में इस बात के भी दावे किये जाते रहे कि भाजपा के पास चुंकी पर्याप्त संख्याबल है, तथा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का साथ भाजपा के लिये सफलता का ठोस आधार भी बनना तय है, ऐसे में कांग्रेस के हाथ इस विधान परिषद चुनाव में कोई सफलता की दूर दूर तक उम्मीद नहीं की जा सकती।

इस लिहाज से कांग्रेस अपना उम्मीदवार सामने लाने की भूल नहीं करेगी, लेकिन दूसरी ओर ऐसे राजनीतिक कयासों के बीच रोमांचक मोड़ तब आ गया कि जब पूर्व सांसद और साकोली के विधायक पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने यह स्पष्ट तौर पर कह दिया कि कांग्रेस किसी भी स्थिति में विधान परिषद का चुनाव निर्विरोध संपन्न नहीं होने देगी, जिसके बाद राजनीति गरमा गई। चर्चाओं और कयासों के साथ ही उम्मीदवारों के नामों को लेकर भी अलग अलग दावे पेश किये जाते रहे, तथा भाजपा राष्ट्रवादी शिवसेना गठबंधन में महायुति की ओर से पूर्व सांसद सुनिल मेंढे, अविनाश ब्राह्मणकर, वीरेन्द्र (बालाभाऊ) अंजनकर, नागपुर के कुकरेजा संहित अनेक नामों को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म रहा, लेकिन 31 मई की रात में 8 बजे तक समाचार लिखे जाने तक महायुति की ओर से भी किसी नाम की आधिकारिक सूची जारी नहीं की गई।

जिसका परिणाम है कि चुनावी नामांकन फॉर्म भरने के अंतिम दौर तक शह और मात को पुख्ता करने के लिये चुनावी नामांकन फॉर्म भरने तक उम्मीदवार के नाम को लेकर सस्पेंस बनाये रखने का प्रयास किया जा रहा है।



## कांग्रेस उम्मीदवार के रुप में प्रफुल अग्रवाल भरेंगे नामांकन..


**गौरतलब है कि कांग्रेस संगठन की ओर से पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले के नेतृत्व में तथा सांसद प्रशांत पडोले, पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल, पूर्व विधायक दिलीप बंसोड़ संहित क्षेत्र के अनेक दिग्गज कांग्रेस नेताओं की उपस्थिति में आज 01 जून को प्रफुल गोपालदास अग्रवाल अपना नामांकन फॉर्म जमा करेंगे, ऐसे दावे राजनीतिक सूत्रों की ओर से किये जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार कांग्रेस उम्मीदवार एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेतागण सांसद प्रशांत पडोले के भंडारा कार्यालय में सुबह 10.30 बजे पहुंचेंगे, तथा वहां से सभी एकजुट होकर भंडारा निर्वाचन कार्यालय पहुंचेंगे और नामांकन फॉर्म जमा करेंगे।**

## महायुति से अविनाश ब्राह्मणकर की संभावना..



गौरतलब है कि गोंदिया भंडारा विधान परिषद में भाजपा और राष्ट्रवादी कांग्रेस की ओर से राजनीतिक सूत्रों के द्वारा अविनाश ब्राह्मणकर के नाम पर सहमति बनने के दावे किये जा रहे हैं। राजनीतिक चर्चाओं और दावों के अनुसार इस विधान परिषद चुनाव के माध्यम से महायुति की जीत सुनिश्चित करने के साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस नेता नाना पटोले को सशक्त चुनौती देने की तैयारियां भी की जा रही है, तथा चंद वोटों से गत विधान सभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार के रुप में हारे अविनाश ब्राह्मणकर विधान परिषद में पहुंचेंगे तो इससे उनके वर्चस्व का आधार मजबूत होगा, जिसका लाभ आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिल सकेगा, तथा नाना पटोले को चुनाव हराकर घर बिठाने से भाजपा का कांग्रेस मुक्त गोंदिया भंडारा जिले का आधार भी मजबूत होगा, इस मंशा के साथ अविनाश ब्राह्मणकर के उम्मीदवार होने की संभावनाओं को बल दिया जा रहा है, लेकिन क्या वास्तव में ऐसी ही भाजपा की कोई मंशा है यह तो आज नामांकन फॉर्म भरने की प्रक्रिया संपन्न होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

## विधान परिषद चुनाव में सांसद प्रफुल पटेल और नाना पटोले होंगे एक बार फिर आमने सामने..






गौरतलब है कि आज की राजनीति में गोंदिया भंडारा जिले के नेता सांसद प्रफुल पटेल का भले ही कोई धुर राजनीतिक विरोधी ना रहा हो, तथा सामान्य तौर पर सभी राजनीतिक दलों से भी सांसद प्रफुल पटेल ने व्यवहारिक संबंधों को बनाये रखा हो, परंतु गोंदिया भंडारा जिले में सांसद प्रफुल पटेल की राजनीति को चुनौती देते हुए उनके स्थान पर स्वयं को स्थापित करने की चाहत हमेशा पूर्व सांसद और कांग्रेस नेता नाना पटोले में विद्यमान दिखाई देती रही है। 2014 के लोकसभा चुनाव में नरेन्द्र मोदी की लहर में जब नाना पटोले भाजपा उम्मीदवार थे, तब सांसद प्रफुल पटेल को चुनाव हराने में भी पटोले कामयाब रहे, लेकिन सांसद प्रफुल पटेल जैसा राष्ट्रीय कद और प्रभाव नाना पटोले नहीं जमा सके, जबकि वहीं भाजपा छोड़कर कांग्रेस में नाना पटोले ने वापसी की, और एक समय महाविकास आघाड़ी में नाना पटोले और प्रफुल पटेल के बीच राजनीतिक शह और मात का खेल चलता रहा।

राजनीतिक वर्चस्व की लड़ाई में नाना पटोले ने भी ऐसा कोई अवसर नहीं छोड़ा कि जब प्रफुल पटेल के राजनीतिक वर्चस्व को ध्वस्त करने नाना ने कोई कमी की, जिसका परिणाम है कि प्रफुल पटेल भी अब नाना पटोले के राजनीतिक वर्चस्व को शिकस्त देने का कोई अवसर नहीं छोड़ना चाहते। जिले की राजनीति में माना जा रहा है कि अबकी बार इस विधान परिषद चुनाव में भले ही उम्मीदवार नाना पटोले और प्रफुल पटेल नहीं होंगे, लेकिन अप्रत्यक्ष रुप से इस चुनाव को जीतकर एक दूसरे को कमजोर साबित करने का प्रयास दोनों ही नेताओं के बीच जरुर होगा।

माना जा रहा है कि अबकी बार यह विधान परिषद बहुत ही दिलचस्प और रोमांचक हो चला है, जिसमें नाना पटोले के लिये कांग्रेस उम्मीदवार को विधान परिषद चुनाव की जीत का मार्ग प्रशस्त करना आसान नहीं होगा, जबकि वहीं महायुति के उम्मीदवार यदि अविनाश ब्राह्मणकर हुए, और वे विधान परिषद चुनाव जीते, तो इसे एक तरह से नाना पटोले के आगामी दिनों में हार की जमीनी शुरुआत ही माना जायेगा, तथा अविनाश ब्राह्मणकर के स्थापित होने से जहां कुनबी समाज को एक और नया नेता भी मिल जायेगा, और महायुति को भी एक उपयुक्त चेहरा।

# महायुति उम्मीदवार के साथ सांसद प्रफुल पटेल भी पहुंचेंगे भंडारा निर्वाचन कार्यालय..

## 2 जून को गोंदिया में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं से करेंगे विधान परिषद चुनाव को लेकर सांसद प्रफुल पटेल करेंगे गहन चर्चा..



जगप्रेरणा गोंदिया।

*गोंदिया भंडारा जिले के नेता सांसद प्रफुल पटेल आज 01 जून और कल 02 जून को दो दिवसीय दौरा कार्यक्रम के तहत गोंदिया भंडारा जिले में उपस्थित रहेंगे। सांसद श्री पटेल के कार्यक्रमों के*

संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार सांसद श्री पटेल आज 01 जून को गोंदिया भंडारा विधान परिषद चुनाव के संदर्भ में भाजपा राष्ट्रवादी शिवसेना के संयुक्त महायुति उम्मीवार के चुनावी नामांकन फॉर्म भरने के दौरान कलेक्टर एवं निर्वाचन कार्यालय भंडारा में सुबह 11 बजे उपस्थित रहेंगे। सांसद प्रफुल पटेल की प्रमुख उपस्थिति में महायुति उम्मीवार द्वारा नामांकन फॉर्म भरा जायेगा, जबकि वहीं सांसद श्री पटेल 02 जून 2026 को सुबह 11 बजे गोंदिया के रामनगर स्थित बंगले पर उपस्थित रहेंगे तथा पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर विधान परिषद चुनाव के संदर्भ में चर्चा करेंगे।

## राष्ट्रवादी कांग्रेस कार्यकर्ता भी होंगे नामांकन जमा करने के दौरान उपस्थित..

**गौरतलब है कि जब महायुति उम्मीदवार अपना नामांकन फॉर्म जमा करेंगे, तब राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की ओर से सभी प्रमुख पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से उपस्थित रहने निर्देशित किया गया है। जानकारी के अनुसार गोंदिया एवं भंडारा दोनों जिलों के महायुति कार्यकर्ता अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहेंगे।**

# एसआईआर में एक भी पात्र व्यक्ति छूटने न पाए और अपात्र मतदाता सूची में न रहें.. - दीपक कदम



जगप्रेरणा गोंदिया।

*हाल ही में महाराष्ट्र में मतदाता सूची का सुक्ष्म निरीक्षण का कार्य शुरु किया गया है। इस कार्य के लिए बीएलओ के साथ सभी राजनीतिक पार्टी के बूथ लेवल एजेंट भी सहकार्य कर रहे है। इस विषय पर*

भाजपा नेता और गोंदिया विधानसभा एसआईआर प्रमुख दीपक कदम ने कहा है कि एक भी पात्र व्यक्ति का नाम कम नहीं होना चाहिये, लेकिन मतदाताओं का नाम मैपिंग भी हो रहा है इसमें मतदाता वहां पर व्यक्तिगत रूप से नहीं मिल पाया तो उसका नाम अपात्र कर यादि से कम किया जाना चाहिए। इसमें कर्मचारीयों के द्वारा तटस्थ रूप से कार्य करने की जरूरत है यह बात दीपक कदम ने कही।

दीपक कदम ने आगे कहा कि प्रत्येक घर को नंबर दिए जा रहे हैं और प्रपत्र बनाकर मतदाता को देकर सही भी लेना है। यह प्रक्रिया पारदर्शी रूप से होने वाली है इसीलिए बूथ लेवल एजेंट सतर्क होकर इस मतदाता सूची का सुक्ष्म निरक्षण में मदत करें, ताकि मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम सफल हो सके।

# समाचार पत्र विक्रेता राजेश चौरसिया की माताजी शीलाबाई चौरसिया का दुखद निधन..

## आज निकलेगी अंतिम यात्रा..



जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया शहर व जिले के प्रसिद्ध समाचार विक्रेता एवं जयस्तंभ चौक बस स्टैंड के समीप कशिश पान दुकान के संचालक तथा सावराटोली के निवासी राजेश चौरसिया (मुन्ना भैया) की माताजी श्रीमती शीलाबाई धन्नुलाल चौरसिया का आज 31 मई को 85 वर्ष की उम्र में दुखद निधन हो गया। स्व. श्रीमती शीलाबाई चौरसिया अपने पीछे एक पुत्र व तीन पुत्रियों संहित भरा पूरा परिवार छोड़ गई है। स्व. शीलाबाई चौरसिया के पार्थिव देह की अंतिम यात्रा आज 01 जून 2026 को सावराटोली स्थित निज निवास से सुबह 11:00 बजे निकलेगी।










SONOGRAPHY
X-RAY
CT SCAN
MRI CENTER
SONO VIEW
DR. GHANSHYAM M. TURKAR
M.B.B.S., M.D., D.N.B., M.N.A.M.S.
Diplomate of National Board
Radiologist, Sonologist & Imagiologist
DR. PADMINI TURKAR
M.B.B.S., D.C.H.
बालरोग एवं नवजात शिशु विशेषज्ञ
FACILITIES AVAILABLE
SONOGRAPHY
■ Color Doppler ■ Power Doppler Imaging
■ B-flow Imaging ■ Tissue Harmonic Imaging
■ Transrectric & TV Sonography
■ Pediatric Sonography ■ Orbital Sonography
■ Breast, Thyroid, Scrotal Sonography
■ Neonatologist Neurosonogram
■ 2 D Echo Cardiography ■ Foetal Echo
■ Whole Body Ct Scan ■ Digital X-ray Digital Radiography System ■ M.R.I.
DIGITAL X-RAY
● 2D, 3D/4D High Resolution Sonography
● 2D Echo
● Colour Doppler
● Siemens Germany Multislice/Spiral High Resolution CT Scan
● M.R.I.
राष्ट्रीय क्षयरोग दुरीकरण कार्यक्रम अंतर्गत मुफ्त सोनोग्राफी, एक्स रे, सी.टी. स्कैन व एम.आर.आई. क्लिनिक
तुरकर SONOGRAPHY, X-RAY, C.T. SCAN, M.R.I. क्लिनिक
सिव्हिल लाईन, गोंदिया फोन - 07182- 231149, 234198, 236391
E-mail : sonoview@gmail.com SONOGRAPHY C.T./M.R.I.


TYRE WORLD
(अपोलो टायर्स के अधिकृत विक्रेता)
★ टायर ★ अलाईनमेन्ट
★ बैलेंसिंग ★ नाइट्रोजन
हिंदुस्थान ऑटोमोबाईल के पास, रामनगर, गोंदिया
79991 54494, 98233 95921

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com